RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 10 अंक 279
नई दिल्ली, शनिवार, 20 अगस्त, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



झूलन की वनडे टीम में वापसी
स्पोर्ट्स-12

# मनीष सिसोदिया के घर सीबीआई छापा

● दिल्ली की नई शराब नीति में भ्रष्टाचार का आरोप उपमुख्यमंत्री समेत 15 लोगों पर हुई एफआईआर

● केंद्रीय जांच एजेंसी ने नीति बनाने व क्रियान्वयन से जुड़े रहे अधिकारियों लाइसेंस धारकों के देशभर में 31 ठिकाने खंगाले

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**दिल्ली** की नई आबकारी नीति बनाने और शराब लाइसेंसधारियों को लाभ पहुंचाने के लिए उसके कार्यान्वयन में कथित अनियमितताओं को लेकर सीबीआई ने शुक्रवार को उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया के दिल्ली स्थित आवास समेत गुरुग्राम, चंडीगढ़, मुंबई, हैदराबाद, लखनऊ तथा बेंगलुरु स्थित 31 अन्य स्थानों पर छापे मारे। दिल्ली सरकार का आबकारी विभाग सिसोदिया ही संभाल रहे हैं।

बीते साल नवंबर में लाई गई आबकारी नीति 2021-22 के निर्धारण और कार्यान्वयन में कथित भ्रष्टाचार को लेकर केंद्रीय जांच एजेंसी ने सिसोदिया के खिलाफ बीते गुरुवार को ही एफआईआर दर्ज की थी। इस प्राथमिकी के अनुसार, शराब व्यापारी समीर महेंद्रू ने सिसोदिया के सहयोगियों को 5 करोड़ रुपये का भुगतान किया। एफआईआर में सिसोदिया को मुख्य आरोपी बनाया गया है। उनके अलावा 15 और लोगों के नाम दर्ज हैं। सीबीआई ने केंद्रीय गृह मंत्रालय की सिफारिश पर सिसोदिया के अलावा तत्कालीन आयुक्त (आबकारी) अर्वा गोपी कृष्णा, तत्कालीन उपायुक्त (आबकारी) आनंद तिवारी, तत्कालीन सहायक आयुक्त (आबकारी) पंकज भटनागर और 10 शराब लाइसेंसधारियों, उनके सहयोगियों और अज्ञात अन्य लोगों के खिलाफ भी मामला दर्ज किया है। शुक्रवार को दिनभर सीबीआई ने कृष्णा, तिवारी, भटनागर और अन्य आरोपियों के परिसरों की भी तलाशी ली। सीबीआई ने एक बयान में कहा कि अब तक की तलाशी में उसे आपत्तिजनक दस्तावेज/लेख और डिजिटल रिकॉर्ड मिले हैं।

आरोपियों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धाराओं के तहत आपराधिक साजिश और खाते में हेराफेरी के अलावा अनुचित लाभ से संबंधित भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के प्रावधान के तहत मामला दर्ज किया गया है। सीबीआई ने अपने बयान में कहा कि यह आरोप लगाया गया कि आबकारी नीति में संशोधन, लाइसेंसधारियों को अनुचित लाभ देने, लाइसेंस शुल्क में छूट अथवा कमी करने, बिना मंजूरी के एल-1 लाइसेंस के विस्तार आदि में अनियमितताएं की गई हैं। इसमें यह भी आरोप लगाया गया कि इन अनियमितताओं के बदले संबंधित लोक सेवकों को अवैध लाभ दिए गए और उनके खातों की पुस्तकों में झूठी प्रविष्टियां दर्ज गई थीं। एफआईआर के मुताबिक सिसोदिया और आबकारी (शेष पेज 8)

## ऊपर से आए आदेश पर हुई कार्रवाई: केजरीवाल

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

● कहा-सिसोदिया देश के बेहतरीन शिक्षा मंत्री, अमेरिका के सबसे बड़े अखबार ने दिल्ली के शिक्षा मॉडल को सराहा

● उसी दिन सीबीआई ने किया रेड

**दिल्ली** के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शुक्रवार को कहा कि आजाद भारत के बेहतरीन शिक्षा मंत्री मनीष सिसोदिया के खिलाफ केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की छापेमारी ऊपर से आए हमें परेशान करने के आदेश पर हुई।

उन्होंने कहा कि छापेमारी की यह कार्रवाई उनके भारत को नंबर एक देश बनाने के अभियान में केवल एक बाधा भर है, लेकिन उन्हें रोका नहीं जा सकेगा। केजरीवाल ने न्यूयॉर्क टाइम्स के पहले पन्ने पर प्रकाशित सिसोदिया से जुड़े एक समाचार को ट्विटर पर साझा किया है। केजरीवाल ने कहा कि अमेरिका के सबसे बड़े अंग्रेजी अखबार में दिल्ली के शिक्षा मॉडल की प्रशंसा से जुड़ा लेख प्रकाशित होने के दिन ही सीबीआई की छापेमारी सामने आई।

केजरीवाल ने आरोप लगाया कि केंद्रीय एजेंसी को आम आदमी पार्टी के नेताओं को परेशान करने के लिए ऊपर से आदेश मिले हैं और घबराने की जरूरत नहीं है, लेकिन उन्होंने जोर देकर कहा कि संसार उनके साथ है। केजरीवाल ने ट्वीट किया, दिल्ली ने (शेष पेज 8)

## आप ने किया सैकड़ों करोड़ का शराब घोटाला: भाजपा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

● दिल्ली के एक्साइज मंत्री अब बन गए हैं एक्सक्यूज मंत्री: अनुराग ठाकुर

● सांसद प्रवेश वर्मा, मनोज तिवारी, गौतम गंभीर प्रदेश अध्यक्ष गुप्ता ने भी बोला हमला

**दिल्ली** के उपमुख्यमंत्री एवं शिक्षा, आबकारी जैसे महत्वपूर्ण विभाग संभाल रहे मनीष सिसोदिया के घर सीबीआई की छापेमारी के बाद भारतीय जनता पार्टी ने आप सरकार पर तगड़ा हमला बोला और कहा कि आप सरकार ने सैकड़ों करोड़ रुपये का शराब घोटाला किया है।

उपमुख्यमंत्री को घेरने के लिए जहां राजधानी के भाजपा सांसदों मनोज तिवारी, प्रवेश वर्मा, गौतम गंभीर और पार्टी की राज्य इकाई के अध्यक्ष आदेश गुप्ता ने मोर्चा संभाला तो केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने सिसोदिया को सीधा निशाने पर लेते हुए कहा कि दिल्ली के एक्साइज (आबकारी) मंत्री एक्सक्यूज (बहाना बनाने वाले) मंत्री बन गए हैं। सीबीआई ने शुक्रवार को आबकारी घोटाले के संबंध में सिसोदिया के परिसरों पर छापा मारा। इसके बाद (शेष पेज 8)

## तीन साल में 7 करोड़ ग्रामीण परिवारों को मिला स्वच्छ पानी: प्रधानमंत्री

● गोवा बना हर घर नल से जल पहुंचाने वाला देश का पहला राज्य


**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि केंद्र सरकार ने सिर्फ तीन वर्षों में सात करोड़ ग्रामीण परिवारों को पाइप से पेयजल की सुविधा से जोड़कर स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराया गया है, जबकि इससे पहले सात दशक में सिर्फ 3 करोड़ ग्रामीण परिवारों को ही यह सुविधा मिली थी। प्रधानमंत्री ने कहा कि अमृत काल की इससे बेहतर शुरुआत नहीं हो सकती।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को गोवा के पणजी में जल जीवन मिशन के तहत 'हर घर जल उत्सव' को वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से संबोधित करते हुए कहा कि भारत अमृतकाल के 25 वर्षों के लिए तीन प्रमुख उपलब्धियों पर काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि आज देश के के 10 करोड़ ग्रामीण परिवारों को पाइप से स्वच्छ पेयजल की सुविधा से जोड़ा गया है। हर घर में पानी पहुंचाने के सरकार के अभियान की बड़ी कामयाबी है और यह 'सबका प्रयास' का बेहतरीन उदाहरण भी है। जल जीवन मिशन के तहत हर घर नल से जल पहुंचाने वाला गोवा देश का पहला राज्य बना है। प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि उनकी सरकार देश बनाने के प्रयासों के तहत वर्तमान और भविष्य की चुनौतियों का लगातार समाधान कर रही है। परोक्ष रूप से कांग्रेस पर निशाना साधते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि जिन्हें देश की परवाह नहीं होती, उन्हें देश के वर्तमान या भविष्य से कोई फर्क नहीं पड़ता है। उन्होंने कहा कि ऐसे लोग पानी के लिए बड़ी-बड़ी बातें जरूर कर सकते हैं लेकिन कभी पानी के लिए एक बड़े दृष्टिकोण के साथ काम नहीं कर सकते।

जल सुरक्षा को 21वीं सदी की सबसे बड़ी चुनौती करार देते हुए प्रधानमंत्री ने चिंता जताई कि पानी का अभाव, विकसित भारत के संकल्प की राह में बहुत बड़ा अवरोध बन सकता है इसलिए इससे निपटने के लिए सेवा व कर्तव्य भाव से चौबीसों घंटे काम करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार बीते आठ वर्षों से इसी भावना के साथ जल सुरक्षा के कार्यों को पूरा करने में जुटी है। यह सही है कि सरकार बनाने के लिए उतनी मेहनत नहीं करनी पड़ती, लेकिन देश बनाने के लिए कड़ी मेहनत करनी (शेष पेज 8)



उत्तर प्रदेश के वृंदावन में श्री बांके बिहारी मंदिर में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर दर्शन-पूजन के लिए उमड़े श्रद्धालु

## भारत-बांग्लादेश सीमा पर मुठभेड़, बीएसएफ जवान की मौत

**भाषा।** अगरतला

**उत्तरी** त्रिपुरा के कंचनपुर अनुमंडल में भारत-बांग्लादेश सीमा पर एनएलएफटी (नेशनल लिबरेशन फ्रंट ऑफ त्रिपुरा) के संदिग्ध उग्रवादियों के साथ हुई भीषण मुठभेड़ में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के एक जवान की मौत हो गई। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मुठभेड़ में बीएसएफ की 145वीं बटालियन के गिरिजेश कुमार उदय घायल हो गए। उन्हें इलाज के लिए विमान से अगरतला ले जाया गया जहां उन्होंने दम तोड़ दिया। अधिकारियों के मुताबिक, बीएसएफ की एक टीम कंचनपुर अनुमंडल के सीमा-2 चौकी इलाके में एक अभियान पर थी, तभी बांग्लादेश की तरफ से गोलीबारी शुरू हो गई। पुलिस अधीक्षक (एसपी) किरण कुमार ने पीटीआई-भाषा को बताया, भारी हथियारों से लैस उग्रवादियों के (शेष पेज 8)

## कनाडा के उच्चायुक्त ने की योगी सरकार की सराहना

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से आज यहां उनके सरकारी आवास पर भारत में कनाडा के उच्चायुक्त कैमरॉन मैके ने शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान दोनों देशों के बीच मजबूत सांस्कृतिक, वाणिज्यिक और रणनीतिक सम्बन्धों पर चर्चा के साथ-साथ भारत और कनाडा, विशेषकर कनाडा और उत्तर प्रदेश के मध्य सम्बन्धों को प्रगाढ़ करने के विषय में विचार-विमर्श किया गया। उत्तर प्रदेश आगमन पर कनाडा के उच्चायुक्त का अभिनन्दन करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि 25 करोड़ जनसंख्या वाला उत्तर प्रदेश भारत में सबसे बड़ी आबादी का प्रदेश है। यह भारत का हृदय स्थल है। यह भारत की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक परम्पराओं का स्रोत है। यहां की उर्वर भूमि इस प्रदेश की समृद्धि का मूलाधार है। प्रदेश में असीम सम्भावनाएं हैं। हम भारत में खाद्यान्न उत्पादन में प्रथम स्थान पर हैं। शुगर (शेष पेज 8)

## न्यूयॉर्क में मंदिर के बाहर लगी गांधी की प्रतिमा तोड़ी

**भाषा।** न्यूयॉर्क

**घृणा** अपराध के संभावित मामले में अज्ञात व्यक्तियों ने इस महीने की शुरुआत में यहां एक मंदिर में महात्मा गांधी की प्रतिमा को हथौड़े से तोड़कर क्षतिग्रस्त कर दिया। मीडिया की खबरों में शुक्रवार को यह कहा गया। सीबीएसन्यूज डॉट कॉम के अनुसार, सर्विलांस वीडियो में दिखा है कि एक व्यक्ति मंगलवार को गांधी की प्रतिमा पर हथौड़े से वार कर उसका सिर तोड़कर गिरा देता है। कुछ मिनट बाद, छह लोगों का एक समूह बारी बारी से प्रतिमा को हथौड़े से मारकर गिरा देता है।

साउथ रिचमंड हिल स्थित श्री तुलसी मंदिर के संस्थापक लखराम महाराज के हवाले से कहा गया, उन्हें (हमलावरों को) इस तरह हमारे पीछे आते देखना बहुत दुखद है। महाराज को बुधवार को सुबह जब घटना का पता चला तब तक गांधी की प्रतिमा मलबे में बदल गई थी। मंदिर के सामने और कुछ अन्य जगहों पर स्प्रे पेंट से कुत्ते भी लिखा गया था। जांच अधिकारियों ने बताया कि दो हफ्ते पहले गांधी की वही प्रतिमा तोड़ी गई थी। एसेंबली सदस्य जेनिफर राजकुमार ने खबर में कहा, गांधी की प्रतिमा को तोड़ा जाना, वास्तव में हमारी सभी मान्यताओं के खिलाफ है और यह समुदाय के लिए बहुत परेशान करने वाली हरकत है। खबरों में कहा गया है कि न्यूयॉर्क पुलिस विभाग संभावित घृणा अपराधों के रूप में दोनों घटनाओं की जांच कर रहा है।

महाराज ने कहा कि समुदाय के कई लोग अब मंदिर जाने से डर रहे हैं। खबर में महाराज के हवाले से कहा गया, मैं मंदिर आने वाले लोगों के समक्ष यह नहीं जता सकता कि मैं चिंतित हूं क्योंकि अगर उनके सामने मैं चिंता जताऊं तो वे कैसे मजबूत होंगे? खबर में कहा गया है कि मंदिर के अधिकारी गांधी की प्रतिमा के बदले दूसरी प्रतिमा भी नहीं लगा सकते क्योंकि यह हस्तनिर्मित थी और इसकी कीमत लगभग 4,000 अमेरिकी डॉलर थी। महाराज ने कहा, मैं बस यह जानना चाहता हूं कि उन्होंने ऐसा (शेष पेज 8)

### भारतीय दूतावास ने की निंदा

**भाषा।** न्यूयार्क

**भारत** के वाणिज्य दूतावास ने यहां एक हिंदू मंदिर के बाहर महात्मा गांधी की प्रतिमा तोड़े जाने की शुक्रवार को निंदा की। भारतीय वाणिज्य दूतावास ने यह विषय अमेरिकी अधिकारियों के समक्ष भी उठाया है ताकि इस कृत्य के लिए जिम्मेदार लोगों को जवाबदेह ठहराया जा सके। संभवत: एक घृणा अपराध के तहत, इस महीने की शुरूआत में क्वींस स्थित हिंदू मंदिर के बाहर महात्मा गांधी की एक प्रतिमा को क्षतिग्रस्त किए जाने के बाद अज्ञात लोगों ने एक हथौड़े से उसे तोड़ दिया है। वाणिज्य दूतावास ने एक बयान में कहा, क्वींस, न्यूयार्क में एक मंदिर के बाहर महात्मा गांधी की प्रतिमा तोड़े जाने की यह सख्त निंदा करता है। हमने अमेरिकी अधिकारियों के समक्ष यह विषय उठाया है और गहन जांच की मांग की है ताकि इस तरह के घिनौने कृत्य के जिम्मेदार लोगों को जवाबदेह ठहराया जा सके।

## केंद्रीय गृह सचिव अजय भल्ला को सेवा विस्तार

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह सचिव अजय कुमार भल्ला को शुक्रवार को 22 अगस्त 2023 तक के लिए एक साल का सेवा विस्तार दिया गया। कार्मिक मंत्रालय के जारी एक आदेश में यह कहा गया है। इस पद पर उन्हें तीसरी बार सेवा विस्तार दिया गया है। भल्ला, भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के 1984 बैच के असम-मेघालय कैडर के अधिकारी हैं। उन्हें अगस्त 2019 में केंद्रीय गृह सचिव नियुक्त किया गया था। वह 60 वर्ष की आयु के होने पर नवंबर 2020 में सेवानिवृत्त होने वाले थे। पहली बार उन्हें 17 अक्टूबर 2020 से 22 अगस्त 2021 तक के लिए सेवा विस्तार दिया गया था। पिछले साल 12 अगस्त को भल्ला का कार्यकाल और एक साल के लिए बढ़ा दिया गया जो सोमवार को समाप्त होने वाला था। मंत्रालय के आदेश के अनुसार, मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने भल्ला को गृह सचिव के तौर पर केंद्रीय गृह मंत्रालय में 22 अगस्त, 2022 के आगे 22 अगस्त 2023 तक एक साल की अवधि के लिए सेवा विस्तार की मंजूरी दी है।

## बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 59,646 | ↓ 651 | |
| निफ्टी | 17,758 | ↓ 198 | |
| सोना | 51,995 | ↓ 389 | /10g |
| चांदी | 56,247 | ↓ 1607 | /kg |

## क्विक न्यूज

### मंकीपॉक्स का पता लगाने के लिए पहला स्वदेशी किट पेश किया गया

**विशाखापत्तनम।** मंकीपॉक्स की जांच करने के लिए पहला स्वदेशी निर्मित आरटी पीसीआर किट आंध्र प्रदेश के मेडटेक जोन में शुक्रवार को पेश किया गया। ट्रांस एशिया बायो मेडिकल्स द्वारा विकसित इस किट का अनावरण, केंद्र सरकार के प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार अजय कुमार सूद ने किया। ट्रांस एशिया एरबा मंकीपॉक्स आरटी पीसीआर किट बेहद संवेदनशील किंतु इस्तेमाल में आसान है। ट्रांस एशिया के संस्थापक अध्यक्ष सुरेश वजीरानी ने कहा कि इस किट की सहायता से संक्रमण का जल्दी पता लगाया जा सकेगा। देश में मंकीपॉक्स को लेकर एहतियाती कदम उठाए गए हैं और गाइडलाइन जारी की गई है।

## अमेठी में दो करोड़ की स्मैक के साथ एक तस्कर गिरफ्तार

**संवाददाता।** अमेठी

**उत्तर** प्रदेश के अमेठी जिले के थाना जगदीशपुर पुलिस एवं स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) की साझा टीम ने शुक्रवार को एक तस्कर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 750 ग्राम स्मैक बरामद की, जिसकी कीमत अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में दो करोड़ रुपए आंकी गई है। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अमेठी के अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी) विनोद कुमार पांडेय ने बताया कि स्मैक तस्कर अभिषेक तिवारी को जामो तिराहे के पास से गिरफ्तार किया गया और उसके पास से 750 ग्राम स्मैक बरामद हुई है। उन्होंने बताया कि दूसरा शातिर स्मैक तस्कर हम्माद मौके से फरार हो गया। पांडेय ने बताया कि अन्तर्राष्ट्रीय बाजार के हिसाब से बरामद स्मैक की कीमत दो करोड़ रुपए आंकी (शेष पेज 8)

## बॉडी बिल्डर बॉबी कटारिया के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी

**भाषा।** देहरादून

**देहरादून** की एक स्थानीय अदालत ने बॉडी बिल्डर और इंस्टाग्राम इनफ्लुएंसर बॉबी कटारिया के खिलाफ सड़क के बीचोंबीच कुर्सी डालकर सरेआम शराब का सेवन करने के आरोप में गैर जमानती वारंट (एनबीडब्लू) जारी किया है। कैंट पुलिस थाना के निरीक्षक राजेश सिंह रावत ने बताया, हमें कटारिया के खिलाफ एनबीडब्लू मिल गया है और उसे गिरफ्तार करने के लिए एक टीम हरियाणा भेजी जा रही है।

हाल में कटारिया का एक वीडियो प्रसारित हुआ था जिसमें वह सड़क के बीच में कुर्सी डालकर शराब पीते दिखाई दे रहे हैं। जांच में पता चला कि यह वीडियो देहरादून-मसूरी मार्ग का है जिसके बाद पुलिस ने कटारिया के खिलाफ भारतीय दंड विधान की धारा 290 (सार्वजनिक उपद्रव करने), 510 (सार्वजनिक स्थान पर शराब का सेवन करने), 336 (इंसानी जिंदगी या दूसरों की निजी सुरक्षा को खतरे में डालने) और 342 (किसी व्यक्ति को गलत ढंग से रोकना) तथा सूचना प्रोद्यौगिकी अधिनियम की धारा 67 के तहत मुकदमा दर्ज किया। मुकदमा दर्ज करने के बाद पुलिस ने कटारिया को तीन नोटिस भेजे।

पुलिस अधिकारी ने कहा कि उन्होंने एक का भी जवाब नहीं दिया जिसके बाद उनके खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी करवाना पड़ा। हरियाणा के रहने वाले कटारिया ने यह वीडियो अपने इंस्टाग्राम पर पिछले सप्ताह पोस्ट किया था, जिसके बैकग्राउंड में रोड्स अपने बाप की के बोल वाला एक गाना भी बजता सुनाई दे रहा था। कटारिया अपने एक पुराने वीडियो को लेकर भी मुसीबत में फंसे हुए हैं (शेष पेज 8)

## पिच ब्लैक के जरिए भारत करेगा शक्ति प्रदर्शन

● ऑस्ट्रेलिया में शुरू हुआ हवाई सैन्य अभ्यास 17 देशों के ढाई हजार सैनिक व 100 लड़ाकू विमान ले रहे भाग

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**भारतीय** वायु सेना ऑस्ट्रेलिया में 19 अगस्त से शुरू हो रही प्रतिष्ठित पिच ब्लैक हवाई अभ्यास में हिस्सा लेगी। तीन सप्ताह तक चलने वाले इस कार्यक्रम में 17 देशों के 2,500 से अधिक सैन्यकर्मी और 100 विमान अभ्यास करेंगे। इससे पहले भारत इस द्विवार्षिक कार्यक्रम में वहां 2018 में शामिल हुआ था।

भारतीय वायुसेना के अधिकारियों ने कार्यक्रम का ब्योरा देते हुए शुक्रवार को नई दिल्ली में बताया कि डार्विन में 19 अगस्त से 8 सितंबर तक चलने वाले अभ्यास में हिस्सा लेने के लिए भारतीय वायुसेना का दल ऑस्ट्रेलिया पहुंच चुका है। पिच ब्लैक लार्ज फोर्स एम्प्लॉयमेंट वारफेयर पर केंद्रित होगा। ग्रुप कैप्टन वाईपीएस नेगी के नेतृत्व में भारतीय वायुसेना की टुकड़ी में 100 से अधिक लड़ाकू विमान शामिल हैं, जिनमें चार सुखोई-30 एमकेआई लड़ाकू और दो सी-17 विमान भी है। वे जटिल वातावरण परिस्थितियों में हर तरह का हवाई युद्ध अभ्यास करेंगे। भारतीय जवान इस कार्यक्रम में भाग लेने वाली अन्य देशों की वायुसेना के जवानों के साथ सर्वोत्तम सैन्य प्रथाओं का आदान-प्रदान करेंगे। ऑस्ट्रेलिया चार साल बाद इस अभ्यास की मेजबानी कर रहा है। कोरोना महामारी के कारण 2020 में इस कार्यक्रम को रद्द कर दिया गया था। इस बार अभ्यास में ऑस्ट्रेलिया व भारत के अलावा कनाडा, फ्रांस, जर्मनी, इंडोनेशिया, जापान, मलेशिया, नीदरलैंड, न्यूजीलैंड, फिलीपींस, दक्षिण कोरिया, सिंगापुर, थाईलैंड, यूएई, यूके और अमेरिका भी हिस्सा ले रहे हैं।

ऑस्ट्रेलियाई रक्षा मंत्रालय ने हाल ही में कहा था कि इस साल का सैन्य अभ्यास उत्तरी क्षेत्र में आयोजित किया जाएगा। मंत्रालय ने कहा कि वैश्विक महामारी के कारण चार साल के अंतराल पर आयोजित हो रहे इस अभ्यास से ऑस्ट्रेलिया व अन्य संबंधित देशों के बीच एक-दूसरे की सैन्य क्षमता बढ़ाने और सामरिक संबंधों को मजबूत करने में मदद मिलेगी। वायुसेना ने कहा कि इस बार भी यह कार्यक्रम युद्ध की स्थिति में काम आने वाले ज्ञान और अनुभव के आदान-प्रदान का अनूठा अवसर प्रदान करेगा। वर्ष 2018 में पहली बार आयोजित कार्यक्रम में भारतीय वायुसेना ने लड़ाकू विमान तैनात किए थे। उस साल 145 जवान, चार सुखोई-30 (शेष पेज 8)

# दो बच्चियों का अपहरण, एक की हत्या, दुष्कर्म की आशंका

**● आईसक्रीम खिलाने के बहाने जंगल ले गया था आरोपी, गिरफ्तार**

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

गाजियाबाद के मोदीनगर इलाके में गुरुवार को अपहरण के बाद 9 साल की बच्ची की गला दबाकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने आरोपी कपिल कश्यप को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने घर के बाहर खेल रहीं दो मासूम बच्चियों को अगवा किया था। इसमें एक बच्ची रात में ही गन्ने के खेत में जिंदा मिली थी। दूसरी बच्ची का शव शुक्रवार सुबह पांच बजे दूसरे खेत से बरामद हुआ। कपड़े अस्त-व्यस्त थे और चोटों के निशान हैं। आशंका है कि रेप के बाद बच्ची को मारा गया है।

तनाव को देखते हुए पुलिस तैनात कर दी गई है। दोनों बच्चियां पड़ोसी हैं। घटना मोदीनगर थाना क्षेत्र की है। 5 और 9 साल की दो बच्चियां घर के बाहर गुरुवार शाम 6 बजे खेल रही थीं। दोनों बच्चियों के घर एक-दूसरे से कुछ ही दूरी पर हैं। उसी दौरान रोरी गांव का कपिल कश्यप वहां साइकिल से आया और दोनों को आइसक्रीम खिलाने के बहाने जंगल ले गया। रात 8 बजे तक जब दोनों बच्चियां घर नहीं लौटीं तो परिजनों ने खोजबीन शुरू की। मुनीराज जी, देहात ईरज राजा चार थानों की फोर्स लेकर रोरी गांव में पहुंच गए और डॉग स्क्वायड के साथ सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया। करीब तीन घंटे के बाद गांव से बाहर खेत में 5 साल की बच्ची रात करीब 11 बजे गन्ने के खेत में बदहवास हालत में मिली। इसके बाद पुलिस और परिजनों की धड़कनें बढ़ गई हैं।

देर रात 1 बजे पुलिस ने आरोपी कपिल को गिरफ्तार कर लिया। शुरुआती पूछताछ में उसने गला दबाकर हत्या करने की बात स्वीकार की, लेकिन यह नहीं बताया कि लाश कहां पर फेंकी है। वह बार-बार कहता रहा कि इस बारे में उसे कुछ याद नहीं है। गुरुवार शाम 6 बजे बच्चियां लापता हुईं। 11 घंटे बाद शुक्रवार सुबह 5 बजे 9 साल की बच्ची का शव जंगल में एक खेत में पड़ा मिला। पुलिस ने उसे पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा है।

# नोएडा ट्विन टावरः विस्फोट से पहले आसपास की सोसाइटी होंगी खाली

**● पांच हजार निवासियों और ढाई हजार वाहनों को दूसरी जगह किया जाएगा स्थानांतरित**



पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

नोएडा के अवैध ट्विन टावर 28 अगस्त को गिराये जाएंगे। मामले में नोएडा प्राधिकरण और संबंधित एजेंसियों ने पूरी कार्ययोजना बना ली है। विध्वंस के दिन एमराल्ड कोर्ट के परिसर से करीब 2500 वाहनों को हटाया जाएगा और दो सोसायटी के पांच हजार से अधिक लोगों के करीब नौ घंटे तक अपना घर छोड़ना पड़ेगा।

ट्विन टावर को लेकर नोएडा प्राधिकरण बोर्ड की बैठक में कई निर्णय भी लिए गए। इसमें एमराल्ड कोर्ट तथा एटीएस विलेज के फ्लैट धारकों द्वारा 28 अगस्त 2022 को प्रातः 7 बजे अपने-अपने अपार्टमेन्ट्स खाली करने होंगे।

एमराल्ड कोर्ट तथा एटीएस विलेज का सिक्योरिटी स्टाफ दोपहर 12 बजे तक इन परिसरों की देखरेख के लिए रह सकता है, लेकिन सिक्योरिटी स्टाफ को भी दोपहर 12 बजे दोनों परिसर खाली करने होंगे। इन दोनों सोसायटीज में रहने वाले निवासियों को अपने अपने वाहन भी परिसर से निकालने होंगे।

यदि किसी फ्लैट स्वामी के पास एक से अधिक वाहन है एवं परिसर के बाहर वाहन खड़ा करने की व्यवस्था नहीं है, तो ऐसी स्थिति में प्राधिकरण द्वारा वाहनों को पार्क किये जाने की वैकल्पिक व्यवस्था की जाएगी। 28 अगस्त को ट्विन टावर्स के ध्वस्तीकरण के उपरान्त एडिफाईस इंजीनियरिंग द्वारा क्लीयरेंस दिये जाने पर सायंकाल 4 बजे के उपरान्त फ्लैट स्वामी अपने-अपने फ्लैट में वापस आ सकते हैं। सुरक्षित ध्वस्तीकरण हेतु ट्विन टावर्स के चारों ओर कुछ दूरी तक नागरिकों, वाहनों, जानवरों का आवागमन पूर्णतः बन्द रहेगा। उत्तर दिशा में एमराल्ड कोर्ट के सहारे निर्मित सड़क तक दक्षिण दिशा में दिल्ली की ओर जाने वाले एक्सप्रेस-वे की सर्विस रोड तक, पूर्व में सृष्टि तथा एटीएस विलेज के मध्य निर्मित सड़क तक तथा पश्चिम में पार्क से जुड़े फ्लाई ओवर तक निर्धारित किया गया है। 28 अगस्त को दिन में 2:15 से 2:45 बजे तक नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेस-वे पर ट्रैफिक पूर्णतः बन्द रहेगा।

## सड़कों को यातायात के लिए किया जाएगा बंद

डीसीपी नोएडा ट्रैफिक गणेश शंकर शाह ने बताया कि डिमोलेशन के समय आसपास के सड़कों को आठ प्वाइंट बंद रहेंगे। एक्सप्रेसवे को आधे घंटे के लिए बंद किया जाएगा। 10 प्वाइंट पर सुरक्षा दस्ता तैनात रहेगा, जो लोगों को निषेध क्षेत्र में जाने से रोकेगा। उत्तर दिशा में एमराल्ड कोर्ट के सामने निर्मित सड़क तक, दक्षिण दिशा में दिल्ली की ओर जाने वाली एक्सप्रेस-वे की सर्विस रोड तक, पूर्व में सृष्टि व एटीएस विलेज के मध्य निर्मित सड़क तक और पश्चिम में पार्क से जुड़े फ्लाईओवर तक निषेध क्षेत्र घोषित किया गया है। यहां किसी के भी आवागमन पर रोक रहेगी।

# संक्षिप्त समाचार



आरोपियों के बारे जानकारी देती पुलिस अधिकारी।

## आईटी कंपनियों में चोरी करने वाले 5 गिरफ्तार

**नोएडा।** नोएडा पुलिस ने ऑन डिमांड लैपटॉप और इलेक्ट्रानिक गैजेट चोरी करने वाले गिरोह के पांच सदस्यों को गिरफ्तार किया है। ये चोर आईटी कंपनी को टारगेट करते थे। शुरू के पांच दिन कंपनी की रैकी करते थे और ऑफ वाले दिन चोरी करते थे। एडीसीपी अंकिता शर्मा ने बताया कि चोरी किए गए लैपटॉप और इलेक्ट्रानिक गैजेट कबाड़ियों को बेचते थे। स्टूडेंट की डिमांड आने पर कबाड़ी उनको मोटी कीमत पर बेचते थे। इन पैसों में कुछ पैसा कबाड़ी और बाकी ये अपने पास रखते और इसका प्रयोग सिर्फमौज मस्ती और अपने शौक पूरा करने के लिए करते थे। इनके पास से 22 लैपटॉप और 8 हजार कैश मिला है। इनकी पहचान विकास निवासी नोएडा, वसीम निवासी दिल्ली, दनिश निवासी दिल्ली, आदिल निवासी बागपत और सुहेल के रूप में हुई है। एडीसीपी ने बताया कि वसीम पर 15 मुकदमे दर्ज है।

## छोटी बसें चलाने के लिए आवेदन की तारीख बढ़ाई

**नोएडा।** नोएडा-ग्रेनो मेट्रो स्टेशनों को जोड़ते हुए एनएमआरसी छोटी बसें चलवाएगा। बीते दिनों टेंडर प्रक्रिया के दौरान कंपनियों के आवेदन नहीं आने पर आखिरी तारीख बढ़ा दी गई है। अब एक सितंबर तक आवेदन किए जा सकेंगे। एनएमआरसी ने लास्ट माइल कनेक्टिविटी के लिए 24 सीट वाली छोटी बसें चलवाने के लिए जुलाई में टेंडर प्रस्ताव जारी किया था।

## तीन बिल्डरों से चार करोड़, साठ लाख वसूले

**नोएडा।** बकायेदार बिल्डरों से वसूली के लिए जिला प्रशासन सख्ती बरत रहा है। हाईकोर्ट के आदेश की अवमानना का मामला दायर होने के बाद तीन बिल्डरों से दादरी तहसील प्रशासन ने चार करोड़ 60 लाख की वसूली की है। रेरा द्वारा जारी की गई आरसी की वसूली ना होने पर अनेक पीडितों ने हाईकोर्ट में आदेश के अवमानना का मामला दायर किया है। इसको लेकर जिला प्रशासन को भी नोटिस जारी हुए हैं। मामलों में वसूली के लिए तहसील प्रशासन पूरा प्रयास कर रहा है। एसडीएम दादरी आलोक गुप्ता ने बताया कि सनवलर्ड बिल्डर के खिलाफ दस करोड़ से अधिक की आरसी जारी हुई हैं। मामलों में पीड़ितों ने हाईकोर्ट में याचिका लगा दी थी। इसके बाद प्रशासन की टीम ने बिल्डर का कार्यालय सीज करने के साथ ही उसकी तलाश में हवाई अड्डे पर तथा उसके दिल्ली तथा नोएडा पर स्थित अन्य कार्यालयों और आवास पर दबिश दी तो बिल्डर ने तीन करोड़ रुपये जमा करा दिए और शेष राशि भी शीघ्र जमा कराने का वायदा किया है।

## महिला मैनेजर ने फांसी का फंदा लगा कर दी जान

**नोएडा।** सेक्टर-100 में बहुराष्ट्रीय कंपनी की मैनेजर ने गुरुवार रात को घर पर फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। महिला ने करीब चार वर्ष पूर्व एक गैर बिरादरी के युवक से प्रेम विवाह किया था। अंजलि कौशिक परिवार के साथ सेक्टर.100 में रहती थी। मूलरूप से हरियाणा के सोनीपत की रहने वाली अंजलि बहुराष्ट्रीय कंपनी में मैनेजर के पद पर कार्यरत थी। उसने रात को घर पर फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को नीचे उतारा और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उसका पोस्टमार्टम मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में किया गया।

## सब्जी लाने को कहा तो पत्नी को दौड़ाकर पीटा

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद में एक युवक ने पत्नी की बीच सड़क पर पिटाई कर दी। उसने पत्नी के बाल पकड़कर सड़क पर घसीटा। महिला का कसूर सिर्फइतना था कि उसने पति से कहा था कि तबीयत ठीक नहीं है। बाजार से सब्जी पैक कराकर ले आना। महिला को पीटते देख आस-पास के लोगों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने पति समेत तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। महिला की शादी साल 2020 में भदोही में सौरभ मिश्रा से हुई थी। सौरव गाजियाबाद में प्राइवेट कंपनी में नौकरी करता है। शादी के बाद से वह अपने पति के साथ गाजियाबाद में रहती है।

# ट्रॉनिका सिटी में गंदगी और जलभराव से लोग परेशान

**● मामूली बारिश के बाद रास्तों, पार्कों और खाली भूखंडों में कई दिनों तक भरा रहता है पानी**

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

ट्रॉनिका सिटी में जलनिकासी का प्रबन्ध ना होने के कारण गंदा पानी औद्योगिक क्षेत्र के रास्तों, पार्कों एवं खाली भूखंडों पर भरा हुआ है। जिसके कारण वहां जहरीले कीट पनप रहे हैं और बदबूदार वातावरण में उद्यमियों और फैक्ट्रीकर्मियों का सांस लेना भी दूभर हो गया है।

उद्यमियों का कहना है कि सीवर लाइन बैक फ्लो मारता है। जिसके लिए उन्हें माह में चार बार टैंकर बुलाकर गंदा पानी निकलवाना पड़ता है। मैन्युफैक्चर्स एसोसिएशन टीसीएमए के महासचिव अनिल कुमार ने बताया कि ट्रॉनिका सिटी में जलनिकासी व सीवर की निकासी नहीं है। जिसके कारण नाले नालियों व सीवर का गंदा पानी ट्रॉनिका सिटी औद्योगिक क्षेत्र के रास्तों, पार्कों एवं खाली पडे भूखंडों पर भरा हुआ है। फैक्ट्रियों के अंदर टॉयलेट की लाइन बैक फ्लो मारती है। माह में कम से कम चार बार उन्हे निजी खर्च पर टैंकर बुलाकर गंदा पानी निकलवाना पड़ता है।

गंदे व बदबूदार पानी के भराव के कारण ट्रॉनिका सिटी में भारी संख्या में जहरीले कीट पनप रहे हैं। दूसरी ओर बदबूदार वातावरण में उद्यमियों व फैक्ट्री कर्मियों का सांस लेना दूभर हो गया है। आरोप है कि प्रत्येक वर्ष वह निर्धारित मेंटीनेंस शुल्क यूपीसीडा को दे रहे हैं, लेकिन जलनिकासी नही मिल रही है। क्षतिग्रस्त सड़के, सिक्योरिटी गार्डस का अभाव आदि समस्याओं का भी सामना करना पड रहा है। यूपीसीडा के डीजीएम आरके यादव का कहना है कि सड़कों व लोगों की फैक्टरियों व खाली पड़े भूखंडों से टैंकरों से पानी शक करकर खुले स्थान पर डलवाया जा रहा है।

## जन्माष्टमी पर रास्तों में बदलाव से ट्रैफिक प्रभावित

**नोएडा।** जन्माष्टमी के मौके पर शुक्रवार को सेक्टर-33 इस्कॉन मंदिर के आसपास की सड़कों पर यातायात बंद होने के कारण अन्य सड़कों पर यातायात प्रभावित रहा। सेक्टर.12 से चौड़ा मोड़, सेक्टर-32 सिटी सेंटर, सेक्टर-54 पुलिस चौकी से एडोब चौराहा आदि रास्तों पर वाहनों का दबाव रहा।

जन्माष्टमी का कार्यक्रम समाप्त होने के बाद रास्तों वाहनों के लिए खोल दिया गया। मंदिर में भीड़ जुटनी शुरू हो गई थी। ऐसे में सुबह से ही सेक्टर-53 गिझौड़ चौराहे से सेक्टर 31.25 की ओर के रास्ते को वाहनों के लिए बंद कर दिया गया था।

# जेल में बंद श्रीकांत अब रोड रेज के मामले में तलब

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

भाजपा पालित श्रीकांत त्यागी के गुनाहों की फेहरिश्त काफी लंबी है। पुलिस के अनुसार इस पर कई मामले लंबित हैं। रोड रेज की एक वारदात को अंजाम देने वाले श्रीकांत त्यागी को कोर्ट ने तलब किया है।

22 अगस्त को इसकी पेशी अदालत में होगी। जानकारी के अनुसार कोतवाली सेक्टर 39 में मुकदमा अपराध संख्या 371 दर्ज है। ये मामला 2007 का है। श्रीकांत त्यागी पर आरोप है कि उसने 15 साल पहले रोड रेज की घटना को अंजाम दिया था। इस मामले में श्रीकांत त्यागी के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी हो गए थे।

श्रीकांत त्यागी के वकील सचिन भाटी ने बताया कि उन्होंने वारंट निरस्त करने के लिए मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत में आवेदन किया था। इस पर सुनवाई करते हुए अदालत ने 22 अगस्त को श्रीकांत त्यागी को तलब किया है। उल्लेखनीय है कि श्रीकांत महिला से अभद्रता के मामले में गौतमबुद्ध नगर की लुक्सर जेल में बंद है।

## त्यागी प्रकरण में दनकौर के युवा भी उतरे मैदान में

**नोएडा।** नोएडा की एक सोसायटी में महिला से दुर्व्यवहार करने के आरोपी श्रीकांत त्यागी का सांसद डॉ महेश शर्मा ने विरोध किया था। उनके विरोध को दनकौर के युवाओं ने कदम बताया।

दनकौर कस्बे में हुई बैठक में क्षेत्र के युवाओं ने कहा कि सांसद डॉ महेश शर्मा ने महिला के पक्ष में उतरकर बहुत अच्छा कार्य किया है। जिसका कुछ लोग विरोध कर रहे हैं।

इसलिए क्षेत्र के युवा सांसद के साथ हैं। युवाओं ने कहा कि यदि सांसद के खिलाफ कोई कार्रवाई की जाती है, तो क्षेत्र का युवा सड़कों पर उतरेगा।

# आईआईपी अकादमी में फोटो प्रदर्शनी का शुभारंभ

**● डीएम सुहास एलवाई ने पत्रकारों और छायाकारों को विश्व फोटोग्राफी दिवस की बधाई दी।**



पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

विश्व फोटोग्राफी दिवस पर नोएडा मीडिया क्लब के तत्वावधान में नोएडा और दिल्ली के फोटो जर्नलिस्टों द्वारा सेक्टर-2 स्थित आईआईपी अकादमी में भव्य फोटो प्रदर्शनी का शुभारंभ किया गया।

प्रदर्शनी का शुभारंभ गौतमबुद्धनगर के डीएम सुहास एलवाई द्वारा किया गया। प्रदर्शनी 21 अगस्त तक चलेगी। जिलाधिकारी सुहास एलवाई ने पत्रकारों और छायाकारों को विश्व फोटोग्राफ ी दिवस की बधाई दी। उन्होंने प्रदर्शनी में लगे सभी चित्रों को बारीकी से देखा और उसके विषय के बारे में सम्बंधित फोटोजर्नलिस्ट से जानकारी ली। जिलाधिकारी ने नोएडा मीडिया क्लब के इस प्रयास की सराहना की और कहा कि भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम किए जाएं, जिससे समाज को रचनात्मक कार्यों के प्रति रूचि पैदा हो। आयोजन समिति के पदाधिकारी रिंकू यादव ने बताया कि बताया कि इस प्रदर्शनी में दिल्ली और नोएडा के कुल 16 फोटो जर्नलिस्ट हिस्सा ले रहे हैं। यह सभी राष्ट्रीय समाचार पत्रों में अपनी सेवाएं दे रहे। इन प्रतिभागियों द्वारा ली गई दो-दो तस्वीरों को प्रदर्शनी में लगाया गया है। उन्होंने बताया कि तीन दिवसीय फोटो प्रदर्शनी में मुख्य रूप से सुशील अग्रवाल, ईश्वर चंद, वीरेंद्र सिंह, प्रेम बिष्ट, के आशिफ, राजन राय, सौरभ राय, मनोहर त्यागी, गजेंद्र यादव, सलमान अली, रमेश शर्मा, सुनील घोष, प्रमोद शर्मा, उमेश जोशी, हिमांशु, अभिषेक कुमार सहित अन्य फोटो जर्नलिस्ट हिस्सा ले रहे हैं। प्रदर्शनी के शुभारंभ के मौके पर नोएडा मीडिया क्लब के अध्यक्ष पंकज परासर, रामपाल रघुवंशी, मौहम्मद आजाद, सुरेश चौधरी, विनोद शर्मा, निर्मेष त्यागी, धर्मेन्द्र चंदेल, संतोष सिंह, वीके मलिक, दिनेश शर्मा, निरंकार सिंह सहित अन्य वरिष्ठ पत्रकार मौजूद रहें।

शुद्धिपत्र

ICICI Bank

शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तृतीय तल, प्लॉट नंबर 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली-110005

ऋण खाता संख्या **एलबीडीईएल00001626294**, कर्जदार का नाम **राज नारायण सिंह** सम्पत्ति पता **फ्लैट नंबर 436, तृतीय तल, सेक्टर-17 एच, वसुंधरा, गाजियाबाद** के संबंध में सरफासी ऐक्ट के तहत सूचनाएं, **मांग सूचना** प्रकाशन दिनांकित 05 मार्च, 2022 तथा धारा 13(4) के तहत सांकेतिक प्रकाशन दिनांकित प्रकाशित की गई थी। हम वर्णित करने के इच्छुक हैं कि असावधानीवश और बिना कोई इरादा के, उक्त प्रकाशन में एक टंकण त्रुटि हो गई है तथा **फ्लैट नंबर 436, तृतीय तल, सेक्टर-17 एच, वसुंधरा, गाजियाबाद** के स्थान पर **फ्लैट नंबर 436, सेक्टर-17 एच, वसुंधरा, गाजियाबाद** वर्णित किया गया है। हम अतएव, आपसे उसको **फ्लैट नंबर 436, तृतीय तल, सेक्टर-17 एच, वसुंधरा, गाजियाबाद** के रूप में पढ़ने का अनुरोध करते हैं। उक्त सूचना दिनांकित में वर्णित सभी अन्य विवरण वही रहेगा। हम आपको इस संबंध में हुई असुविधा के लिए हार्दिक खेद व्यक्त करते हैं।

दिनांकित : 20-08-2022 प्राधिकृत अधिकारी
स्थान : दिल्ली/एनसीआर आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

परिशिष्ट IV A
नियम 8(6) का नियम देखे
अचल संपत्ति की बिक्री के लिए बिक्री सूचना

सिक्युरिटी इंटरेस्ट (एन्फोर्समेन्ट) रूल्स, 2002 के नियम 8(6) के नियमों को पढते हुए सिक्योरिटाइजेशन एंड रिकन्स्ट्रशन ऑफ फायनांशियल असेट्स एंड एन्फोर्समेन्ट ऑफ सिक्युरिटी इंटरेस्ट एक्ट, 2002 के अधीन अचल संपत्तियो की बिक्री के लिए ई- निलामी बिक्री सूचना।

सामान्य रूप से जनता को और विशेष रूप से उधारकर्ता (ओं) तथा गैरेन्टर (ओं) को सूचित किया जाता है कि निम्नवर्णित अचल संपत्ति जो सुरक्षित लेनदार के पास गिरवी/प्रभारित है, जिस पर सुरक्षित लेनदार अधिकृत अधिकारी **इंडियाबुल्स हाउसिंग फायनान्स लिमिटेड (CIN:L65922DL2005PLC136029)** (सुरक्षित लेनदार द्वारा) द्वारा **वास्तविक कब्जा** लिया जा चुका है, को **20.09.2022** को दोपहर **02.00** से **04.00** बजे तक (निविदा दस्तावेज के संदर्भ में 5 मिनिट के अमर्यादित स्वचालित एक्सटेंशन के साथ) **"जहां है", "जैसा है", और "जो कुछ भी है"**, तथा **"बिना किसी समर्थन के आधार पर"** ऋण खाता नं. **HHLROH00389053 के लिए रू.33,08,822/- (रुपए तैंतीस लाख आठ हज़ार आठ सौ बाईस मात्र) के लिए 16.08.2022** तक बकाया मूलधन, बकाया (विलंब शुल्क के समेत) और ब्याज ऋण समझौते तथा अन्य सम्बन्धित ऋण दस्तावेजों के संदर्भ में लागूभावी ब्याज तथा कानूनी व्यय और अन्य खर्चों के साथ **17.08.2022** से प्रभावी जो **श्री सुभाष चंदर और श्रीमती सरोज** पर सुरक्षित लेनदार द्वारा बकाया है की वसूली के लिए बेचा जाएगा।

उक्त संपत्ति की नीलामी के लिए आरक्षित मूल्य रू.**19,70,000 /- (रुपए उन्नीस लाख सत्तर हजार मात्र)** होगा और अर्नेस्ट मनी डिपॉजिट (ईएमडी) **रू.1,97,000/ - (रुपए एक लाख सत्तानवे हजार मात्र)** यानि आरक्षित मूल्य का **10%** (दस प्रतिशत) होगा और यह **DD/RTGS/NEFT** अथवा अन्य किसी उचित बैंकिंग चैनल द्वारा ऑनलाईन टेंडर जमा करने से पहले **इंडियाबुल्स हाउसिंग फायनान्स लिमिटेड के नाम, खाता नं.00000040428645185, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के साथ** (IFSC: **SBIN0004079**), **कॉम. बीआर.गुडगाँव (04079)**, ऑनलाइन सार्वजनिक निलामी में भाग लेने के लिए निविदा प्रस्तुत करने से पहले देय होगा और सफल बोलीदाता बोली के समय स्वीकृती पर बिक्री मूल्य राशि का 25% (ई - निलामी में भाग लेने के लिए आरक्षित मूल्य का 10% कम करके)का तुरंत भुगतान करेगा यानि उसी दिन या उसके अगले कार्य दिवस के बाद नही होगा। अचल संपत्ति की बिक्री की पुष्टि की तिथि से 15 दिनोके भितर बिक्री मुल्य का बकाया जमा कराना होगा।

**अचल संपत्ति का वर्णन**

**संपत्ति नं. JJR/W01/0661, खेवत नं. 3819/3578, खाता नं. - 4333, किला नं. 34/2, तडाडी किला नं. -34/2, मौजा नगर पाइलिका, झज्जर-124100, हरियाणा ।**

बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए कृपया सुरक्षित लेनदार की वेबसाइट में दिए गए लिंक यानि www.indiabullshomeloans.com और www.auctionfocus.in का संदर्भ ले सही/-
दिनांक: 16.08.2022 प्राधिकृत अधिकारी
स्थान: झज्जर इंडियाबुल्स हाउसिंग फायनान्स लिमिटेड

# परफैक्टपैक लिमिटेड

सीआईएन : एल72100डीएल1972पीएलसी005971
पंजीकृत कार्यालय : 910, चिरंजीव टॉवर-43, नेहरू प्लेस, नई दिल्ली-110019
फोन नंबर 011-26441015-18, वेबसाइट : www.perfectpac.com
ई-मेल आईडी : complianceofficer@ perfectpac.com

वीडियो कांफ्रेंसिंग/अन्य ऑडियो-विजुअल मीन्स के माध्यम से आयोजनार्थ निर्धारित 50वीं वार्षिक सामान्य बैठक के संबंध में सूचना

कार्पोरेट कार्य मंत्रालय ("एमसीए") के जनरल सर्कुलर नंबर 14/2020, 17/2020, 20/2020, 02/2021, 21/2021 तथा 02/2022 दिनांकित 8 अप्रैल 2020, 13 अप्रैल 2020, 5 मई 2020, 13 जनवरी, 2021, 14 दिसम्बर, 2021 तथा 05 मई, 2022 क्रमानुसार (संयुक्त रूप में "एमसीए सर्कुलर्स" के रूप में संदर्भित) के साथ पठित कम्पनी अधिनियम 2013 ("अधिनियम") एवं तदधीन विरचित नियमावली के लागू प्रावधानों, भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सूचीकरण दायित्व एवं प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियमावली 2015 तथा भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड ('सेबी') सर्कुलर नंबर सेबी/एचओ/सीएफडी/सीएमडी1/सीआईआर/पी/2020/79, सेबी/एचओ/सीएफडी/सीएमडी2/सीआईआर/पी/2021/11 और सेबी/एचओ/सीएफडी/सीएमडी2/सीआईआर/पी/2022/62 दिनांकित 12 मई 2020, 15 जनवरी, 2021 तथा 13 मई, 2022 (संयुक्त रूप में "सेबी सर्कुलर्स" के रूप में संदर्भित) के अनुपालन में परफैक्टपैक लिमिटेड के सदस्यों की 50वीं वार्षिक सामान्य बैठक ('एजीएम') बृहस्पतिवार, 15 सितंबर 2022 को दोपहर 12.30 बजे (आईएसटी) वीडियो कांफ्रेंसिंग ("वीसी") अन्य ऑडियो-विजुअल मीन्स ("ओएवीएम") के माध्यम से आयोजित की जाएगी, जिसमें एजीएम की सूचना में सूचीबद्ध व्यवसायों का निष्पादन किया जाएगा। वीसी/ओएवीएम के माध्यम से एजीएम में भाग ले रहे सदस्यों की गणना अधिनियम की धारा 103 के अधीन गणपूर्ति के उद्देश्य से की जाएगी।

एमसीए सर्कुलर्स तथा सेबी सर्कुलर्स के अनुपालन में, एजीएम की सूचना तथा वित्तीय वर्ष 2021-2022 हेतु वित्तीय विवरण, निदेशक मंडल तथा लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट और उसके साथ संलग्न किए जाने हेतु अपेक्षित प्रलेखों सहित (सामूहिक रूप से "वार्षिक रिपोर्ट" के रूप में संदर्भित), केवल इलेक्ट्रॉनिक विधि के माध्यम से उन समस्त सदस्यों को प्रेषित की जाएगी, जिनके ई-मेल पते कम्पनी/ डिपॉजिटरी प्रतिभागियों (डीपी'ज) के पास पंजीकृत हैं। उपरोक्त प्रलेख कम्पनी की वेबसाइट www.perfectpac.com एवं स्टॉक एक्सचेंजेस की वेबसाइट www.bseindia.com पर भी उपलब्ध होंगे। आगे सदस्यगण केवल वीसी/ओएवीएम सुविधा के माध्यम से एजीएम से जुड़ सकते हैं और उसमें प्रतिभागिता कर सकते हैं। एजीएम से जुड़ने तथा इसमें प्रतिभागिता करने की विधि हेतु अनुदेश एजीएम की सूचना में उपलब्ध होंगे।

ई-मेल पता, मोबाइल नंबर और बैंक खाता आदेश पंजीकृत/अद्यतन करने की विधि :-

- भौतिक रूप में शेयरों के धारक शेयरधारकों से अनुरोध है कि वे विधिवत हस्ताक्षरित प्रपत्र आईएसआर-1, अन्य समर्थन दस्तावेजों सहित, कम्पनी के रजिस्ट्रार एवं शेयर ट्रांसफर एजेन्ट - स्काईलाइन फाइनैंशियल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड को उनके कार्यालय डी-153/ए, प्रथम तल, ओखला औद्योगिक क्षेत्र, फेज-1, नई दिल्ली-110020, फोन : 011-40450193-97 भेजें ; अथवा ई-मेल द्वारा admin@skylinerta.com पर भेजें। उक्त प्रपत्र कम्पनी की वेबसाइट https://perfectpac.com/pdf/kyc/Form-ISR-1.pdf पर उपलब्ध है।
- अभौतिक रूप में शेयरों के धारक शेयरधारकों से अनुरोध है कि वे अपना ई-मेल पता, मोबाइल नंबर और बैंक खाता विवरण अपने संबंधित डिपॉजिटरी पार्टिसिपैंट्स के पास पंजीकृत/अद्यतित करवा लें।
- ई-मेल पता के सफल पंजीकरण के पश्चात, शेयरधारक वित्तीय वर्ष 2021-22 हेतु वार्षिक रिपोर्ट एजीएम की सूचना सहित अपनी पंजीकृत ई-मेल आईडी पर प्राप्त कर सकेंगे और अपना वोट ई-वोटिंग सिस्टम के माध्यम से डाल सकेंगे।

कम्पनी अपने समस्त सदस्यों को एजीएम की सूचना में सूचीबद्ध प्रस्तावों पर अपना वोट डालने के लिए रिमोट ई-वोटिंग सुविधा उपलब्ध करवा रही है। इसके अतिरिक्त कम्पनी एजीएम के दौरान ई-वोटिंग सिस्टम के माध्यम से भी वोट डालने की सुविधा उपलब्ध करवा रही है। रिमोट ई-वोटिंग/ई-वोटिंग के माध्यम से वोट डालने की विस्तृत प्रक्रिया एजीएम की सूचना में उपलब्ध करायी गई है।

कृते परफैक्टपैक लिमिटेड
स्थान : नई दिल्ली संजय राजगढ़िया
दिनांक : 19-08-2022 प्रबंध निदेशक

शुद्धिपत्र

ICICI Bank

शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तृतीय तल, प्लॉट नंबर 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली-110005

ऋण खाता संख्या **एलबीडीईएल00000803932**, कर्जदार का नाम **दिलीप कुमार** नायक सम्पत्ति पता **फ्लैट नंबर -304, एसएफ (रियर एलएचएस) प्लॉट नंबर 148, सेक्टर-4, वैशाली, गाजियाबाद,** उत्तर प्रदेश के संबंध में सरफासी ऐक्ट के तहत सूचनाएं, मांग सूचना प्रकाशन दिनांकित 06 मार्च, 2022 तथा सांकेतिक प्रकाशन दिनांकित 23 जून, 2022 प्रकाशित की गई थी। हम वर्णित करने के इच्छुक हैं कि असावधानीवश और बिना कोई इरादा के, उक्त प्रकाशन में एक टंकण त्रुटि हो गई है तथा **फ्लैट नंबर -304, एसएफ (छत के अधिकार सहित) (रियर एलएचएस) प्लॉट नंबर 148, सेक्टर-4, वैशाली, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश** के स्थान पर **फ्लैट नंबर -304, एसएफ (रियर एलएचएस) प्लॉट नंबर 148, सेक्टर-4, वैशाली, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश** वर्णित किया गया है। हम अतएव, आपसे उसको फ्लैट नंबर -304, एसएफ (छत के अधिकार सहित) (रियर एलएचएस) प्लॉट नंबर 148, सेक्टर-4, वैशाली, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश के रूप में पढ़ने का अनुरोध करते हैं। उक्त सूचना दिनांकित में वर्णित सभी अन्य विवरण वही रहेगा। हम आपको इस संबंध में हुई असुविधा के लिए हार्दिक खेद व्यक्त करते हैं।

दिनांकित : 20-08-2022 प्राधिकृत अधिकारी
स्थान : दिल्ली/एनसीआर आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

शुद्धिपत्र

ICICI Bank

शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तृतीय तल, प्लॉट नंबर 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली-110005

ऋण खाता संख्या **एलबीडीईएल00001173375**, कर्जदार का नाम **अमूल्य कुमार नायक सम्पत्ति पता पी. नंबर -1/7, फ्लैट नंबर -206, ब्लॉक-1, प्रथम तल, वैष्णवी कुंज, सेक्टर-2, राजेन्द्र नगर, साहिबाबाद, गाजियाबाद** के संबंध में सरफासी ऐक्ट के तहत सूचनाएं, मांग सूचना प्रकाशन दिनांकित 01 फरवरी, 2022 तथा सांकेतिक प्रकाशन दिनांकित 23 जून, 2022 प्रकाशित की गई थी। हम वर्णित करने के इच्छुक हैं कि असावधानीवश और बिना कोई इरादा के, उक्त प्रकाशन में एक टंकण त्रुटि हो गई है तथा **पी. नंबर -1/7, फ्लैट नंबर -206, ब्लॉक-1, प्रथम तल, वैष्णवी कुंज, सेक्टर-2, राजेन्द्र नगर, साहिबाबाद, गाजियाबाद** के स्थान पर **पी. नंबर -1/7, फ्लैट नंबर -206, वैष्णवी कुंज, सेक्टर-2, राजेन्द्र नगर, साहिबाबाद, गाजियाबाद** वर्णित किया गया है। हम अतएव, आपसे उसको **पी. नंबर -1/7, फ्लैट नंबर -206, ब्लॉक-1, प्रथम तल, वैष्णवी कुंज, सेक्टर-2, राजेन्द्र नगर, साहिबाबाद, गाजियाबाद** के रूप में पढ़ने का अनुरोध करते हैं। उक्त सूचना दिनांकित में वर्णित सभी अन्य विवरण वही रहेगा। हम आपको इस संबंध में हुई असुविधा के लिए हार्दिक खेद व्यक्त करते हैं।

दिनांकित : 20-08-2022 प्राधिकृत अधिकारी
स्थान : दिल्ली/एनसीआर आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

ORIGO
**Origo Commodities India Pvt Ltd**
**Unaudited Standalone Financial Results**
[Regulation 52 (8), read with Regulation 52 (4), of the SEBI (LODR) Regulations, 2015]
Amount (In Lakhs)

| S. No | Particulars | Standalone | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | For the quarter ended June 30, 2022 Unaudited | For the quarter ended March 31, 2022 Audited | For the quarter ended June 30, 2021 Unaudited | For the Year ended March 31, 2022 Audited |
| 1. | Total Income from Operations | 43,534.15 | 16,428.87 | 9,854.99 | 51,766.26 |
| 2. | Net Profit / (Loss) for the period (before Tax,Exceptional and/or Extraordinary items#) | 236.62 | 540.84 | 193.95 | 1,406.11 |
| 3. | Net Profit / (Loss) for the period before tax (after Exceptional and/or Extraordinary items#) | 236.62 | 540.84 | 193.95 | 1,406.11 |
| 4. | Net Profit / (Loss) for the period after tax (after Exceptional and/or Extraordinary items#) | 178.02 | 390.92 | 128.45 | 937.56 |
| 5. | Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit / (Loss) for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax) | 180.76 | 386.76 | 133.48 | 948.50 |
| 6. | Paid up Equity Share Capital | 5,448.90 | 5,448.90 | 5,448.90 | 5,448.90 |
| 7. | Reserves*(excluding Revaluation Reserve & Security Premium) | 7,142.08 | 6,961.33 | 6,292.30 | 6,961.33 |
| 8. | Securities Premium Account | 6,667.22 | 6,667.22 | 6,667.22 | 6,667.22 |
| 9. | Net worth | 19,258.20 | 19,077.45 | 18,408.42 | 19,077.45 |
| 10 | Paid up Debt Capital / Outstanding Debt | 28,458.26 | 17,229.93 | 19,950.54 | 17,229.93 |
| 11 | Outstanding Redeemable Preference Shares | 0.48 | 0.48 | 0.48 | 0.48 |
| 12 | Debt Equity Ratio | 1.48 | 0.90 | 1.08 | 0.90 |
| 13 | Earnings Per Share (of Rs.10 /- each) (for continuing and discontinued operations)- | | | | |
| | 1.Basic: | 0.33 | 0.72 | 0.24 | 1.72 |
| | 2.Diluted: | 0.30 | 0.66 | 0.22 | 1.58 |
| 14 | Capital Redemption Reserve | - | - | - | - |
| 15 | Debenture Redemption Reserve | - | - | - | - |
| 16 | Debt Service Coverage Ratio | 0.22 | 0.27 | 0.22 | 1.21 |
| 17 | Interest Service Coverage Ratio | 1.80 | 2.50 | 1.58 | 2.01 |

Note:
1.The above is an extract of the detailed format of quarterly financial results filed with Bombay Stock Exchange ("BSE") under Regulation 52 of the SEBI (Listing and Other Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the quarterly financial results are available on the website of the Stock Exchange(s) i.e. BSE Limited and the listed entity, **www.bseindia.com & www.origoindia.com**
2.For the other line items of Regulation 52 (4) of the SEBI (Listing and Other Disclosure Requirements) Regulations, 2015, the pertinent disclosures have been made to BSE and can be accessed on the URL **www.bseindia.com & www.origoindia.com**
3.The impact on net profit / loss, total comprehensive income or any other relevant financial item(s) due to change(s) in accounting policies shall be disclosed by means of a footnote.
4.The above Standalone Financial Results have been approved by the Board of Directors in its meeting held on August 11, 2022 and have been limited reviewed by the Statutory Auditors of the Company in accordance with the requirement of Regulation 52 of SEBI (Listing Obligations & Disclosure Requirements) Regulations, 2015 (Listing Regulations).
5.Segment Information as per Ind-AS 108, 'Operating Segments' is disclosed in Segment reporting.
6. #- Exceptional and/or Extraordinary items adjusted in the Statement of Profit and Loss in accordance with Ind AS Rules / AS Rules, whichever is applicable.
7. *- Includes Retained Earnings, Other Comprehensive Income and Equity component of Compound financial instruments.

**For Origo Commodities India Pvt Ltd**
**Sd/-**
**Mayank Dhanuka**
**(Whole Time Director)**
**DIN:02572510**
Place: Gurgaon
Date: 16.08.2022

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। कार्यकारी संपादकः नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादकः प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# सीबीआई छापे के खिलाफ आप कार्यकर्ताओं का प्रदर्शन

- कई प्रदर्शनकारी हिरासत में, बाद में रिहा
- सीबीआई के खिलाफ हुई नारेबाजी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



मनीष सिसोदिया के समर्थन में नारे बाजी करते आप कार्यकर्ता।

आबकारी नीति मामले में मनीष सिसोदिया के आवास पर केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो की छापेमारी के विरोध में आम आदमी पार्टी के कार्यकार्ता सड़क पर उतर गए। उन्होंने केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए मथुरा रोड पर स्थित सिसोदिया के आवास के निकट आ गए और प्रदर्शन करने लगे। प्रदर्शनकारियों को रोकने के लिए पुलिस ने बैरिकेड लगाए। कई कार्यकर्ताओं ने आगे बढ़ने की कोशिश की तो पुलिस ने उन्हें हिरासत में ले लिया और बसों में भरकर वसंत कुंज पुलिस थाने ले जाया गया है जहां से बाद में उन्हें रिहा कर दिया गया।

पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि पार्टी के समर्थक मथुरा रोड पर स्थित सिसोदिया के आवास के निकट आ गए और प्रदर्शन करने लगे। प्रदर्शनकारियों को मौके से हटाया गया और बसों के जरिए वसंत कुंज पुलिस थाने ले जाया गया है। नई दिल्ली इलाके में पहले ही धारा 144 लागू कर दी गई है, जिसे हर तीन महीने में नवीनीकृत किया जाता है।

आप की युवा शाखा ने केंद्रीय गृह मंत्री और रक्षा मंत्री के आवास के सामने विरोध का आह्वान किया, जिसके बाद एहतियाती कदम उठाए गए और कई संबंधित सड़कों पर अवरोधक भी लगाए गए है। सीबीआई के छापे के बारे में खुद सिसोदिया ने ट्वीट कर कहा कि सीबीआई आई है। उनका स्वागत है। हम कट्टर ईमानदार हैं। लाखों बच्चों का भविष्य बना रहे हैं। बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है कि देश में जो अच्छा काम करता है उसे इसी तरह परेशान किया जाता है। इसीलिए हमारा देश अभी तक नम्बर-1 नहीं बन पाया। वह जांच में एजेंसी का पूरा सहयोग करेंगे ताकि सच जल्द सामने आ सके। अभी तक उन पर कई केस किए लेकिन कुछ नहीं निकला। इस मामले में भी कुछ नहीं निकलेगा।

देश में अच्छी शिक्षा के लिए उनका काम रोका नहीं जा सकता। ये लोग शिक्षा और स्वास्थ्य के शानदार काम से परेशान हैं।

इसीलिए दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री और शिक्षा मंत्री को पकड़ा है ताकि शिक्षा स्वास्थ्य के अच्छे काम रोके जा सकें। दोनों के ऊपर झूठे आरोप हैं। कोर्ट में सच सामने आ जाएगा।

# मनीष सिसोदिया के खिलाफ ईडी भी कस सकती है शिकंजा

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



सीबीआई की छापेमारी के बाद प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) भी आप सरकार की आबकारी नीति को लेकर हरकर में आ सकती है। प्रवर्तन निदेशालय धनशोधन की जांच शुरू कर सकता है। सिसोदिया के पास मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की अगुवाई वाली दिल्ली सरकार में उत्पाद और शिक्षा सहित कई अहम विभाग है। सूत्रों के अनुसार, अपनी जांच के दौरान ईडी इस बात का विश्लेषण करेगा कि क्या कोई व्यक्ति और कंपनियां जो नीति निर्माण में शामिल थीं, उन्हें धनशोधन निवारण कानून की परिभाषा के तहत अपराध से हुई आय प्राप्त हुई तथा कोई अवैध या बेनामी संपत्ति अर्जित की गई। एजेंसी के पास ऐसी संपत्तियों को कुर्क करने और धनशोधन संबंधी अपराध में लिप्त लोगों से पूछताछ करने, गिरफ्तार करने और मुकदमा चलाने का अधिकार है।

सीबीआई ने पिछले साल नवंबर में लाई गई दिल्ली आबकारी नीति बनाने और उसके क्रियान्वयन में कथित अनियमितताओं के संबंध में एक प्राथमिकी दर्ज की है। दिल्ली सरकार ने जुलाई में इस नीति को खत्म कर दिया था। उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने पिछले महीने आबकारी नीति 2021-22 के क्रियान्वयन में कथित अनियमितताओं की सीबीआई से जांच कराने की सिफारिश की थी।

मुख्य सचिव की जुलाई में दी गई रिपोर्ट के आधार पर सीबीआई जांच की सिफारिश की गई थी, जिसमें जीएनसीटीडी अधिनियम 1991, कार्यकरण नियम (टीओबीआर)-1993, दिल्ली उत्पाद शुल्क अधिनियम-2009 और दिल्ली उत्पाद शुल्क नियम-2010 का प्रथम दृष्टया उल्लंघन पाए जाने की बात कही गई थी।

# रेड का मकसद दिल्ली मॉडल को रोकना: आप

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता संजय सिंह ने कहा उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया के घर पर सीबीआई छापे का मकसद शराब नीति नहीं, बल्कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और उनके शिक्षा और स्वास्थ्य मॉडल को रोकना है।

दिल्ली और पंजाब की जीत के बाद केजरीवाल की लोकप्रियता देशभर में बढ़ रही है इसीलिए पीएम को रातभर चिंता रहती है कैसे सीएम को रोका जाए। सीएम भारत को नंबर 1 राष्ट्र बनाने के मिशन से देशभर से लोग जुड़ रहे हैं। संजय सिंह और राघव चड्ढा ने शुक्रवार को संवाददाता




सम्मेलन में कहा कि अब केजरीवाल रुकने वाले नहीं हैं। शराब नीति मुद्दा होती तो गुजरात में भाजपा नेताओं द्वारा जहरीली शराब बनाने की जांच होती। क्या इनके खिलाफ सीबीआई, ईडी जांच हुई। अमेरिका का न्यूयॉर्क टाइम्स अखबार जो मोदी सरकार के बारे में छापता था कि कोरोना से लाखों की मृत्यु हुई। वही अखबार कल उप मुख्यमंत्री की फोटो के साथ केजरीवाल के शिक्षा मॉडल की चर्चा करता है। पीएम मोदी को खुश होना चाहिए की पूरी दुनिया में दिल्ली मॉडल की चर्चा हो रही है। बल्कि वह उल्टा सीबीआई रेड करवा रहे हैं।

राघव चड्ढा ने कहा कि कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी और गुवाहाटी से लेकर गुजरात तक आज केजरीवाल मॉडल ऑफ गुड गवर्नेंस की चर्चा हो रही है। पहले मोदी बनाम कौन की चर्चा हुआ करती थी लेकिन पंजाब में चुनाव में आप जीत के बाद देश के लोग केजरीवाल को बेहतर विकल्प बता रहे हैं। उनकी छवि राष्ट्रीय नेता के रूप में उभर रही है।

## जांच एजेंसी की छापेमारी, देर आए दुरुस्त आए : कांग्रेस



**नई दिल्ली।** प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष चौ. अनिल कुमार ने कहा कि केजरीवाल सरकार के आबकारी मंत्री मनीष सिसोदिया की आबकारी नीति में भूमिका के सम्बन्ध में सीबीआई की छापेमारी कांग्रेस के लिए कोई आश्चर्य की बात नहीं है क्योंकि जब से नई शराब नीति लागू की गई थी कांग्रेस उसी दिन से शराब घोटाले की जांच की मांग कर रही थी क्योंकि घोटाले में सिसोदिया की बहुत अहम भूमिका है। सीबीआई की छापेमारी, देर आए दुरुस्त आए है। अनिल कुमार ने सीबीआई की छापेमारी की सराहना करते हुए कहा कि प्रदेश कांग्रेस ने पुलिस आयुक्त और उपराज्यपाल से घोटाले के संबंध में साक्ष्यों के साथ भ्रष्टाचार की सीमा और सिसोदिया की भूमिका का पता लगाने के लिए शिकायत की थी और सिसोदिया की भूमिका की सीबीआई जांच की मांग की थी सिसोदिया शराब सौदों में मुख्यमंत्री के मुखौता है। कुमार ने बताया कि उन्होंने दिल्ली को नशे की राजधानी बनाने के लिए अन्ना हजारे को पत्र लिखकर शराब के इस खतरनाक कारोबार को रोकने के लिए दबाव बनाने को कहा था।

# निजी स्कूलों में ईडब्ल्यूएस कोटे से नहीं हो रहा दाखिला : एनसीपीसीआर

- दिल्ली के मुख्य सचिव को लिखा पत्र

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) ने शुक्रवार को कहा कि उसके निर्देशों के बावजूद दिल्ली के निजी स्कूलों ने आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) के कुछ बच्चों को प्रवेश नहीं दिया।

दिल्ली के मुख्य सचिव को लिखे पत्र में एनसीपीसीआर ने 2020-21 शैक्षणिक वर्ष के बाद से निजी स्कूलों में ईडब्ल्यूएस श्रेणी के तहत हुए प्रवेश का विवरण मांगा है। पत्र के मुताबिक, यह देखा गया है कि ईडब्ल्यूएसाडीजी और सीडब्ल्यूएसएन श्रेणी के तहत प्रवेश सुनिश्चित करने में शामिल अधिकारियों और शाखाओं को कठोर निर्देश देने के बावजूद इन श्रेणी में आज तक प्रवेश नहीं दिया गया है। पत्र में कहा गया कि शैक्षणिक वर्ष 2020-21, 2021-22 और 2022-23 के लिए ईडब्ल्यूएसाडीजी श्रेणी के उम्मीदवारों के लिए रिक्त सीटें, रिक्ति के अनुसार आवंटित सीटें और दिल्ली के निजी स्कूलों में आवंटित सीटों के मुकाबले प्रवेश दिए गए बच्चों की कुल संख्या का विवरण पेश करें।

आयोग ने यह भी पूछा कि आवंटित सीटों के मुकाबले बच्चों को प्रवेश दिए जाने के बाद संबंधित वर्ष में कितनी सीट खाली रहीं। आयोग ने पत्र प्राप्त होने के सात दिनों के भीतर विवरण सौंपने को कहा है। ज्ञात हो कि निजी स्कूलों में गरीब छात्रों को दाखिले नहीं मिलने की शिकायत पहले भी संज्ञान में आ चुकी है।

# जन्माष्टमी पर मंदिरों में उमड़ी भक्तों की भीड़

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

राजधानी में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पारंपरिक रीति-रिवाज से श्रद्धापूर्वक मनाई गई। इस मौके पर श्रद्धालुओं ने उपवास रखकर विशेष पूजा अर्चना की। इस मौके पर मंदिर को रंग-बिरंग लाइटों और फूलों से भव्य तरके से सजाया गया।

रात्रि में जैसे ही कान्हा का जन्म हुआ तो मंदिर में मौजूद बड़ी संख्या में भक्तों व पूजारियों ने हाथी घोड़ा पाल की जय कन्हैया लाल की जयकारे लगाए। मंदिरों में घंटो की ध्वनि से पूरा महौल कृष्ण की भक्तिमय हो गया। मध्य दिल्ली स्थित झंडेवाला देवी मंदिर, बिड़ला मंदिर, करोल बाग के राधेकृष्णा में भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान लड्डू गोपाल को झूला-झुलाने के लिए पालना बनाया गया था।

रंगबिरंगी पोशाक पोशाक में सजे लड्डूगोपाल की एक झलक पाने के लिए भक्त लालायित दिखे। इस दौरान कुछ भक्त अपने बच्चों को भगवान श्रीकृष्ण के रूप में सजाकर लाए थे। मंदिर कमेटी के सदस्यों और उनके परिजनों ने पालने में बैठाकर लड्डू गोपाल को झूला-झुलाया।



जन्माष्टमी के अवसर पर कृष्ण लीला का मंचन करते कलाकार, मंदिर में मौजूद श्रद्धालु। फोटो: रंजन डिमरी

# तस्कर महिला पकड़ी, सवा किलोग्राम गांजा बरामद

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

मादक पदार्थ की आपूर्ति करने के आरोप में यहां के मजनूं का टीला इलाके से एक महिला को गिरफ्तार किया गया। महिला के पास से 1.25 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया है। आरोपी की पहचान सुनीता के रूप में हुई है। वह अरुणा नगर, मजनूं का टीला की रहने वाल है।

पुलिस ने बताया कि बुधवार रात करीब 11.15 बजे उन्होंने अरुणा नगर में एक महिला को हाथ में पॉलीथिन लेकर संदिग्ध रूप से घूमते देखा। जब महिला ने देखा कि पुलिस उस पर नजर रख रही है, तो उसने भागने की कोशिश की। लेकिन पुलिस ने उसे पकड़ लिया।

पॉलीथिन की जांच की तो उसमें 1.25 किलोग्राम गांजा मिला। पूछताछ में सुनीता ने खुलासा किया कि उसने शालीमार बाग के झुग्गी रेलवे फाटक, केला गोदाम से एक अनजान महिला से गांजा 10,000 रुपए प्रति किलोग्राम के हिसाब से खरीदा था।

आरोपी ने बताया कि वह पिछले कुछ महीनों से इस गतिविधि में शामिल है। सिविल लाइंस और बुराड़ी पुलिस थानों में आबकारी अधिनियम के तहत दर्ज पहले के पांच आपराधिक मामलों में भी वह शामिल थी।

## आईटीबीपी के तीन जवान एम्स में भर्ती

**नई दिल्ली।** भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) बल के तीन जवानों को विशेष इलाज के लिए शुक्रवार को श्रीनगर से एयरलिफ्ट कर दिल्ली लाया गया और उन्हें अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया है।

पिछले दिनों अमरनाथ यात्रा ड्यूटी से लौटने के दौरान उनकी बस एक गहरी खाई में गिर गई थी और वे गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उस हादसे में सात जवानों की मौत हो गई थी जबकि 32 लोग घायल हो गए थे।

आईटीबीपी के वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि तीनों जवानों को श्रीनगर से एयर एंबुलेंस से लाए जाने के बाद एम्स के ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया है।

# चार के खिलाफ आरोप तय करने का आदेश

दिल्ली दंगा

- आगजनी, उत्पात मचाने व विस्फोटक का इस्तेमाल का मामला

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



दिल्ली की एक अदालत ने वर्ष 2020 में पूर्वोत्तर दिल्ली में दंगों से संबंधित एक मामले से जुड़े विभिन्न अपराधों के लिए चार लोगों पर मुकदमा चलाया है। जिन अपराधों के लिए यह मुकदमा चलाया गया उनमें दंगा करना, आगजनी करके उत्पात मचाना या इमारत को नष्ट करने के लिए विस्फोटक पदार्थ का इस्तेमाल करना शामिल है। यह मामला 25 फरवरी, 2020 को एक पार्किंग स्थल के अंदर दंगे की घटना से संबंधित है। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश अमिताभ रावत ने शाहरुख, अश्विनी, आशु और जुबेर के खिलाफ आरोप तय करने का आदेश देते हुए कहा कि यह मानने के लिए आधार थे कि उन्होंने अपराध किया था। इस बीच, न्यायाधीश ने कासिम और खालिद अंसारी को यह कहते हुए बरी कर दिया कि उनके खिलाफ उनके बयानों के सिवाय कोई पुख्ता सबूत नहीं था।

अदालत ने 18 अगस्त के अपने आदेश में कहा कि आरोपपत्र की सामग्री के आधार पर, जिसका गवाहों के बयान द्वारा विधिवत समर्थन किया गया, यह रिकॉर्ड में आया कि 25 फरवरी, 2020 को शाम लगभग 4.30 बजे 100 से 250 दंगाइयों की भीड़ डंडों, पेट्रोल की बोतलों से लैस होकर आंबेडकर कॉलेज के पास एमसीडी पार्किंग में घुस गई।

अदालत के मुताबिक इस भीड़ में शाहरुख, अश्विनी, आशु और जुबेर शामिल थे। वर्तमान मामला ज्योति नगर पुलिस स्टेशन द्वारा पूर्वी दिल्ली नगर निगम (ईडीएमसी) पार्किंग के मालिक की शिकायत के आधार पर दर्ज किया गया था।

# हवाला से आतंकवादियों को पैसे पहुंचाने वाला गिरफ्तार

- दिल्ली और जम्मू पुलिस के संयुक्त अभियान में की गई कार्रवाई

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

आतंकी संगठनों लश्कर ए तैयबा और अल बद्र को हवाला के जरिए पैसे पहुंचाने के आरोप में पुलिस ने 48 वर्षीय एक कपड़ा व्यापारी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। दिल्ली के तुर्कमान गेट के निवासी मोहम्मद यासीन को दिल्ली पुलिस और जम्मू कश्मीर पुलिस तथा केंद्रीय एजेंसियों के संयुक्त अभियान के तहत गुरुवार को गिरफ्तार किया गया। पुलिस की पूछताछ के दौरान यासीन ने खुलासा किया कि दक्षिण अफ्रीका के जरिए भारत में हवाला का पैसा पहुंचता था, जिसके बाद सूरत और मुंबई में इसे एकत्र किया जाता था। विशेष पुलिस आयुक्त एचजीएस धालीवाल ने



बताया कि आरोपी मीना बाजार में वस्त्र की दुकान चलाता है और जम्मू कश्मीर में आतंकवादियों को पैसे पहुंचाने वालों के लिए दिल्ली में संपर्क का काम करता था। अधिकारी ने कहा कि हाल में भारत में आतंकी गतिविधियों के समर्थन के लिए दक्षिण अफ्रीका से हवाला के जरिए 24 लाख रुपये भेजे गए थे।

इसमें से यासीन ने दो व्यक्तियों के माध्यम से 17 लाख रुपये जम्मू कश्मीर स्थित आतंकवादी अब्दुल हमीद मीर को स्थानांतरित किए।

धालीवाल ने बताया कि पुलिस ने बुधवार को जम्मू बस अड्डे से मीर को गिरफ्तार किया और उसके पास से 10 लाख नकद बरामद किए। अधिकारी ने कहा कि बाकी के सात लाख रुपये उसके घर से बरामद किए गए।

# कनॉट प्लेस में उठाएं लजीज व्यंजनों का लुत्फ

## एलजी विनय कुमार सक्सेना ने तीन दिवसीय फूड फेस्टिवल का किया उद्घाटन

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



अगर आप पाव भाजी से लेकर ढोकले और दही भल्ले समेत अन्य लजीज व्यंजनों का मिट्टी के बर्तना में खाने का लुफ्त उठाना चाहते हैं तो आपको कनॉट प्लेस स्थित चरखा पार्क में आना होगा। इस पार्क में हल्दीराम से लेकर चायोज, कुल्हड़ चाय वाला, सरवना भवन, खानदानी पकोड़ा, जलेबा, राजस्थान व दक्षिण भारतीय व्यंजनों को लेकर विभिन्न नामचीन और स्थानीय फूड चेन के विक्रेताओं ने अपने स्टाल लगाए हैं।

यह फूड फेस्टिवल पर्यावरण के अनुकूल मिट्टी के बर्तनों को बढ़ावा देने के लिए आजादी का अमृत महोत्सव के कार्यक्रमों की श्रृंखला के तहत आयोजित किया जा रहा है। जिसका उद्घाटन उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने शुक्रवार को किया। पालिका परिषद क्षेत्र के फूड विक्रेताओं को उनके चयन में वरीयता दी जाएगी। ये सभी वेंडर सिंगल यूज प्लास्टिक के विकल्पों को बढ़ावा देने के लिए इको फ्रेंडली पॉटरी, मिट्टी के बर्तन में खाना बनाएंगे और परोसेंगे। पालिका परिषद के इस फूड फेस्टिवल के सफल आयोजन के लिए एनडीएमसी स्टॉल और सभी मूलभूत सुविधाएं नि:शुल्क उपलब्ध करा रही है। फेस्टिवल के पूरे क्षेत्र का रख-रखाव और सजावट एनडीएमसी द्वारा किया गया है। इस अवसर पर उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने कहा कि भारतीय पारंपरिक भोजन के विक्रेता और लजीत व्यंजनों के शौकिन इतनी बड़ी संख्या में इस उत्सव में भाग ले रहे हैं। उन्होंने खाना पकाने के पारंपरिक तरीके के महत्व पर भी जोर दिया, जो पारिस्थितिक रूप से व्यवहार्य मिट्टी और मिट्टी के बर्तनों के उपयोग के अलावा स्वस्थ और पौष्टिक भोजन को सुनिश्चित करता है। उपराज्यपाल ने बताया कि प्रधानमंत्री ने 2.5 करोड़ कुम्हारों को सशक्त बनाने के लिए एक योजना शुरू की थी, जिनकी आजीविका मिट्टी के बर्तन बनाने पर निर्भर है। जब भी हम मिट्टी के बर्तनों या कुल्हड़ का उपयोग करते हैं तो यह एक समुदाय को सशक्त बनाता है और इससे रोजगार पैदा करता है।

## प्लास्टिक के बदले मिट्टी के बर्तनों को मिलेगा बढ़ावा



यह पहली बार ऐसा फेस्टिवल हैं जिसमें सिंगल यूज प्लास्टिक के लिए प्रतिबंधित 19 वस्तुओं में से कोई भी वस्तु यहां उपयोग नहीं किया जा रहा है। एनडीएमसी द्वारा आयोजित इस फूड फेस्टिवल में विक्रेताओं को मिट्टी के बर्तनों में खाना पकाने और परोसने की शर्त पर नि:शुल्क स्थान व स्टाल उपलब्ध कराए गए हैं। एनडीएमसी सदस्य कुलजीत चहल ने बताया कि एनडीएमसी ने सिंगल यूज प्लास्टिक को उपयोग न करने के खिलाफ जंग छेड़ रखी है। लोगों को विकल्प दिखाने के लिए इस फूड फेस्टिवल का आयोजन किया जा रहा है।

International Institute of Information Technology, Naya Raipur
Plot No.7, Sector 24, Atal Nagar, Nava Raipur - 493661, (C.G.), India
M.TECH. SPOT ADMISSION 2022
Vacant seats will be allotted on Monday, 22nd August 2022 at IIIT-Naya Raipur. Candidates with a valid GATE score are eligible to apply. Applications can be filled online through the institute's own online spot counselling link till 11:59 PM of 21st August 2022. For details please visit https://www.iiitnr.ac.in/or contact 0771-2474182
Registrar

# जय कन्हैया लाल की : धूमधाम से मनाई श्रीकृष्णाटमी, बच्चे बने राधा-कृष्ण

## मनमोहक झाकियां बनीं श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



गुरुग्राम में जन्माष्टमी के अवसर पर राधा व कृष्ण की भूमिका में बच्चे।

**भगवान** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व शुक्रवार को शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों स्थित मंदिरों में धूमधाम से मनाया गया। मंदिरों की संचालन कमेटियों द्वारा इस पर्व के आयोजन की बड़े स्तर पर तैयारियां की हुई थी।

शहरी क्षेत्र स्थित सिद्धेश्वर, भूतेश्वर, घंटेश्वर, गीता भवन, पटेल नगर स्थित श्रीबांके बिहारी मंदिर, छोटे हनुमान मंदिर, प्रताप नगर के श्रीराम मंदिर, श्रीकृष्ण मंदिर, अर्जुन नगर के श्रीकृष्ण मंदिर, शिव मंदिर, हनुमान मंदिर, न्यू कालोनी के श्रीश्याम व श्रीराधा कृष्ण मंदिर, प्रेम मंदिर, गुफावाला मंदिर, सूर्य विहार के माता वैष्णो देवी मंदिर, सेक्टर-4 के श्रीकृष्ण मंदिर, बाबा प्रकाशपुरी आश्रम, सुशांत लोक, डीएलएफ, साउथ सिटी, पालम विहार स्थित मंदिरों तथा सेक्टर-45 व बादशाहपुर के इस्कॉन मंदिर में भी पूरे दिन श्रद्धालुओं की पूजा-अर्चना के लिए भीड़ लगी रही। श्रद्धालुओं का सैलाब मंदिरों में दिखाई दिया। इसी प्रकार ग्रामीण क्षेत्रों के गढ़ी-हरसरु के शिव मंदिर, इच्छापुरी फरुखनगर, पटौदी, बादशाहपुर, भौंडसी व सोहना आदि क्षेत्रों में भी भगवान श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की धूम रही। मंदिरों में भगवान श्रीकृष्ण के जन्म से जुड़े प्रसंगों तथा राधा-कृष्ण के प्रेम को चरितार्थ करती हुई झांकियां भी प्रदर्शित की गई। सभी मंदिरों में बनाई गई झांकियां श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बनी रहीं। श्रद्धालुओं ने श्रीकृष्ण यानि कि लड्डू गोपाल को पालने में झुलाकर अपनी श्रद्धा का प्रदर्शन किया। उधर जिला प्रशासन ने भी शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए व्यापक सुरक्षा प्रबंध किए थे, ताकि किसी प्रकार की कोई अप्रिय घटना घटित न हो सके। सभी मंदिरों के आस-पास बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी तैनात किए गए थे।

# गुरुग्राम की जनगणना में धांधली की होनी चाहिए जांच : उमेश अग्रवाल



गुरुग्राम स्थित अपने कार्यालय में पत्रकारों से बात करते पूर्व विधायक एवं आप नेता उमेश अग्रवाल।

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम की जनगणना में धांधली करके लोकतंत्र को कुचलने का प्रयास किया जा रहा है। सर्वे करने वाली एजेंसी ने अपने आकाओं के इशारे पर जनगणना में भारी धांधली की है। यह आरोप पूर्व विधायक एवं आम आदमी पार्टी के नेता उमेश अग्रवाल ने लगाए हैं। यह बात उन्होंने अपने कार्यालय में पत्रकार वार्ता में कही।

उन्होंने मांग की है कि जनगणना का सर्वे करने वाली एजेंसी और जिन आकाओं के इशारे पर यह काम किया गया है उनके खिलाफ सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई की जाये। पूर्व विधायक उमेश अग्रवाल ने कहा कि पहले वर्ष 2011 में जनगणना हुई थी और अब 2022 में की गई है। उन्होंने दोनों जनगणना में तुलनात्मक अध्ययन करके बताया कि वार्ड-1 के न्यू पालम विहार फेस-1 में पहले कुल आबादी 18917 दर्शायी गई थी, जिसको बढ़ाकर 23769 करके लगभग 5 हजार की बढ़ोतरी की गई है। वहां पर अनुसूचित जाति की जनसंख्या को 4585 से घटाकर 2248 किया गया है। न्यू पालम विहार फेस-2 में कुल आबादी 1513 थी, जबकि नयी जनगणना में मात्र 390 दर्शायी गई है। इस कॉलोनी में इतनी आबादी घटना किसी को भी समझ में नहीं आ रहा है। वार्ड एक में विष्णु गार्डन, जय विहार, स्वरूप गार्डन में अनुसूचित जाति की जनसंख्या 2359 थी, जो कि घटाकर 1405 दर्शायी गई है। वहां की कुल जनसंख्या करीब 10 हजार से बढ़ाकर 14595 हुई है। उन्होंने कहा कि यह वार्ड पहले अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित था तथा इस वार्ड को आरक्षण से मुक्त करने का प्रयास किया जा रहा है। वार्ड नंबर-2 के पालम विहार एक्सटेंशन में पिछली जनगणना में मात्र 717 जनसंख्या थी, जिसे बढ़ाकर 44426 दर्शाया गया है। इसी प्रकार वार्ड नंबर-3 के सेक्टर एक में 6 हजार व वार्ड-4 के डूंडाहेड़ा क्षेत्र में कुल आबादी 11 हजार बढ़ी है।

## संक्षिप्त समाचार

### शारदा अस्पताल ने मनाया आजादी का अमृत महोत्सव




**नोएडा।** शारदा अस्पताल ने आजादी का अमृत महोत्सव के शीर्षक के तहत भारत की शानदार उपलब्धियों के 75 साल पूरे होने का जश्न मनाया। डॉ. आदेश के. गडपयेले, चिकित्सा अधीक्षक, शारदा अस्पताल ने 75वें स्वतंत्रता दिवस के महत्वपूर्ण अवसर पर अस्पताल परिसर में राष्ट्रीय ध्वज फहराया। डॉ. गडपयेले के नेतृत्व में शारदा अस्पताल के पूरे स्टाफ ने जनसेवा का संकल्प दोहराया। स्टाफ ने अत्याधुनिक चिकित्सा और स्वास्थ्य सेवाओं को सुलभ बनाने के लिए अस्पताल की प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने मरीजों की सेवा को राष्ट्रीय विकास में इसके योगदान के रूप में बताया।

### ट्रैक्टर की टक्कर से कार सवार पिता-पुत्र घायल

**सोहना।** बल्लभगढ़-सोहना मार्ग पर गांव बादशाहपुर टैठड़ में ट्रैक्टर की टक्कर से कार सवार पिता-पुत्र घायल हो गए। घायल पिता-पुत्र को सोहना के नागरिक अस्पताल में दाखिल कराया। आरोपी चालक मौके पर ट्रैक्टर को छोड़कर भाग गया। खंड का गांव लाला खेड़ली निवासी अजीत सिंह ने सदर थाना सोहना पुलिस को बताया कि वह 15 अगस्त की रात करीब नौ बजे अपने घर से कार लेकर फरीदाबाद की तरफ जा रहा था। उसके साथ उसका बेटा लोकेश भी थी। जब वे पास के गांव बादशाहपुर टैठड़ के निकट पहुंचे। सिरोही की तरफ से तेज रफ्तार से आ रहा ट्रैक्टर ने उनकी कार को साइड मार दी। टक्कर लगने से कार असंतुलित होकर उल्टी दिशा में घूम गई और सड़क किनारे खड़ा डंपर से जा टकराई। डंपर से टकराने पर कार का अगला शीशा टूट गया और टूटे हुए शीशे से उसके बेटा लोकेश तथा उसे गंभीर चोटें आईं। कार की चालक साइड खिड़की भी क्षतिग्रस्त होने से उसे पैरों में भी चोटें आईं। आस-पास से दौड़कर आए ग्रामीणों ने उन्हें क्षतिग्रस्त कार से बाहर निकाला। निजी वाहन की मदद से सोहना के नागरिक अस्पताल में दाखिल कराया। पुलिस ने घायल कार चालक की शिकायत पर आरोपी ट्रैक्टर चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

### देवर्षि सचान ने बंगलोर में पदक जीतकर दिखाई ताकत



देवर्षि सचान।

**गुरुग्राम।** बंगलोर में 17 अगस्त से 20 अगस्त 2022 के बीच हुई इंडियन नेशनल ओपन पैराथेलेटिक चैंपियनशिप में देवर्षि सचान ने अपना एशियाई रिकॉर्ड कायम रखते हुए पहले दिन ही पदक जीत लिया। पारा एथलीट एवं समाजसेवी देवर्षि सचान को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर मंत्री डा. कमल गुप्ता ने सम्मानित किया था। इस अवसर पर मेयर मधु आजाद और उपायुक्त निशांत यादव ने देवर्षि सचान को उनके द्वारा की गई उपब्धियों के लिए शुभकामनाएं दीं। मंत्री कमल गुप्ता ने देवर्षि सचान को अब तक अर्जित किए मेडल 16 स्वर्ण, 3 रजत और 1 कांस्य पदक के साथ एशिया में प्रथम स्थान बनाने की उपलब्धि को सराहा था। उनके लिए भविष्य में ऐसे ही हरियाणा भारत वर्ष का नाम उज्जवल करने को प्रोत्साहित किया था। अब एशिया में देवर्षि सचान भारत का पहला स्थान बनाने में समर्थ हो चुके हैं। पूरे एशियाई देशों में भारत को सर्वप्रथम पहले पदान पर लाकर गौरव हासिल किया है।

### विश्व फोटोग्राफी दिवस पर फोटोग्राफर्स ने किया रक्तदान



भिवानी में विश्व फोटोग्राफी दिवस पर शिविर में रक्तदान करते फोटोग्राफर।

**भिवानी।** पालेराम ट्रस्ट के सौजन्य से विश्व फोटोग्राफी दिवस पर भिवानी के सामान्य अस्पताल के रक्तकोष में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर का उद्घाटन ट्रस्ट के संस्थापक सुरेंद्र संभ्वाल, देवेंद्र वर्मा डीके व रक्तवीर राजेश डुडेजा ने किया। इस अवसर पर रक्तदाताओं का हौसला बढ़ाते हुए पालेराम ट्रस्ट के संस्थापक सुरेंद्र संभ्वाल ने युवाओं को बदलते समय के अनुसार मानव रक्त को समाज की बड़ी जरूरत बताते हुए हर व्यक्ति को रक्तदान करके जरूरतमंदों की मदद करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि युवाओं के लिए आज जीवन चक्र को निर्धारित रखने के लिए योग और रक्तदान को अपनाना बेहद जरूरी हो गया है। यह कार्यक्रम युवा पीढ़ी को रक्तदान करने के लिए प्रेरित करता है। वही रक्तवीर राजेश डुडेजा व रक्तवीर मनीष वर्मा ने कहा कि रक्तदान युवाओं को अपनी आदत में शामिल करना होगा, इससे समाजसेवा के साथ दूसरों की दुआ भी मिलेगी। रक्तदान शिविर में 20 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया जिनके नाम है ,जयदीप कटारिया, कृष्ण कुमार, अमन सम्भरवाल, परमजीत, बंशी लाल दिनोद, प्रदीप कुमार, राकेश तंवर, सुमित कुमार, नरेंद्र सिंह, नीरज कुमार, विकास, प्रीतम सिंह, चिराग देव, बलवान मास्टर, रमेश अरोरा, मुकेश कुमार, सुनील कुमार, राजेश कुमार, गुलशन कुमार, गोविंद सिंह ने रक्तदान किया।

# पर्यावरण सुधारने को धरातल पर काम करें अधिकारी: प्रीतम पाल



गुरुग्राम के नागरिक अस्पताल का दौरा करते एनजीटी मॉनिटरिंग कमेटी के चेयरमैन पूर्व जस्टिस प्रीतम पाल सिंह।

**गुरुग्राम।** एनजीटी मॉनिटरिंग कमिटी के चेयरमैन पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश प्रीतम पाल सिंह ने शुक्रवार को यहां लघु सचिवालय में जिला पर्यावरण योजना के क्रियान्वयन को लेकर संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने एजेंडावार जिला पर्यावरण योजना के तहत तैयार की गई रूपरेखा को लेकर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में एनजीटी की सदस्य उर्वशी गुलाटी भी वर्चुअल माध्यम से जुड़ीं।

पूर्व जस्टिस प्रीतम पाल सिंह ने सम्बन्धित अधिकारियों को कहा कि बैठक का मुख्य उद्देश्य यही है कि जिला इन्वायरमेंट प्लान को लेकर जो कार्य किए जा रहे हैं, उसकी वास्तविक जानकारी हासिल हो सके। उन्होंने इस मौके पर जिला पर्यावरण योजना को लेकर एजेंडे में रखे बिंदुओं के बारे विस्तार से जानकारी हासिल करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। उन्होंने यह भी कहा कि जहां पर कूड़े का डिस्पोसल किया जाता है, वहां पर सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त होनी चाहिए। पूर्व जस्टिस प्रीतम पाल ने बैठक में यह भी कहा कि गुरुग्राम एक मेट्रोपोलिटन सिटी है। यहां शहर में साफ-सफाई व्यवस्था ठीक प्रकार से होने के साथ-साथ नेशनल हाईवे या स्टेट हाईवे के नजदीक भी सफाई व्यवस्था दुरुस्त होना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने सड़कों के किनारे सफाई व्यवस्था बनाए रखने की आवश्यकता पर बल दिया। इसके लिए उन्होंने नियमित तौर पर मॉनिटरिंग करने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने सीईओ जिला परिषद अनु श्योकंद से कहा कि वे गांवों में बीडीपीओ के माध्यम से मुनादी करवाना सुनिश्चित करवाएं कि गांवों में सड़कों के नजदीक कोई भी गंदगी न फैलाएं। ढाबों के नजदीक भी गंदगी न हो और यदि कोई नियमों की अवहेलना करता है तो उस पर कार्यवाही भी अमल में लाएं। पूर्व जस्टिस प्रीतम पाल सिंह ने अधिकारियों से कहा कि पर्यावरण को साफ-सुथरा बनाये रखने के लिये सभी को धरातल पर काम करने की जरूरत है।

**बाइक से पटाखे बजाए तो होगी इम्पाउंड :** उन्होंने मोटर व्हीकल एक्ट के तहत बुलेट (मोटरसाईकिल) से सम्बंधित साइलेंसर (नोईस कन्ट्रोलर) होता है। उसके विपरित यदि कोई नियमों की अवहेलना की है तो उसका वाहन इम्पाउंड करते हुए कार्रवाई करें। यानी अब बुलेट बाइक से पटाखे बजाने पर बाइक को जब्त किया जाएगा।

# सुधा को केन्द्रीय संसदीय बोर्ड सदस्य बनाने से पार्टी बढ़ेगी : सैनी

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**गुरुग्राम** की पूर्व सांसद एवं वरिष्ठ भाजपा नेत्री सुधा यादव को भाजपा के केंद्रीय संसदीय बोर्ड एवं केंद्रीय चुनाव समिति का सदस्य बनाए जाने से भाजपा नेताओं में भी खुशी की लहर है। सुधा यादव को भाजपा की दो सर्वोच्च समिति में जगह दिए जाने को भाजपा के प्रदेश सह-मीडिया प्रमुख अरविंद सैनी ने हरियाणा के लिए गौरव की बात बताया है।

अरविंद सैनी ने इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा का आभार जताते हुए कहा है कि केंद्रीय नेतृत्व ने हरियाणा की एक ईमानदार और जुझारू नेत्री को संसदीय बोर्ड और चुनाव समिति में लेकर हरियाणा की जनता के साथ-साथ पूरे देश की महिलाओं को सम्मान दिया है। अरविंद सैनी ने कहा कि सुधा यादव को नई राजनीति जिम्मेदारी से निश्चित ही भारतीय जनता पार्टी को देश और प्रदेश में मजबूती मिलेगी। हरियाणा भाजपा मीडिया सह प्रमुख ने कहा कि सुधा यादव जुझारू, ईमानदार और सबको साथ लेकर चलने वाली नेता है तथा हर समय पार्टी को समर्पित रहती हैं। सैनी ने कहा कि सुधा यादव राजनीति में नहीं आना चाहती थी, लेकिन मोदी जी के कहने पर राजनीति में आईं और खुद को जनसेवा के लिए समर्पित किया। लोगों के सुख-दुख में सदा साथ खड़े रहते हैं।



गुरुग्राम में पूर्व सांसद सुधा यादव को पौधा देकर स्वागत करते भाजपा प्रदेश सह-मीडिया प्रमुख अरविंद सैनी।

# पंजाबी बिरादरी महासंगठन के प्रतिनिधियों ने सुधा यादव को दी बधाई



पूर्व सांसद सुधा यादव का स्वागत करते पंजाबी बिरादरी महा संगठन के सदस्य।

**गुरुग्राम।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा गुरुग्राम की पूर्व सांसद सुधा यादव को केंद्रीय चुनाव समिति एवं केंद्रीय संसदीय बोर्ड में सदस्य बनाए जाने पर उन्हें पंजाबी बिरादरी महासंगठन की ओर से बधाई दी गई। महासंगठन के पुरुष एवं महिला इकाई के सदस्यों ने उन्हें पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया।

महासंगठन की महिला प्रकोष्ठ की अगुवाई ज्योत्सना बजाज और ज्योति वर्मा ने की। उनके साथ आशा हसीजा, शशि बजाज, वीना अरोरा, रचना बजाज, ललिता, सुधा शर्मा, सुदेश सेटिया, आशा चावला और सुरक्षा आदि उपस्थित रहे। इस अवसर पर सीकरी के साथ रमेश चुटानी, रमेश कालरा, धर्मिंदर बजाज, दलीप लूथरा, सुभाष कामरा, नरेश चावला, रमेश कामरा, ओपी कालरा, गजेंदर गोसाई, नंद गाबा, सुरेश थरेजा, सुरेश सेठी, बलदेव गुगलानी आदि उपस्थित रहे। पूर्व सांसद को बधाई देते हुए पंजाबी बिरादरी महासंगठन के प्रधान बोधराज सीकरी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी में कार्यकर्ताओं को सदैव सम्मान दिया जाता है। यह एक ऐसा राजनीतिक दल है, जिसमें हर वर्ग का विशेष ख्याल रखा जाता है। पूर्व सांसद सुधा यादव को केंद्रीय टीम में शामिल करना इसका उदाहरण है।

# बिजली निगम ने लगाया दो लाख 69 हजार रुपये का जुर्माना

## सीएम बिजीलेंस टीम ने तीन दिन पहले पलवल मार्ग की हंस इंकलेब कॉलोनी में मारा था छापा

**सोहना।** बिजली निगम ने पानी फैक्ट्री मालिक नवीन ट्रेडर्स पर घरेलू बिजली कनेक्शन को वाणिज्य में उपयोग करने पर दो लाख 69 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। पानी फैक्ट्री मालिक को जल्द ही जुर्माना जमा करने के आदेश दिए गए हैं।

मालूम रहे कि सीएम विजीलेंस टीम ने तीन दिन पहले शहर के पलवल मार्ग हंस इंकलेब कॉलोनी में पानी फैक्ट्री पर छापामारी की थी। जहां पर प्रतिबंधित प्लास्टिक पॉलीथिन का उपयोग करने पर नगर परिषद टीम ने 25 हजार रुपये का जुर्माना लगाया था। वहीं बिजली निगम की टीम ने फैक्ट्री मालिक नवीन ट्रेडर्स पर घरेलू बिजली मीटर कनेक्शन पर वाणिज्य कारोबार करने का आरोपी माना है। नवीन ट्रेडर्स ने 6 किलोवॉट का कनेक्शन निगम से लिया हुआ था। बिजली निगम के एसडीओ राहुल यादव ने बताया कि फैक्ट्री पर लॉड 11 किलोवॉट का पाया गया। जिसके आधार पर निगम ने आरोपी पर 2 लाख 69 हजार 497 रुपये का जुर्माना लगाया है। ये जुर्माना आरोपी को नोटिस के आधार पर दी गई समय सीमा में जमा कराना होगा। यदि आरोपी इस जुर्माने को समय पर जमा नहीं करता है तो उसके खिलाफ अदालत में याचिका दायर करवा जा सकती है।

### निगम को दो दिन में लाखों की आय

**बिजली** निगम द्वारा दो बड़ी एजेंसियों को दिए गए नोटिस में 10 लाख 69 हजार की कमाई हुई है। दिन में निगम द्वारा केआर मंगलम यूनिवर्सिटी और पानी फैक्ट्री मालिक को नोटिस देते हुए जुर्माना लगाए हैं। केआर मंगलम से निगम ने करीब 8 लाख रुपये वसूली होंगी। जबकि पानी फैक्ट्री मालिक से 2 लाख 70 हजार के करीब कमाई होगी।

# सिएट लिमिटेड एडब्ल्यूएस आईओटी और एनालिटिक्स के साथ डिजिटल रूप से हो रहा ट्रांसफॉर्म

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

## भारतीय टायर निर्माता ने नए डिजिटल इनिशिएटिव के मार्केट टाइम को कम किया

**अमेजॉन** डॉट कॉम कंपनी अमेजन वेब सर्विसेज (एडब्ल्यूएस) ने आज घोषणा की कि दुनिया भर में 100 से अधिक देशों में सेल्स के साथ भारत के अग्रणी टायर निर्माताओं में से एक, सिएट लिमिटेड स्मार्ट मैन्युफैक्चरिंग और सेंसर के साथ लोडेड इंटेलिजेंट टायर का आविष्कार करने के लिए एडब्ल्यूएस का उपयोग कर रहा है, जो टायरों में अलग अलग डेटा पॉइंट्स जैसे घिसाव के बारे में बता सकते हैं, जैसे घिसाव। इंटरनेट ऑफ थिंग्स (आईओटी), एनालिटिक्स और बिजनेस इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग सहित एडब्ल्यूएस की क्लाउड क्षमताओं की गहराई का उपयोग करते हुए, सिएट मैन्युफैक्चरिंग एफिसिएंसी को अनलॉक करने, एडब्ल्यूएस पर एसएपी के साथ डेटा-ड्रिवेन डिसीजन लेने और इनोवेटिव डिजिटल सर्विसेज लॉन्च करने के लिए कारखानों का डिजिटाइज कर रहा है। उदाहरण के तौर पर, एडब्ल्यूएस सर्विसेज का उपयोग करके, सिएट एक सलूशन डेवलप करने में सक्षम हुआ जो ऑटोमैटिक रूप से रेकमेंड करता है कि हिस्ट्री और रीयल-टाइम सप्लाई के आधार पर टायर डीलरों को कौन से टायर ऑर्डर करने चाहिए, जिससे कस्टमर एक्सपीरिएंस में सुधार हो सके।

सिएट लिमिटेड में डिजिटल और एनालिटिक्स (सीओई) के प्रमुख गणेश भट ने कहा, एडब्ल्यूएस ने मशीन लर्निंग, सर्वरलेस कंप्यूटिंग और डेटाबेस सर्विसेस जैसी क्लाउड क्षमताओं का उपयोग करके बेहतर कस्टमर एक्सपीरिएंस प्रदान करने में हमारी मदद की है। एडब्ल्यूएस के साथ, हम स्मार्ट मैन्युफैक्चरिंग क्षमताओं को बढ़ा सकते हैं और बहुत तेजी से नए प्रोडक्ट बना सकते हैं, जैसे कि इंटेलिजेंट टायर। इसके अलावा, हम अधिक प्रोसेस को ऑटोमेट करने के लिए क्लाउड का उपयोग करके सिस्टम मेंटेनेंस के बजाय इनोवेशन पर ध्यान केंद्रित कर सकते हैं। एडब्ल्यूएस में माइग्रेट करने से पहले, सिएट का ऑन-प्रिमाइसेस इंफ्रास्ट्रक्चर नई डिजिटल सर्विसेज की मांग के अनुरूप नहीं था। एजिलिटी में सुधार और इनोवेशन में तेजी लाने के लिए पहले कदम के रूप में, सिएट ने एडब्ल्यूएस पर एक आधुनिक एसएपी एस/4हाना एंटरप्राइज रिसोर्स प्लानिंग (ईआरपी) प्लेटफॉर्म इम्प्लीमेंट किया। फिर एक एडब्ल्यूएस सर्विस अमेजन विकसाइट का उपयोग करते हुए, जो सिएट कर्मचारियों को डेटा को आसानी से समझने में मदद करती है, सिएट ने फैक्टरी और एंटरप्राइज डेटा का उपयोग करके रीयल-टाइम एनालिटिक्स डैशबोर्ड सेट अप किया। डेटा एनालिटिक्स ने कंपनी को सुरक्षित राइड के लिए इनोवेटिव और हाई क्वालिटी वाले टायर डेवेलप करने में मदद करने की इनसाइट को अनलॉक किया, जिसमें कमर्शियल फ्लीट ऑपरेटरों के लिए इंटेलिजेंट टायर भी शामिल हैं। इंटेलिजेंट टायर में क्लाउड से जुड़े बिल्ट-इन टेलीमेट्री सेंसर होते हैं, जो लीक और टायर फेलियर का पता लगाने के लिए प्रेशर और तापमान सहित टायर डेटा रिकॉर्ड करते हैं।

# खंड की 35 ग्राम पंचायतों में 52 हजार मतदाता करेंगे मतदान

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

> ग्राम पंचायत चुनाव की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। मतदाता सूची ऑनलाइन कर दी गई है।
>
> परमेन्द्र सिंह
> बीडीपीओ

**खंड** में 13 सितम्बर को होने वाले 35 ग्राम पंचायत के चुनाव में 52311 मतदाता अपने मत का उपयोग करेंगे। जिसमें पुरुषों की अपेक्षा महिला मतदाता की संख्या ज्यादा है। प्रदेश में ग्राम पंचायत समेत समिति सदस्य और जिला परिषद चुनाव का बिगुल बज चुका है। वसी खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी प्रशासन ने लंगोट कस लेने के साथ कवायद शुरू कर दी है।

इस बार के पंचायत चुनाव में 35 ग्राम पंचायत के 52 हजार 311 मतदाता अपने मत का प्रयोग करेंगे। जिसमें कुल महिला मतदाता 27 हजार 890 और पुरुष मतदाता की संख्या 24421 है। पुरुषों से महिला मतदाता की संख्या 3469 अधिक है।

### 35 सरपंच और 318 पंच का चुनाव

**खंड** के 52 हजार मतदाता 35 सरपंच, 318 पंच, 14 समिति सदस्य और दो जिला परिषद सदस्य चुनेंगे। 35 पंचायतों में सबसे ज्यादा मतदाता घामडौज गांव में 3986 है। सबसे कम मतदाता ग्राम पंचायत रानी का सिंघौला में 434 है। रानी का सिंघोला और चमनपुरा ग्राम पंचायत के मतदाता पहली बार सरपंच और पंच का चुनाव करेंगे। अब तक ये दोनों पंचायतों दूसरी पंचायतों के साथ थी।

### पंचायतों में मतदाता सूची पूरी

**पंचायत** विभाग की तरफ से सभी ग्राम पंचायतों में मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन कर दिया गया है। इस बार करीब तीन हजार मतदाता की संख्या बढ़ी है।

# 19 अगस्त से शुरू होगा इंडो-जापानी सीटीओ क्लब का 8वां लाइव समिट

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली




**आईजेसीटीओ** की आयोजन समिति के सेक्रेटरी और कोर्स डायरेक्टर्स इंडो-जापानी सीटीओ क्लब के 8वें लाइव समिट का आयोजन कर रहे हैं। यह तीन दिवसीय कार्यक्रम 19 अगस्त 2022 से शुरू होगा। जो लीला एंबियंस होटल, गुड़गांव में आयोजित किया जाएगा। सम्मेलन का उद्घाटन अनिल विज (गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री-हरियाणा सरकार) द्वारा 19 अगस्त को शाम 5 बजे किया जाएगा।

मेडिट्रिना अस्पताल के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ एन. प्रताप कुमार ने कहा, इवेंट मेडिसिन के क्षेत्र में नए अवसरों को सीखने, बातचीत करने और नए अवसरों को अनलॉक करने के साथ-साथ मौजूदा गैप्स को दूर करने के लिए एक विशेष मंच प्रदान करेगा। इस मीटिंग की अध्यक्षता हैदराबाद के कोर्स डायरेक्टर्स डॉ सूर्यप्रकाश राव, मुंबई के डॉ गणेश कुमार और लखनऊ के डॉ पीके गोयल के अलावा केरल के डॉ प्रताप कुमार ने की। यह आयोजन दुनिया भर के विशेषज्ञों की मेजबानी करेगा। कुछ नामों में जापान के डॉ. केन्या नासु और डॉ. नागमात्सु, जर्मनी से डॉ. गेराल्ड वर्नर, इटली से डॉ. अल्फ्रेडो गैलेसी, कनाडा से डॉ संजोग कालरा शामिल हैं। लाइव केस ट्रांसमिशन केस में मेडिट्रिना हार्ट सेंटर, सिविल हॉस्पिटल, गुड़गांव, केयर हॉस्पिटल बंजारा, हैदराबाद, सकूरबक्शी वतनबे हॉस्पिटल, जापान, डार अल फौद हॉस्पिटल, मिस्र जैसे अस्पताल शामिल होंगे।

एक सम्मेलन के रूप में आईजेसीटीओ, क्रॉनिक टोटल ऑक्लूजन-सीटीओ (हृदय को रक्त की आपूर्ति करने वाली आर्टरीज में 100 फीसद ब्लॉक वाले रोगी) के क्षेत्र में सभी विकासों को शामिल करने के लिए लगातार सफल रहा है। पहले इन मरीजों का इलाज सिर्फ हार्ट सर्जरी से होता था लेकिन अब एंजियोप्लास्टी से भी इन मरीजों का इलाज किया जा सकता है। आईजेसीटीओ सम्मेलन के पिछले 7 संस्करणों में नए हृदय रोग विशेषज्ञ को सीटीओ केसेस ऑपरेट करने के लिए आवश्यक बारीक जानकारी, स्किल और टेक्नोलॉजी को समझने के लिए, शिक्षा प्रदान की जाती है। फेलो और युवा इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजिस्ट के लिए एक फेलो कोर्स होगा। 19 अगस्त होने वाले इस फेलो कोर्स के लिए कम से कम 300 कार्डियोलॉजिस्ट के शामिल होने की उम्मीद है। आईजेसीटीओ भारतीय और जापानी इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजिस्ट द्वारा सीटीओ पीसीआई में सामूहिक रूप से अपने ज्ञान और अनुभव को बांटने का एक प्लेटफॉर्म है।

# त्योहारी सीजन और उमस में बढ़े उल्टी दस्त के मरीज

**कविता।** फरीदाबाद

**त्योहारों** में मिलावटी मिठाइयों व खाद्य पदार्थो के इस्तेमाल और गर्मी व उमस के चलते डायरिया (उल्टी-दस्त) का प्रकोप जिले में बढ़ गया है। जिसे लेकर स्वास्थ्य विभाग सतर्क है, लेकिन इसके बावजूद भी आज अस्पतालों में उल्टी दस्त, बुखार, जुकाम व खांसी के मरीजों की संख्या बढ़ रही है। शुक्रवार को बीके अस्पताल में एक-एक बिस्तर पर दो-दो मरीज भर्ती थे। ऐसे में कई मरीजों को स्ट्रेचर पर भर्ती देखा गया। ड्यूटी पर तैनात नर्सिंग ऑफिसर ने बताया कि उल्टी-दस्त के अधिक मरीज हैं।

### शुक्रवार को थे अपातकालीन कक्ष में भर्ती एक बिस्तर पर दो-दो मरीज

वहीं बुखार, सांस, जुकाम और बुखार के मरीज भी काफी आ रहे हैं। ओपीडी बंद होने के कारण शुक्रवार को आपातकालीन कक्ष में मरीजों की संख्या बढ़ गई। एक बिस्तर पर दो मरीज लेटे थे। इन बीमारी के करीब 30 मरीज रोजाना अस्पताल में आ रहे है। उनका कहना है कि बच्चों से लेकर बुजुर्गो तक को यह बीमारी अपनी चपेट में ले रही है।



बीके अस्पताल में एक-एक बिस्तर पर भर्ती दो-दो मरीज।



आपातकालीन कक्ष में स्ट्रेचर पर भर्ती मरीज व भीड़।

**क्या है डिहाईड्रेशन :** बादशाह खान अस्पताल के वरिष्ठ चिकित्सक अधिकारी डॉ. योगेश गुप्ता ने बताया कि डिहाईड्रेशन शरीर में पानी की कमी को कहते हैं। शरीर में नमक का भी असंतुलन हो सकता है। बहुत अधिक डिहाईड्रेशन जानलेवा भी हो सकता है। उन्होंने बताया कि इसके लिए तुरंत अस्पताल जाना चाहिए। अगर हल्का डिहाईड्रेशन है तो अस्पताल में दखिल करें और फिर घर पर आगे का इलाज कर सकते हैं। अगर डिहाईड्रेशन नहीं है, किंतु शरीर में किसी कारण से पानी कम हो रही है, तो घर में उसका इलाज किया जा सकता है।

**बचाव और उपाय :** डा. गुप्ता ने बताया कि हर स्थिती में, हर आधे घंटे पर जांचना चाहिये कि डिहाईड्रेशन अधिक हो रहा है कि कम हो रहा है? अगर चार घंटे में हालत सुधर नहीं रही है या पानी या तरल खाद्य पदार्थ नहीं पीया जा रहा है तो तुरंत इलाज के लिए अस्पताल जाना चहिये। अगर डिहाईड्रेशन है तो ओआरएस का घोल तुरंत दें। उन्होंने बताया कि डायरिया होने पर मरीज खाना पीना बंद कर देता है या फिर बहुत कम खाना खाता है। यदि तबियत अधिक बिगड़ रही है। बुखार ज्यादा है या पैखाने में खून आ रहा है तो यह सभी लक्षण डिहाईड्रेशन के हैं।

# पंचायती राज संस्थाओं में पिछड़ा वर्ग के आरक्षण को लेकर हुई सुनवाई

### नूह के विधायक मोहम्मद आफताब ने दिए लिखित और मौखिक सुझाव

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**हरियाणा** पिछडा वर्ग आयोग एवं पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश न्यायमूर्ति दर्शन सिंह ने हरियाणा पंचायती राज संस्थाओं में पिछड़ा वर्ग के आरक्षण को लेकर हरियाणा पिछड़ा वर्ग आयोग ने फरीदाबाद, पलवल और मेवात जिलों के लिए आज शुक्रवार 11 बजे जन सुनवाई की।

पिछडा वर्ग आयोग के चेयरमैन कम न्यायमूर्ति दर्शन सिंह ने लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि हरियाणा में सम्भावित पंचायती राज जनप्रतिनिधियों के चुनावों के लिए पिछडा वर्ग के लिए आरक्षण के प्रावधान के लिए अपने सुझाव लिखित और मौखिक रूप साझा करें। आपके सभी सुझावों पर हरियाणा पिछडा वर्ग आयोग गहनता से क्रियान्वयन करके पंचायती राज जनप्रतिनिधियों के लिए चुनावों में सिफारिशों के लिए सरकार के माध्यम से हरियाणा चुनाव आयोग को भेजा जाएगा। आयोग द्वारा यह पब्लिक हियरिंग अर्थात जनसुनवाई फरीदाबाद सेक्टर-12 कैन्वैशन हाल में की गई।



सेक्टर-12 स्थित कंवेशन हाल में लोगों की जन सुनवाई करते हरियाणा पिछड़ा वर्ग आयोग के चेयर मैन कम सेवानिवृत न्यायमूर्ति दर्शन सिंह।

हरियाणा पिछड़ा वर्ग आयोग पंचायती राज संस्थाओं में पिछड़ा वर्ग को आरक्षण देने को लेकर मंडल मुख्यालयों पर पब्लिक हियरिंग अर्थात जनसुनवाई कर रहे हैं। इसी कड़ी में आज शुक्रवार को हरियाणा पिछड़ा वर्ग आयोग ने एक पब्लिक नोटिस जारी करते हुए मंडल मुख्यालयों पर जनसुनवाई का कार्यक्रम आयोजित किया। इस कार्यक्रम के अनुसार आज 11ः00 बजे सेक्टर-12 के कन्वेंशन हाल में हरियाणा पिछड़ा वर्ग आयोग जन सुनवाई की गई। फरीदाबाद में फरीदाबाद मंडल ने पड़ने वाले तीनों जिलों अर्थात फरीदाबाद, पलवल तथा मेवात जिलों के लिए जनसुनवाई आयोजित की गई थी।

जनसुनवाई में नूह के विधायक मोहम्मद आफताब अहमद करीब दो दर्जन पिछडा वर्ग से सम्बंधित प्रतिनिधियों ने व्यक्ति, समूह, संगठन, सामाजिक विचारक, प्रबुद्ध नागरिक या इस विषय में रुचि रखने वाले व्यक्तियों ने पंचायती राज संस्थाओं में पिछड़ा वर्ग को आरक्षण दिए जाने के पक्ष में या विरोध में अपने विचार आयोग के समक्ष रखे। इनमें पलवल जिला के डाक्टर दयाकिशन बघेल, एडवोकेट आरसी गोला,चरण सिंह, फरीदाबाद जिला के रामचन्द्र जागंडा,औमप्रकाश,मंगलसेन,जोगपाल , एडवोकेट धनीराम, एनके मैथीन,नन्द किशोर, आरबी राठौड़, मुक्ति मोहम्मद, सत्यदेव पांचाल, मुकेश कुमार, जोगेन्द्र सिंह, शिव कुमार, चमन प्रकाश, तिगावं के सुरेन्द्र वर्मा, बल्लबगढ के हरीराम पांचाल, पुन्हाणा जिला नूह के फखरुद्दीन पिछड़ा वर्ग आयोग की जनसुनवाई में हिस्सा लेकर अपने लिखित और मौखिक विचार देने के लिए सेक्टर-12 के कन्वेंशन हाल में पहुंचे थे।

पिछडा वर्ग आयोग के सदस्य सचिव मुकुल कुमार ने कहा कि पिछडा वर्ग के लोगों को हरियाणा में पंचायती राज जनप्रतिनिधियों के चुनाव में आरक्षण के लिए लिखित और मौखिक सुझाव साझा करें। जिनकी सिफारिश आयोग द्वारा सरकार के माध्यम से हरियाणा चुनाव आयोग को की जाएगी। जिला प्रशासन की तरफ से एसडीएम बल्लभगढ़ त्रिलोक चंद ने स्वागत किया। वहीं समापन अवसर पर एसडीएम फरीदाबाद परमजीत चहल ने सभी का धन्यवाद किया।

# टोल और बस किराया बचाने को बनाया पुलिस का फर्जी आई कार्ड

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**डीसीपी** क्राइम मुकेश कुमार मल्होत्रा के दिशा निर्देश के तहत कार्य करते हुए क्राइम ब्रांच 30 प्रभारी इंस्पेक्टर रविंद्र की टीम ने एक आरोपी को यूपी पुलिस की फर्जी आईडी तथा 4 फर्जी आधार कार्ड के साथ गिरफ्तार किया है।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी तेजपाल मथुरा के नंगला दीपा गांव का रहने वाला है। आरोपी की उम्र करीब 25 वर्ष है। क्राइम ब्रांच की टीम ने गुप्त सूत्रों के सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपी को फर्जी आईडी कार्ड के साथ बाईपास रोड से काबू कर लिया। आरोपी के कब्जे से यूपी पुलिस कांस्टेबल का फर्जी आईडी कार्ड तथा चार फर्जी आधार कार्ड बरामद किए गए। आरोपी के कब्जे से बरामद की गई यूपी पुलिस की आईडी पर आरोपी का नाम, फोटो तथा उसका सही पता लिखा हुआ था। परंतु आरोपी यूपी पुलिस में कार्यरत नहीं है। वहीं जो आधार कार्ड आरोपी के कब्जे से बरामद किए गए हैं उसमें आरोपी ने अपना फोटो लगा रखा है परंतु चारों आधार कार्ड में नाम अलग-अलग है। पूछताछ करने पर आरोपी कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे पाया। जिसके पश्चात आरोपी को पुलिस थाना सेक्टर 31 लाकर उसके खिलाफ धोखाधड़ी तथा फर्जी कागजात तैयार करने की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज करके अदालत में पेश किया गया। जहां से उसे तीन दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। प्राथमिक पूछताछ में सामने आया कि आरोपी का बड़ा भाई यूपी पुलिस में सिपाही तथा पिता होमगार्ड की नौकरी करता है। यह फर्जी आईडी कार्ड वह बस किराया तथा टोल टैक्स बचाने के लिए अपने पास रखता था।



यूपी पुलिस की फर्जी आईडी रखने के आरोप में गिरफ्तार तेजपाल।

# बिना अनुमति चल रहे अहाते पर सीएम फ्लाइंग ने की छापेमारी

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**बदरपुर** बार्डर के पास रोड किनारे बिना अनुमति अवैध रूप से चल रहे अहाते पर सीएम फ्लाइंग ने कार्रवाई की है। उड़नदस्ते की टीम ने मुखबिर की सूचना पर मौके पर पहुंचकर अहाता संचालक से लाइसेंस व अन्य कागजात मांगे। लेकिन संचालक कागजात नहीं दिखा सका। इसके बाद सीएम फ्लाइंग ने आबकारी विभाग को मौके पर बुला लिया।

सराय ख्वाजा थाना में संचालक के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई। सीएम फ्लाइंग के डीएसपी राजेश चैची का कहना है कि शहर में अवैध रूप से चल रहे अन्य अहाते के खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी। जानकारी के अनुसार फरीदाबाद में आबकारी विभाग की ओर से करीब 60 जोन बनाए गए हैं। नियमानुसार एक जोन में चार शराब के ठेके खोले जा सकते हैं। इसके अलावा एक जोन में एक ही ठेके को अहाते खोलने की अनुमित दिए जाने का प्रावधान है। लेकिन शहर में ऐसे कई लाइंसेंसी शराब ठेका संचालक हैं, जो अहाते के लिए आनलाइन आवेदन करने के साथ ही अपने ठेके पास अहाते शुरू कर देते हैं। जहां मिलने वाले खान-पान की गुणवत्ता पर सवाल उठते रहते हैं।




## तीन दिवसीय राष्ट्रीय ग्रैपलिंग चैंपियनशिप शुरू

**फरीदाबाद।** 15वीं राष्ट्रीय ग्रैपलिंग प्रतियोगिता का उद्घाटन ऋषिकुल विद्यापीठ सोनीपत में खेल एवं युवा मामले मंत्री हरियाणा सरकार ओलिंपियन एवं अर्जुन अवार्डी सरदार संदीप सिंह के द्वारा किया गया। इसकी जानकारी देते हुए ग्रैपलिंग फैडरेशन आफ इंडिया के महासचिव नरेंदर मोर ने बताया कि इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता का तीन दिवसीय आयोजन 19 अगस्त से 21 अगस्त तक किया जा रहा है।

विशेष अतिथि के तौर पर बिजेंद्र गोयल पूर्व मंत्री झारखड सरकार व मनोज वर्मा डिप्टी एडिटर लोकसभा टीवी ने शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता ओपी नरवाल डीआईजी लॉ एंड आर्डर एण्ड एडमिन हरियाणा व अध्यक्ष भारतीय ग्रैपलिंग महासंघ ने की। खेल मंत्री संदीप सिंह ने अपने सम्बोधन में कहा कि ग्रैपलिंग को हर मुकाम पर स्थापित किया जाना चाहिए।

# सफाई मित्र सुरक्षा के साथ मनाया स्वतंत्रता दिवस

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**नेशनल** फीकल स्लज एंड सेप्टेज मैनेजमेंट (एनएफएसएसएम) अलायंस, ने आवास शहरी मामले मंत्रालय (एमओएचयूए) और सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय (एमओएसजेई) के साथ आजादी का अमृत महोत्सव मनाया। एनएफएसएसएम एक सहयोगी निकाय है जो भारत में फीकल स्लज एंड सेप्टेज मैनेजमेंट (एफएसएसएम) पर जागरुकता लाने का प्रयास कर रहा है। इस अवसर पर, 'सफाई मित्र सुरक्षा : मैनहोल टू मशीन होल' विषय पर एक वर्चुअल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री मनोज जोशी, सचिव, आवास एवं शहरी मामलों के मंत्रालय और आर सुब्रह्मण्यम, सचिव, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय ने की।

कार्यक्रम के दौरान हुई चर्चाओं में सफाई कर्मचारियों से जड़ी कुछ प्रमुख चुनौतियों जैसे कि सफाई कर्मियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए मैकेनाइज्ड सॉल्यूशन और उपकरणों की आवश्यकता, सामाजिक सुरक्षा एवं वित्तीय स्थिरता के प्रावधान और सफाई कर्मियों की कार्य स्थितियों में आमूलचूल सुधार के लिए आवश्यक समर्थन जुटाने आदि पर ध्यान केंद्रित किया गया। इस समस्या की गंभीरता को स्वीकार करते हुए, सरकार ने सफाई से जुड़े कार्यों को सुव्यवस्थित करने और कल्याणकारी योजनाओं, क्षमता निर्माण की पहल और सबसे बेहतरीन तकनीकों को अपनाते हुए इस क्षेत्र को संगठित स्वरूप देने पर जोर दिया है। अपनी तरह के पहले संयुक्त प्रयास के रूप में एमओएचयूए और एमओएसजेई ने नमस्ते योजना की शुरुआत की है। इसका उद्देश्य शहरी भारत में सफाई कर्मियों की सुरक्षा और गरिमा सुनिश्चित करना है और साथ ही उन्हें सुरक्षा गियर एवं मशीनें उपलब्ध कराना है, ताकि वे बेहतर तरीके से काम कर सकें।



लॉन्च के बारे में बात करते हुए, मनविता बरदी, डायरेक्टर, अर्बन मेनेजमेंट सेंटर, सदस्य एनएफएसएसएम एलायंस और मेघना मल्होत्रा, डिप्टी डायरेक्टर, अर्बन मेनेजमेंट सेंटर, सदस्य, एनएफएसएसएम एलायंस ने कहा, 'भारत की बढ़ती शहरी आबादी ने सेनिटेशन के क्षेत्र पर बहुत दबाव डाला है। वहीं इसके चलते सफाई कर्मियों की स्थिति और भी खराब हुई है, साथ ही उनकी जान पर खतरा बढ़ा है।

# बाढ़ संभावित यमुना किनारे की कॉलोनियों का किया दौरा

### जेजेपी प्रदेश प्रवक्ता उमेश भाटी ने अपनी टीम के साथ लोगों से की मुलाकात

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**जेजेपी** प्रदेश प्रवक्ता उमेश भाटी ने अपनी टीम के साथ युमना किनारे बसी कॉलोनियों को दौरा किया। वैसे दिल्ली में यमुना नदी का जलस्तर लगातार कम हो रहा है, लेकिन गुरुवार को पानी खतरे के निशान 205.5 मीटर से थोड़ा ऊपर ही है।दिल्ली के बाढ़ नियंत्रण कक्ष के अनुसार, बेशक जल स्तर स्थिर हो गया हो । लेकिन खतरा अभी कम नहीं हुआ है।

दिल्ली से सटे फरीदाबाद की बात करे तो यमुना किनारे बसे बसंतपुर,शिव एंकलेव बल्लभगढ़ के शाहपुरा खादर और गांव अरवा में यमुना का पानी खेतों तक कभी भी पहुंच सकता है। इन सब के बीच शुक्रवार की सुबह जेजेपी प्रदेश प्रवक्ता उमेश भाटी ने अपनी टीम के साथ यमुना किनारे बसे कॉलोनियों का दौरा किया। मौके पर मौजूद पीड़ित लोगों से बातचीत की। उन्होंने कहा की यमुना का जलस्तर खतरे के निशान पर बना हुआ है। शनिवार को देखना होगा कि जलस्तर कम होता है या बढ़ता है। मौके पर जेजेपी प्रदेश प्रवक्ता ने आस पास कई इलाकों का दौरा किया। और लोगों से बातचीत कर पूरी जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने कहा की जिन लोगों के घरों में पानी भर गया है वह लोग पहले ही खतरे को भांपते हुएं घर खाली कर के जा चुके है। प्रशासन उनके साथ है लेकिन ज्यादातर लोग अब भी अपने घरों में रह रहे है ऐसे में उमेश भाटी ने स्थानीय लोगों से कहा की प्रशासन द्वारा यमुना किनारे बसे इलाकों पर नजर रखी जा रही है। वहीं सरपंचों को और जिले के अधिकारियों को संभावित बाढ़ से निपटने के लिए जरुरी दिशा-निर्देश भी जारी किए जा चुके हैं। क्यों यमुना से सटे होने के कारण हर साल इस तरह की परेशानियां लोगो के सामने आती है। उससे निपटने के लिए जिला फरीदाबाद पूरी तरह से अलर्ट है। और लोगो को पहले ही अलर्ट कर दिया गया है। अगर शनिवार को जलस्तर बढ़ता है तो लोगों के रहने के लिए अस्थायी शिविर बनाने की तैयारी की है। सिंचाई विभाग के अधिकारी खुद नदी के किनारे के गांवों का दौरा करके जायजा ले रहे है। प्रदेश प्रवक्ता उमेश भाटी ने लोगो से बातचीत करते हुएं कि घबराने की जरूरत नहीं है ।



बसंतपुर शिव कालोनी में भरा यमुना नदी का पानी।

हरियाणा सरकार पूरी तरह से आप के साथ है। प्रशासन और सरकार इसको लेकर नजर बनाए हुए है। इस बार अब तक यमुना में 2.21 लाख क्युसेक पानी छोड़ा गया है जो इस साल अभी तक छोड़ा गया सर्वाधिक पानी है। आम तौर पर हथिनीकुंड बैराज में जल प्रवाह दर 352 क्यूसेक होती है, लेकिन जलग्रहण क्षेत्रों में भारी बारिश के बाद पानी का प्रवाह बढ़ जाता है। बैराज से छोड़े गए पानी को राष्ट्रीय राजधानी तक पहुंचने में आमतौर पर दो से तीन दिन लगते हैं। दिल्ली में नदी से सटे फरीदाबाद यमुना इलाके में इसके आने पर अगर खतरा बनता है तो प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट है। दौरा करने वालों में गगन सिसोदिया , निज़ाम खान, अहमद अली कई जेजेपी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# परिवहन मंत्री ने रोडवेज बस में खुद टिकट चेक की



बस में चैकिंग करते कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा।

**फरीदाबाद।** हरियाणा सरकार के परिवहन विभाग के कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने खुद आज शुक्रवार को केजीपी दिल्ली पर अचानक केजीपी होते हुए उतर प्रदेश के काशीपुर रामनगर जाने वाली रोहतक डिपो की बस को रोक कर यात्रियों की टिकटों को चैक किया।

परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने बस में चढ़कर यात्रियों की टिकट भी की चैक करके चालक और परिचालक को दिशा-निर्देश भी दिए। आपकों बता दें चंडीगढ़ से फरीदाबाद जाते वक्त परिवहन मंत्री ने केजीपी से गुजर रही हरियाणा रोडवेज की रोहतक की बस को रूकवाया। यात्रियों से रोडवेज के चालक और परिचालक के व्यवहार के बारे में जानकारी ली। बस में यात्री पूरे होने और सभी पर टिकट पाए जाने के बाद चालक और परिचालक को दिशा-निर्देश देकर बस को आगे रूट पर भेजा गया। परिवहन मंत्री पण्डित मूलचंद शर्मा ने चालक परिचालक की ईमानदारी को देखते प्रदेश के सभी चालक और परिचालकों को अपने विभाग के साथ ईमानदारी से कार्य करने का भी अपील भी की है। उन्होंने कहा की आज प्रदेश में रोडवेज का बेड़ा मजबूत हुआ है।

## संक्षिप्त समाचार

### श्रीगोपाल मंदिर ट्रस्ट में धूमधाम से मनाई जन्माष्टमी



**बल्लभगढ़।** बल्लभगढ़ स्थित श्रीगोपाल मंदिर ट्रस्ट में धूमधाम से जन्माष्टमी का आयोजन किया गया। जिसमें बाहर से कलाकारों को बुलाया गया। जिन्होंने अपनी सुंदर प्रस्तुति कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस दौरान बाल कृष्णजी की सुंदर झांकी प्रस्तुत की गई। जिसमें बाल कृष्ण अपनी लीला दिखा रहे हैं। बाल कृष्ण की झांकी ने सभी का मन मोह लिया। मंदिर के प्रधान जनकराज शर्मा ने कृष्ण की लीलाओं का वर्णन किया। महेंद्र अरोड़ा, कृष्ण भटेजा द्वारा आए हुए सभी श्रोताओं को प्रसाद वितरण किया गया।

### पुलिस ने खोजा विदेशी नागरिक का मोबाइल

**फरीदाबाद।** सेक्टर-21 सी स्थित पार्क प्लाजा होटल में गत 18 अगस्त को ग्रीस देश निवासी एक विदेशी परिवार आकर रुका। जिसके बाद वह टैक्सी ने अमृता हॉस्पिटल के लिए निकले थे, जहां उनका एक मोबाइल फोन खो गया। जिस पर उन्होंने अनखीर पुलिस चौकी को सूचना दी। जिसकी सूचना पाकर एसआई देशराज और एचसी प्रवीन कुमार ने उनका मोबाइल खोजकर उन्हें अगले दिन वापस किया। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार सेक्टर-21 सी स्थित एक होटल में रुके विदेशी परिवार को उसका खोया हुआ मोबाइल फोन पुलिस ने लौटाया है। जिस पर विदेशी परिवार ने दोनो पुलिसकर्मियों का तहे दिल से धन्यवाद किया है। इसकी जानकारी देते हुए अनखीर चौकी के एसआई देशराज ने बताया कि उन्हें विदेशी परिवार ने सूचना दी कि उनका फोन सेक्टर-21 सी से नए बने अमृता हॉस्टिपल तक जाने के दौरान कही खो गया है। बृहस्पतिवार को मिली सूचना पर उन्होंने हैंड कॉन्स्टेबल प्रवीन को साथ लेकर मोबाइल की खोज शुरू कर दी।

### विश्व हिन्दू परिषद ने मनाया अमृत महोत्सव



**फरीदाबाद।** विश्व हिन्दू परिषद ने भी एक तिरंगा रैली का आयोजन किया। इस रैली में हजारों भाई-बहनों ने हिस्सा लिया। कोई स्कूटर पर, कोई कार में, कोई ट्रैक्टर जीप एवं कोई पैदल मार्च कर रहा था। अलायंस क्लब इंटरनैशनल डिस्ट्रिक्ट 150 फरीदाबाद शाखा ग्रीन के पदाधिकारियों ने इस रैली का स्वागत करने के लिए लक्ष्मी नारायण मंदिर सेक्टर 16, फरीदाबाद को चुना। इस व्यवस्था को करने के लिए लक्ष्मी नारायण मंदिर के प्रधान डीपी जैन एव सचिव रविन्द्र मंगला ने क्लब ग्रीन के प्रधान अलाय धर्मेन्द्र गोयल एवं डिस्ट्रिक्ट गवर्नर अलाय संगीता जैन का भरपूर सहयोग दिया। अलाय केजी अग्रवाल भूतपूर्व अन्तरराष्ट्रीय अध्यक्ष ने समय पर पहुंच कर सभी सदस्यों की हौसला अफजाई की। इस कार्यक्रम मे अन्य सहयोग करने वालों में अलाय एमएल जैन, अनिल गोयल, वाईपी चड्ढा, अशोक जिंदल, राकेश अग्रवाल, विद्या शंकर, मनीष अग्रवाल, केशव बंसल, एबीसी क्लब के प्रधान सरबजीत सिंह तथा राजेश गुप्ता व अन्य साथी उपस्थित थे।

### प्रक्रुथी ट्रस्ट संस्था ने लगाए पौधे

**फरीदाबाद।** आज प्रक्रुथी ट्रस्ट संस्था ने सनातन धर्म मन्दिर सेक्टर 9 के प्रांगण में अध्यक्ष रमा सारन की अध्यक्षता में पौधारोपण किया। इस मौके पर बेटी बचाओ अभियान के राष्ट्रीय संयोजक हरीश चन्द्र आजाद, बेटी बचाओ अभियान की राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतू लाम्बा व हरियाणा पंजाबी संस्कृति संघ के युवा अध्यक्ष मोनिक आजाद विशिष्ठ अतिथि के रूप में उपस्थित थे। अध्यक्ष रमा सारन ने कहा कि हमारी संस्था शहर को हरा-भरा बनाने के लिये और पर्यावरण को स्वच्छ बनाने के लिये कई वर्षों से पेड़-पौधे लगा रही है। बेटी बचाओ अभियान की राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतू लाम्बा ने कहा कि हम सबसे अपील करते हैं कि धरा को बचाने और हरा-भरा रखने के लिये ज्यादा से ज्यादा वृक्ष लगाएं। बेटी बचाओ अभियान के राष्ट्रीय संयोजक हरीश चन्द्र आज़ाद ने कहा कि पेड़ों से प्रकृति का संतुलन बना रहता है। इस मौके पर अध्यक्ष रमा सारन, हरीश चन्द्र आज़ाद, नीतू लाम्बा, अरूण आहूजा, सुरेन्द्र जग्गा, किरन शर्मा, नीरज जग्गा, रश्मि जैन, सोनिया मल्होत्रा, मोनिक आज़ाद, वंदना दुआ, संगीता मोंगा, मोनिका सारन, सुनीता गर्ग, ऊषा शर्मा, सीमा अग्रवाल, कोमल शर्मा व पंडित अनिल गोस्वामी आदि उपस्थित थे।

### जूनियर रेडक्रॉस का जन्माष्टमी पर विशेष कार्यक्रम



**फरीदाबाद।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व पर राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय एनआईटी तीन फरीदाबाद में प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा की अध्यक्षता में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यालय की जूनियर रेडक्रॉस और सैंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड सदस्य छात्राओं ने श्रीकृष्ण और श्रीराधा के मनमोहक वेश में नृत्य प्रस्तुत किया। विद्यालय की जूनियर रेडक्रॉस और सैंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड प्रभारी प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा ने कहा कि छात्राओं ने भगवान श्रीकृष्ण और श्रीराधा के विभिन्न लीलाओं का बाल रूप में चित्रण और मंचन करते हुए सभी का मन मोह लिया। एक्टिविटीज कॉर्डिनेटर प्राध्यापिका मोनिका और प्राध्यापिका मोनिका, मौलिक मुख्याध्यापिका पूनम, संगीत अध्यापिका हेमलता और छात्राओं ने भाद्रपद के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को हर्षोल्लास के साथ मनाया जाने वाले पर्व जन्माष्टमी के महत्व से सभी को अवगत करवाया।

### कबड्डी खिलाड़ी राजेंद्र सिंह सराव को दी श्रद्धांजलि

**फरीदाबाद।** हरियाणा के सुप्रसिद्ध कबड्डी खिलाड़ी एवं वरिष्ठ समाजसेवी दयालपुर निवासी राजेंद्र सिंह सराव की श्रद्धांजलि सभा गांव में आयोजित की गई। गांवों के गणमान्य लोगों तथा विभिन्न राजनैतिक दलों से जुड़े नेताओं ने चौ. राजेंद्र सिंह सराव को श्रद्धांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस दौरान हरियाणा प्रदेश किसान कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता एवं किसान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष डाक्टर ऋषिपाल मास्टर, पूर्व चेयरमैन सुरेंद्र तेवतिया, विधायक नयनपाल रावत के बड़े भाई यशपाल रावत, धनपत सिंह जांगड़ा, दयालपुर के पूर्व सरपंच महाराज सिंह, सेक्टर-11 आरडब्ल्यूए के प्रधान रावत जी, बिजेंद्र सिंह सराव, विधायक नीरज शर्मा के भतीजे मोहित शर्मा सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद थे। इस मौके पर कांग्रेस किसान प्रकोष्ठ के प्रदेश प्रवक्ता डाक्टर ऋषिपाल मास्टर ने कहा कि जीवन-मरण सृष्टि का नियम है, जिसने जन्म लिया है, उसकी मृत्यु निश्चित है।

### फर्जी आधार व पैनकार्ड सहित बांग्लादेशी गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** डीसीपी क्राइम मुकेश कुमार मल्होत्रा के दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच बॉर्डर प्रभारी इंस्पेक्टर सेठी मलिक की टीम ने फर्जी आधार कार्ड के साथ एक बांग्लादेशी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी का नाम हसन महेंदी है। क्राइम ब्रांच की टीम ने आरोपी को कल सेक्टर 85 की बिहारी मार्केट से काबू कर लिया। आरोपी के कब्जे से दो फर्जी आधार कार्ड तथा एक फर्जी पैन कार्ड बरामद किया गया। फर्जी आधार कार्ड पर ओल्ड फरीदाबाद का पता लिखा हुआ था। आरोपी के कब्जे से उसकी बांग्लादेश की एक आईडी भी बरामद की गई है। उसे एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

### रविंद्र फागना ने गो चैम्प को एक रन से हराया

**फरीदाबाद।** आठवें ऑल इंडिया रविंद्र फागना यूथ क्रिकेट कप-2022 टूर्नामेंट का मैच रविंद्र फागना क्रिकेट अकादमी के ग्राउंड फरीदाबाद में खेला गया। यह मैच रविंद्र फागना क्रिकेट अकादमी और गो चैम्प इलेवन के बीच खेला गया। इस मैच में रविंद्र फागना क्रिकेट अकादमी ने गो चैम्प इलेवन को 1 रन से हराया। इस मौके पर बीसीसीआई कोच धर्मेंद्र फागना ने बताया की यह मैच 40-40 ओवर का था और गो चैम्प इलेवन ने टॉस जीत कर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। रविंद्र फागना क्रिकेट अकादमी टीम की और से बल्लेबाजी करते हुए टीम ने ओवर 40 में 9 विकेट पर 217 रन बनाए।

# स्वागत योग्य निर्णय

## सोशल मीडिया पर लगाम

**नरेन्द्र मोदी** सरकार ने आठ यूट्यूब-आधारित खबरिया चैनलों, एक फेसबुक एकाउंट तथा दो फेसबुक पोस्टों पर प्रतिबंध लगा कर स्वागत योग्य फैसला किया है। प्रतिबंधित किए सात यूट्यूब चैनलों में एक भारतीय और एक पाकिस्तान से संचालित है। सरकार ने कहा था कि उसने भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा, विदेश संबंधों व सार्वजनिक व्यवस्था संबंधी दुष्प्रचार करने वाले प्लेटफार्मों पर प्रतिबंध लगाया है। आधिकारिक प्रेस वक्तव्य में शामिल कुछ पोस्टों व स्क्रीनशाट को सरसरी तौर से देखने पर स्पष्ट होता है कि वे 'फर्जी खबरों' से कहीं आगे बढ़ गए थे। हालांकि फर्जी खबर सुस्त रिपोर्टरों की लापरवाही के कारण भी हो सकती है, पर इन लोगों द्वारा पोस्ट की गई कुछ खबरें कम से कम अफवाहें या गलत पूर्वानुमान थीं। उदाहरण के लिए, 'लोकतंत्र टीवी' ने 'खबर' दी थी कि मोदी ने बकरीद प्रदर्शनों पर रोक लगा दी है। इसके साथ ही भारत में एक 'धर्मयुद्ध' शुरू हो गया है तथा शंकराचार्य निश्चलानंद सरस्वती मक्का और मदीना पर हमले का नेतृत्व करेंगे। एक और यूट्यूब चैनल 'यूएंडवी टीवी' ने कहा था कि मोदी देशद्रोह के आरोपों का सामना कर रहे हैं। ए.एम. रिजवी के यूट्यूब चैनल ने न केवल अजमेर दरगाह में कथित उपद्रव की खबर दी थी, बल्कि यह भी कहा था कि सेना तैनात की जाएगी। एक और यूट्यूब चैनल 'गौरवशाली पवन मिथिलांचल' ने और ज्यादा सनसनीखेज व अविश्वसनीय खबर दी थी कि भारत और मिस्र ने तुर्की पर हमला कर दिया है। पाकिस्तानी 'न्यूज़ की दुनिया' ने कहा था कि 100 करोड़ हिंदू 40 करोड़ मुसलमानों को मार डालेंगे और मुसलमानों को पाकिस्तान या बांग्लादेश चले जाना चाहिए। एक और पोस्ट में कहा गया था कि भारत में कुतुब मीनार मस्जिद गिरा दी गई है। कोई भी पत्रकार चाहे जितना अक्षम हो



ऐसी बचकाना 'खबरें' बिना इनके स्रोत व ऐसी 'खबरों' की विश्वसनीयता जांचे बिना नहीं देगा।

सरकार ने उचित ही संकेत किया है कि इनमें से कुछ यूट्यूब चैनलों द्वारा प्रस्तुत विषयवस्तु का उद्देश्य भारत के धार्मिक समुदायों में धृणा का माहौल पैदा करना था। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता एक ऐसा अधिकार है जिसकी सभी जगह रक्षा की जानी चाहिए, लेकिन किसी को नुकसान होने की आशंका इस पर सीमाबंधन का काम करती है। इसका अर्थ है कि आप अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का प्रयोग दूसरों को नुकसान पहुंचाने के लिए नहीं कर सकते हैं। प्रेस वक्तव्य में उल्लिखित विषयवस्तु समाज में वैमनस्य पैदा कर लोगों को भारी नुकसान पहुंचा सकती है। इसके कारण सांप्रदायिक दंगे तक भड़क सकते हैं। यूट्यूब पर सक्रिय लोगों को सरकारी कार्रवाई से सबक भी सीखना चाहिए। सोशल मीडिया प्लेटफार्म गैर-पत्रकारों को काफी अवसर प्रदान करते हैं जो इनके माध्यम से खबरें दे सकते हैं और अपने विचार प्रकट कर सकते हैं। इस प्रक्रिया में बहुतों को लाभ भी हुआ है। लेकिन उनको याद रखना चाहिए कि संविधान का अनुच्छेद भाषण व अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता देता है, पर यह उन पर तार्किक नियंत्रण भी लगाता है। ये नियंत्रण 'भारत की संप्रभुता एवं अखंडता, राज्य की सुरक्षा, विदेशों के साथ मैत्रीपूर्ण संबंध, सार्वजनिक व्यवस्था तथा शालीनता, नैतिकता या अदालत की अवमानना, मानहानि या किसी अपराध को उकसावे के संबंध में' हो सकते हैं। एक और समस्या है, यदि सोशल मीडिया मंचों के प्रयोगकर्ता समुचित व्यवहार नहीं करते हैं तो इससे अधिकारियों को निरोधक नियम व कानून लागू करने का बहाना मिल जाता है। समय आ गया है कि गैर-जिम्मेदार यूट्यूब आधारित खबरिया चैनल व यहां तक कि मुख्यधारा मीडिया के कुछ चैनल भी अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का दुरुपयोग करना फौरन बंद करें।

# कल्याणकारी योजना व खैरात में अंतर

राज्य सरकारों को गरीबों के कल्याण व उनके सशक्तीकरण तथा उनको मूलभूत सुविधायें उपलब्ध कराने की दिशा में काम करना चाहिए। इस प्रकार कल्याणकारी योजना व खैरात में अंतर करना जरूरी हो गया है।



**वी.जे. नरसिम्हा राव**
(लेखक, तेलंगाना के मुख्यमंत्री के मुख्य पीआरओ हैं)



हैदराबाद के ऐतिहासिक गोलकुंडा किले से स्वतंत्रता दिवस पर भाषण देते हुए तेलंगाना के मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव-केसीआर ने केन्द्र सरकार की आलोचना करते हुए कहा कि वह राज्यों की कल्याणकारी योजनाओं को 'खैरात' बता रही है। उन्होंने कहा कि जनता का कल्याण सरकार की सर्वाधिक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है और इसलिए केन्द्र की टिप्पणियां अत्यधिक आपत्तिजनक हैं। केन्द्र की खैरातों की अवधारणा का जोरदार विरोध करते हुए केसीआर ने कहा कि यह देश की सहयोगी संघवाद की भावना कमजोर करती है तथा राज्यों की कल्याणकारी योजनाओं को नीचा दिखा रही है। केसीआर ने कहा कि केन्द्र से सामाजिक जिम्मेदारी पूरी करने की उम्मीद की जाती है, पर उसने पिछले वर्षों में इस दिशा में बेहतर प्रदर्शन नहीं किया है। शायद केसीआर की टिप्पणी के केन्द्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की हालिया टिप्पणी थी जिसमें उन्होंने 'रेवड़ी संस्कृति' पर प्रहार किया था। देश में उनके अनेक समकक्षों ने भी ऐसी ही प्रतिक्रिया दी है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अनुसार, देश में रेवड़ियां बांट कर वोट बटोरने की संस्कृति विकसित हो रही है जो देश के विकास के लिए बहुत खतरनाक है। उल्लेखनीय है कि उत्तरी भारत में त्योहारों के दौरान बांटी जाने वाली रेवड़ी एक लोकप्रिय मिठाई है। प्रधानमंत्री ने कुछ विपक्षी राजनीतिक दलों द्वारा खैरातों की राजनीति में उतरने की आलोचना करते हुए कहा था कि वे भारत के आत्मनिर्भर बनने के प्रयासों में बाधा के साथ ही करदाताओं पर एक बोझ हैं। लेकिन इसके बावजूद देश भर में मनाए जाने वाले स्वतंत्रता दिवस समारोहों में अनेक मुख्यमंत्रियों ने अनेक कल्याणकारी योजनाओं की घोषणा कर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की 'रेवड़ी संस्कृति' पर टिप्पणी का एक प्रकार से जवाब दिया।

दुर्भाग्य से शायद प्रधानमंत्री मोदी ने उन समाज कल्याण योजनाओं पर गौर नहीं किया जिनको जनता की सहायता के लिए सब्सिडी मिलती है और अब यह एक सार्वभौमिक अवधारणा है। एक लोकतंत्र में ऐसा होना स्वाभाविक है। उदाहरण के लिए, अमेरिका में सप्लीमेंटल न्यूट्रीशन असिस्टेंस प्रोग्राम-स्नैप लागू है जिसे पहले फूड स्टांप प्रोग्राम कहा जाता था। यह सबसे बड़ा संघीय पोषण सहायता कार्यक्रम है जो गरीब व कम आय वर्ग वाले लोगों को भोजन खरीदने में सहायता देता है। इसी प्रकार सिंगापुर सरकार प्रति माह 1,900 डालर से कम आय वाले परिवार को वित्तीय सहायता देती है। इसके साथ ही शिक्षा को ज्यादा सस्ता बना कर तथा गरीब परिवारों को टैक्स व सस्ते मकानों के माध्यम से सहायता देकर सरकार उनकी मदद करती है। उसकी सामाजिक सुरक्षा योजना आत्मनिर्भर बनने में सक्षम बनाने के उद्देश्य से है जिसमें मजबूत परिवार व सामाजिक नेटवर्कों पर जोर दिया जाता है। हालांकि, ये केवल थोड़े से उदाहरण हैं, लेकिन क्या ये खैरातों की अवधारणा में फिट बैठेंगे?

हमने अपने देश को एक कल्याणकारी राज्य के रूप में परिभाषित किया है। यह सरकार का ऐसा रूप है जिसमें राज्य अपने नागरिकों की सामाजिक व आर्थिक बेहतरी को संरक्षण देती है तथा इसे मजबूत करती है। यह समान अवसर व संपदा के समतापूर्ण वितरण के सिद्धान्तों पर आधारित है। इस प्रकार कल्याणकारी राज्य शासन का ऐसा तरीका है जिसमें सामाजिक संस्थाओं की स्थापित व्यवस्था अपने सभी नागरिकों को मूलभूत आर्थिक सुरक्षा देती है।

परिभाषा के अनुसार, एक कल्याणकारी राज्य में सरकार अपने नागरिकों के व्यक्तिगत व सामाजिक कल्याण के लिए जिम्मेदार होती है। कल्याणकारी राज्य का मूलभूत आयाम सामाजिक बीमा तथा सामाजिक सुरक्षा है। इसे ठीक से या शायद ज्यादा बेहतर तरीके से कल्याणकारी राज्य के रूप में परिभाषित किया गया है। तेलंगाना में कल्याण का अर्थ वे सरकारी कार्यक्रम हैं जो वहां रहने वाले कम आय वाले लोगों को लाभ व आर्थिक सहायता देते हैं। तेलंगाना सरकार के कल्याणकारी कार्यक्रमों का उद्देश्य गरीब व वंचित तबकों के जीवन की गुणवत्ता व जीवन स्तर में सुधार करना है। निश्चित मासिक या वार्षिक आय से लोग अपने पैरों पर खड़े होने में सफल होते हैं और इससे वे समृद्ध हो जाते हैं। केसीआर ने सामाजिक बीमा को वरीयता दी है। यह भले ही थोड़ा दार्शनिक लगता है, पर केसीआर सरकार सरकार द्वारा बनाई व क्रियान्वित की जा रही योजनाओं में मनुष्य के जीवन के सभी चरणों की देखभाल शामिल है, अतः इसके लिए 'क्रेडिल टु ग्रेव' का कथन सही है। कल्याणकारी राज्य की भावना के अनुरूप तेलंगाना सरकार ने अनेक कल्याणकारी कदम उठाए हैं। तेलंगाना सरकार के कुछ प्राथमिकता वाले क्षेत्रों पर गौर करें तो इनमें कल्याण लक्ष्मी, शादी मुबारक, आसरा पेंशन, रैयतू बंधु, रैयतू बीमा, भेड़ वितरण, फिश ब्रीडिंग, मुफ्त डबुल बेडरूम आवास, आवासीय स्कूल शिक्षा, दलित बंधु, आदि शामिल हैं।

इन योजनाओं पर भारी धनराशि खर्च करने के बावजूद तेलंगाना देश में वित्तीय रूप से मजबूत राज्य के रूप में उभरा है। सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता जरूरतमंद लोगों, असहायों तथा गरीबों में सबसे गरीब तबके की वास्तव में सहायता करना है। इसके अनुसार ही कल्याणकारी योजनाओं की अवधारणा बना कर उनका क्रियान्वयन किया जा रहा है। आसरा पेंशन का लक्ष्य जीवन में सुरक्षा प्रदान करना है और इसे हर गरीब व्यक्ति तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। उनकी पहचान वृद्ध या विधवा या एकल महिला या बीड़ी कामगार या हैंडलूम कारीगर या वृद्ध कलाकार या फाइलेरिया ग्रस्त व्यक्ति या एड्स रोगी या गरीबी रेखा के नीचे रहने वाले किसी व्यक्ति के रूप में की गई है। इस सामाजिक सुरक्षा पेंशन में अब 10 लाख और लोगों को शामिल किया गया है तथा 15 अगस्त के बाद कुल लाभार्थियों की संख्या 46 लाख हो गई है। क्या इसे खैरात कहा जाना चाहिए या सामाजिक सुरक्षा उपाय? बड़े पैमाने पर भेड़ वितरण ने गोल्ला व कुरुमा समुदायों में पालतू पशुओं की संपदा में काफी योगदान किया है। कृषि योजना के लिए निवेश सहायता, रैयतू बंधु का उद्देश्य किसानों को वित्तीय सहायता देना है ताकि वे फसल में निवेश कर सकें। इस योजना का किसानों ने हृदय से स्वागत किया है। ये खैरातें न होकर गरीब किसानों की सामाजिक सुरक्षा व कल्याण के प्रति लक्षित योजनायें हैं। दलित बंधु योजना एक और कल्याणकारी उपाय है जिसका उद्देश्य तेलंगाना में दलितों के जीवन व वित्तीय स्तर में हमेशा के लिए परिवर्तन लाना है। दीर्घकालीन रूप से यह एक ऐसी आदर्श नीति बनेगी जिसका अनुसरण दूसरे राज्य भी करेंगे। इससे दलितों के जीवन में आमूल परिवर्तन आएगा तथा यह देश में अन्य स्थानों पर भी दलितों के लिए मार्गदर्शक का काम करेगी। तेलंगाना दलित बंधु योजना से दलितों को अपने विकास को परिभाषित करने में सहायता मिलेगी और वे प्रदेश व देश के विकास में साझीदार बन जाएंगे। निश्चित रूप से यह खैरात न होकर सामाजिक सुरक्षा का एक माध्यम है।

सशक्तीकरण एक प्रकार से व्यक्तियों व समुदायों में स्वायत्तता और आत्मनिर्भरता का एक स्तर है। इससे वे जिम्मेदारी तथा आत्मनिर्भर तरीके से अपने हितों का प्रतिनिधित्व कर सकते हैं तथा स्वयं अपने अधिकार से काम कर सकते हैं। यह मजबूत तथा ज्यादा आत्मविश्वासी बनने का एक रास्ता है। इससे खासकर अपने जीवन पर नियंत्रण करने तथा अपने अधिकारों का दावा करने का अधिकार मिलता है। मुख्यमंत्री केसीआर भावी पीढ़ियों की समृद्धि के लिए मजबूत आधार बना रहे हैं ताकि समुदाय के सभी हिस्सों को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाया जा सके। क्या ऐसी योजनाओं को खैरात कहना उचित होगा? भारत जैसे लोकतांत्रिक समाज में लोगों को अनेक उम्मीदें, उद्देश्य, आकांक्षायें, इच्छायें, आवश्यकतायें, पसंद, समस्यायें, आदि होती हैं। समय-समय पर लोग ऐसी पार्टी को सरकार बनाने के लिए चुनते हैं जो उनके दृष्टिकोण से उनकी आवश्यकताओं की पूर्ति कर सकती है। इस प्रकार सत्ता के लिए प्रतिद्वंद्विता कर रही पार्टियां अपने चुनाव घोषणापत्रामें में जनता के कल्याण को केन्द्र में रखती हैं।


मतदाता किसी खास पार्टी को चुन कर सत्ता में पहुंचाते हैं। इस प्रकार निर्वाचित सरकार को अपने वादे पूरे करने होते हैं और कल्याणकारी उपाय करने होते हैं। दुर्भाग्य से सत्ता में आने पर अधिकांश पार्टियां अपने वादे पूरे नहीं करती हैं। लेकिन केसीआर ने अपने सभी वादे न केवल पूरे किए हैं, बल्कि वे चुनाव घोषणापत्र में किए वादों से भी आगे निकले हैं। उनका विश्वास है कि विकास का कोई अर्थ नहीं यदि वह समाज के वंचित तबकों को पीछे छोड़ दे। समावेशी वृद्धि में न केवल सबको व्यापक रूप से लाभ व आर्थिक अवसर मिलने चाहिए, बल्कि उनका सशक्तीकरण व सहभागिता भी होनी चाहिए। यह सब सार्वजनिक कल्याण है, संभवतः ऐसी योजनाओं को खैरात का नाम देना उचित नहीं है।

# रुश्दी पर हमले से उठते सवाल

**इंद्र शेखर सिंह**
(लेखक, नीति विश्लेषक हैं)



सलमान रुश्दी पर हमला कई सवाल खड़े करता है। नफरत करने वालों से निपटने का शायद प्यार ही एकमात्र तरीका है, नफरत से नफरत पैदा होती है। सलमान रुश्दी जीवित हैं! पट्टियां बंधी हुई और शांत, वह बात करते हैं और उन्होंने अपना सेंस ऑफह्यूमर नहीं खोया है। लेकिन कुछ सवाल है जिसका जवाब 75 साल के भारतीय लोकतंत्र को देना चाहिए। जब अमेरिका में एक सार्वजनिक कार्यक्रम में एक सर्वाधिक प्रसिद्ध भारतीय मूल के व्यक्ति को बेरहमी से छुरा घोंपा जाता है, तो हम कैसी प्रतिक्रिया दें? हमें सवाल करना शुरू कर देना चाहिए। कई बार वीडियो देखने और चश्मदीद गवाहों के उल्लेख वाले दर्जनों लेख पढ़ने के बाद तस्वीर और भी धुंधली हो गई। लेकिन तथ्य को स्पष्ट करने के लिए, आइए अतीत का एक त्वरित अवलोकन करते हैं। रुश्दी कोई साधारण लेखक नहीं हैं, ईरान में एक धार्मिक नेता द्वारा उनके खिलाफजारी किए गए मौत के फतवे के कारण दशकों से उन्हें खतरा है। वे तब ब्रिटेन में रह रहे थे, और वर्षों से ब्रिटिश गुप्त सेवा के संरक्षण में थे। ब्रिटिश सरकार ने निस्संदेह उन्हें ईरान और यूरोपीय संघ के साथ भू-राजनीतिक बिल्ली- चूहे के मोहरे के बतौर इस्तेमाल किया, लेकिन फिर भी ब्रिटेन व आम तौर पर दुनिया भर में मौजूद हमलावरों से उनके जीवन की रक्षा की। यहां तक कि रुश्दी भी सुरक्षा कर्मियों के वीरतापूर्ण प्रयासों को सलाम करते हैं जिन्होंने वर्षों तक उनकी रक्षा की। इस बीच, संबंधित नागरिकों और राष्ट्रों के साथ ब्रिटिश विदेश कार्यालय ने ईरान पर फतवे को लागू नहीं करने के लिए सफलतापूर्वक दबाव डाला। ईरान द्वारा लिए गए गैर-प्रवर्तनकारी रुख के बाद, सलमान रुश्दी अपने सामान्य जीवन में लौटने लगे और अंततः सुरक्षा दायरे से बाहर निकलकर अमेरिका चले गए। यहां तक कि उन्हें भारत में भी आने की अनुमति दी गयी।



लेकिन अब हमले पर वापस चलते हैं। पहला सवाल, अगर हमलावर रुश्दी को मारना चाहता था, तो उसने बंदूक का इस्तेमाल क्यों नहीं किया? भगवान का शुक्र है कि उसने इसका इस्तेमाल नहीं किया, लेकिन उसने क्यों नहीं किया? एक कम क्षमता वाला हथियार खरीदना अमेरिका के कई हिस्सों में कैंडी खरीदने जितना आसान है, तो हमलावर ने ऐसे किसी विकल्प का उपयोग क्यों नहीं किया? यदि हमलावर 'अकेला भेड़िया' नहीं था, तो उसके आकाओं को हमलावर को बंदूक दिलाने में कोई परेशानी नहीं हुई होती। कोई भी आसानी से सोच सकता है कि हमलावर सिर्फ रुश्दी को घायल करने की कोशिश कर रहा था, जबकि हमलावर को इनाम नहीं मिलता, अगर रुश्दी केवल घायल होते। इसलिए चाकू का इस्तेमाल काफी गलत था, खासकर जब संस्थान में लगभग कोई सुरक्षा जांच नहीं थी। वह बहुत आसानी से बंदूक अंदर ले जा सकता था। दूसरा सवाल पहले सवाल से ही उपजता है, रुश्दी की सुरक्षा बारीकियों का खयाल रखने वाले पुलिसकर्मी ने हमलावर को रोकने से संबंधित कार्रवाई क्यों नहीं की? खासकर तब जब हमलावर हॉल के पार दौड़ा और रुश्दी पर हमला करने के लिए मंच पर चढ़ गया। ट्रिगर-हैप्पी फोर्स होने के लिए अमेरिकी पुलिस प्रणाली ने बहुत बदनामी हासिल की है। तो ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मी ने हमलावर को गोली क्यों नहीं मारी? शरीर पर नहीं तो कम से कम पैर पर? पश्चिमी न्यूयॉर्क में चौटाअक्वा इंस्टीट्यूशन में जो हुआ, वह प्रत्येक सुरक्षा प्रोटोकॉल का खुला उल्लंघन है, खासकर अमेरिकी मानकों के मुताबिक। रुश्दी एक हाई-प्रोफाइल निशाना हैं, जिन्होंने उबर-लिबरल डेमोक्रेट्स को संबोधित किया था, जहां उस वक्त सुरक्षा के लिए केवल एसओपी था। तो अब सवाल यह है कि क्या यह जानबूझकर की गई चूक थी? आइए अब एक मिनट के लिए रुश्दी से परे हो जाएं और अमेरिकी विदेश नीति के एजेंडे पर ध्यान केंद्रित करें। यहां तक कि हेनरी किसिंजर के एंथनी ब्लिंकन की विदेश नीति को 'रूस और चीन' के खिलाफ 'अमेरिका युद्ध के कगार पर' घोषित किए जाने के बावजूद, बाइडेन प्रशासन उन्हें और अधिक विरोध करने और उनकी रैंक को मजबूत करने के लिए सभी उचित कदम उठा रहा है। रुश्दी पर यह हमला एक संयोग या एक जुनूनी नफरत की साजिश हो सकती है, लेकिन यह सार्वजनिक छुरा ईरान को आम चर्चाओं में वापस लाता है और ईरान के खिलाफ नकारात्मक जनमत को अचानक मजबूती देता है। ईरान पिछले कुछ समय से अमेरिका का पसंदीदा पंच बैग रहा है, और सलमान रुश्दी पर हमले होने से, अमेरिकी विदेश नीति के राजनेता ईरान को रूस और चीन के साथ 'बुराई की नई धुरी' - में जोड़ सकते हैं। बहस धीरे-धीरे रुश्दी से हटकर ईरान को कोसने की ओर बढ़ रही है। यह अफसोस की बात है कि रुश्दी एक बार फिर महाशक्ति की राजनीति में मोहरा बन गए हैं। लेकिन हम क्या करें? नफरत करने वालों में शामिल हों और इस हमले का जश्न मनाएं। क्या हम रुश्दी को अपने दिल की बात लिखने के लिए दोषी ठहराएं या रुश्दी को गले लगाएं और उनका समर्थन करें व ईरान को कोसने में शामिल हो जाएं? तो इसका उत्तर सीधा नहीं है। यह एक मुसलमान ने सलमान या ईरानी पर हमला नहीं किया। यह एक व्यक्ति था। आइए दोष को वहीं रखें जिससे वह संबंध रखता है और युद्धोन्मादियों की साजिशों को उस पर सवार होने का मौका न दें। भारत और उसके लोग, हमारी सभ्यता रुश्दी की किताबों का एक प्रमुख विषय है। और जोसेफ एंटन का कोई भी पाठक, रुश्दी के संस्मरण इस धरती के प्रति उनके प्रेम की पुष्टि करेगा। फिर भी हमने उनकी किताबों पर प्रतिबंध लगाया, उनका वीजा रद्द किया, और उन्हें अपाहिज बना दिया, वो भी ऐसे समय में जब उन्हें अपने लोगों की सबसे ज्यादा जरूरत थी। सशस्त्र हमलावर ने न केवल रुश्दी पर हमला किया, उसने उपमहाद्वीप की कहानियों और लोकाचार को नष्ट करने का प्रयास किया, जिसके बारे में रुश्दी लिखते हैं, और भविष्य में उसका काल्पनिक चित्रण करेंगे। और हमलावर को हराने का एकमात्र तरीका रुश्दी से प्रेम करना ही है। हमें उनकी सभी पुस्तकों पर प्रतिबंध हटाने की आवश्यकता है, ताकि हमारे देश के लोग उन पर खुद फैसला कर सकें। हमें प्यार से नफरत और हिंसा के खिलाफ लड़ने की जरूरत है, क्योंकि इसके अलावा न तो रुश्दी और न ही हमारे पास कोई मौका है। इसलिए शायद अल्लाह ने अच्छे मुसलमानों को जिंदा रखा है और बुरों को जेल भेज दिया।

## आप की बात

### तिरंगे से प्रेम

**आज** जिस तिरंगे को पूरी कश्मीर घाटी अपना मानती है एवं घर घर इसे लहरा भी रही है, उसी तिरंगे का अपमान नेशनल कॉन्फ्रेंस, पीडीपी के बड़े नेता हर दिन करते रहते हैं। समझ नहीं आता है कि यह अपने बचपन से लेकर आज तक रहना खाना पीना तो भारत का करते हैं परंतु इनकी हमदर्दी, इनकी मोहब्बत हमेशा दुश्मन देश पाकिस्तान के साथ क्यों रहती है जबकि यह आज भी हिंदुस्तानी, कश्मीर में ही रह रहे हैं जहां पाकिस्तान का कुछ भी लेना देना नहीं। सोचिए कि आज यहां की जनता खुद अपना तिरंगा बना रही है और उसे शान से फहरा भी रही है। आज डल झील के हर बोर्ड पर तिरंगा फहरा रहा है वहां के नागरिक एवं वहां के पर्यटक सभी अपने दिलों में तिरंगे की आन-बान-शान को लेकर घाटी में तिरंगा लहरा रहे हैं और अपनी देशभक्ति का परिचय भी दे रहे हैं। आज के समय कश्मीर का आम आदमी दोगला नहीं है वह वफादार है और अपनी वफादारी का परिचय भी दे रहा है। उनका यह भी कहना है कि इस बार का पन्द्रह अगस्त, आजादी दिवस हम सब बड़ी शान से मनाने जा रहे हैं। यह क्या कम है। आज कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक भारत एक है एवं वह एक ही तिरंगा लहरा भी रहा है।

-**मनमोहन राजावत राज**, शाजापुर

### महंगाई की मार

**विगत** समय से आम जन-जीवन में सबसे बड़ी व विकराल समस्या अगर देखें तो महंगाई नाक में दम कर रही है। हम दाल रोटी की ही अगर बात करें तो गरीबों का निवाला व मध्यम वर्गीय परिवार की दाल के भाव भी आसमानी दौड़ में शामिल है। जहां गैस, डीजल, पेट्रोल तो लोगों को मुंह चिड़ा ही रहे हैं, मगर और भी कई वस्तुओं के दाम आसमान छू रहे है! यह समझ से परे लगता है कि आखिर इस समस्या का हल कब और कैसे निकलेगा! सोचिए , साधारण जीवन की मूलभूत सुविधा व अन्य पक्षों पर महंगाई की ऐसी असहनीय मार होगी तो आमजन कैसे जीवन जियेंगे? जहां तक रोजगार की बात करें तो तस्वीर बिलकुल धुंधली नजर आती है। सही समय पर सही रोजगार की तलाश पूरी न होने पर इस महंगाई से मुकाबला और भी कठिन हो जाता है! समय रहते नेता, मंत्रियों को इस समस्या पर गौर करना चाहिए कि वे ऐसी रणनीति तैयार करें कि महंगाई से आम जनजीवन को राहत मिले। क्या महंगाई के फन को कुचला जायेगा...? आम जन को राहत भरा पैगाम दिया जायेगा.... ?

-**योगेश जोशी**, बड़वाह


### मजबूत अर्थव्यवस्था

**दुनिया** जब आर्थिक मंदी और महंगाई के डर में जी रही है। तब भारतीय अर्थव्यवस्था का मज़बूती से चलना सही दिशा में लिए गए फैसलों का नतीजा है। ख़ासकर यूक्रेन-रूस के युद्ध के बाद जहां अमेरिका सहित दुनिया के अधिकांश देश अपनी अर्थव्यवस्थाओं को लेकर डरे हुए हैं और गूगल जैसी बड़ी बड़ी कंपनियों ने अपने कर्मचारियों को आने वाले दिनों में छँटनी के संदेश दिए हैं। वहीं दूसरी ओर भारत के प्रमुख उद्योगपति कुमार मंगलम बिरला ने कहा कि भारत सरकार की पीएलआई यानी उत्पादन लिंक्ड प्रोत्साहन योजना और नेशनल इन्फ्रास्ट्रक्चर पाइपलाइन के कारण भारतीय कंपनियां प्रगति के पथ पर अग्रसर हैं। अच्छा मॉनसून व पर्याप्त विदेशी मुद्रा भी इसमें सहायक हैं। हाल ही में सेन्सेक्स भी एक बार फिर 60हज़ार को पार कर गया है । परंतु इस सबके बाद भी भारत को सावधान रहना होगा, क्योंकि बढ़ती महंगाई व बेरोज़गारी को संभालना अभी भी चुनौती है और वैश्विक घटनाओं का असर कभी भी देश पर पड़ सकता है।

-**पुनीत अरोड़ा**, मेरठ


**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया



**तेल** के दाम बहुत अधिक होने के कारण हर देश बेहतर समझौते कर रहा है और इनमें भारत भी शामिल है।

- **एस. जयशंकर**
विदेश मंत्री



**मारालागो** पर छापे के दौरान एफबीआई ने मेरे तीन पासपोर्ट चुरा लिए। यह राजनीतिक विरोधी पर ऐसा हमला है जो हमारे देश में पहले कभी नहीं हुआ।

- **डोनाल्ड ट्रंप**
पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति



**स्वतंत्रता** के 75 साल में भारत ने बहुत कुछ हासिल किया। लेकिन हमसे बाद आजाद होने वाले अनेक देश हमसे आगे निकल गए, ऐसा क्यों?

- **अरविंद केजरीवाल**
दिल्ली के मुख्यमंत्री

# भारत जल्द बनेगा विश्व महाशक्ति

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने देश के हर व्यक्ति से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा दिए पांच संकल्प के साथ अपने कर्तव्य पथ पर आगे बढ़ने का आह्वान करते हुए कहा कि भारत आने वाले समय में विश्व महाशक्ति बनेगा। योगी ने शुक्रवार को बलिया बलिदान दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय पर आयोजित एक सभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री द्वारा स्वतंत्रता दिवस के मौके पर दिए गए पांच संकल्प को पूरा करने पर विशेष रूप से जोर दिया।

मुख्यमंत्री ने कहा, प्रधानमंत्री ने 15 अगस्त के दिन देश के नागरिकों को पांच संकल्प दिलाएं हैं, जिनके तहत हर व्यक्ति अपने कर्तव्य पथ पर आगे बढ़ेगा तो निश्चित रूप से भारत दुनिया की महाशक्ति बनेगा। आने वाले समय मे भारत दुनिया का नेतृत्वकर्ता होगा। उन्होंने दावा किया, आज बिना भेदभाव के सबको योजनाओं का फायदा मिल रहा है। हर गरीब को आवास, शौचालय व राशन सहित लाभकारी योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। योगी ने स्वतंत्रता संग्राम में बलिया के गौरवपूर्ण योगदान का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि आज जब पूरा देश आजादी के अमृत महोत्सव का जश्न मना रहा है, तब मुझे स्वतंत्रता आंदोलन से जुड़े बलिया के ऐतिहासिक बलिदान दिवस पर आने का सुअवसर मिला है। मुख्यमंत्री ने कहा, बलिया का अपना इतिहास है। कहा जाता है बलिया के लिए अनुशासन का कोई महत्व नहीं होता, लेकिन आजादी के बाद देश के विकास के लिए जिस अनुशासन की जरूरत थी, वह बलिया ने दिखाया। उन्होंने कहा, गुलामी के समय जो तेवर दिखाए जाने चाहिए था, उसे बलिया ने दिखाया। जरूरत पड़ने पर मंगल पांडेय ने बैरकपुर छावनी में स्वतंत्रता संग्राम की चिंगारी जलाई। यह लड़ाई लगातार चलती रही। महात्मा गांधी ने जब अंग्रेजों भारत छोड़ो का नारा दिया था, तब महान स्वतंत्रता सेनानी चित्तू पांडे ने अपनी भूमिका का बखूबी निर्वहन किया था। योगी ने कहा कि गंगा और सरयू नदी के संगम पर स्थित बलिया एक पवित्र एवं पौराणिक स्थल है, जिसकी पवित्रता क्रांति के रूप में झलकती है। उन्होंने आपातकाल के दिनों की याद दिलाते हुए कहा, आपातकाल के दौरान बलिया ने अग्रणी भूमिका निभाई। लोकनायक जयप्रकाश नारायण के नेतृत्व में एक आम आदमी के मौलिक अधिकारों, उसकी सुरक्षा और स्वावलंबन के लिए बड़ा आंदोलन चला। इस आंदोलन में पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर का योगदान अविस्मरणीय रहा। सभा में उत्तर प्रदेश के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह, राज्य मंत्री दानिश आजाद अंसारी और सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त, नीरज शेखर व रवींद्र कुशवाहा मौजूद थे।

## समीर डोबरियाल की अग्रिम जमानत अर्जी खारिज

विधि संवाददाता। लखनऊ



**भ्रष्टाचार** निवारण अधिनियम के विशेष अदालत ने आय से अधिक सम्पति के एक मामले में वांछित मुल्जिम समीर डोबरियाल की जमानत अर्जी खारिज कर दी है।। अदालत ने प्रथम दृष्टया इसके अपराध को गंभीर करार दिया है। वर्ष 2021 में यह सहायक समीक्षा अधिकारी के पद पर नियुक्त हुआ था। यह राजस्व परिषद के चेयरमैन के निजी सचिव रहे विवेकानंद डोबरियाल का पुत्र है। इस पर अपने पद पर रहते हुए अपनी आय से कई गुना अधिक सम्पति अर्जित करने का इल्जाम है। इस मामले की एफआईआर थाना गोमतीनगर में दर्ज हुई थीए जिसकी जांच अपराध शाखा ने की थी।

## यूपी का मोस्ट वांटेड राजन तिवारी बिहार से गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**एक** जमाने में यूपी में आतंक का पर्याय रहे खूंखार माफिया डान श्रीप्रकाश शुक्ला के साथ रहे पूर्व विधायक और प्रदेश के टॉप माफियाओं की सूची में शामिल कुख्यात अपराधी व पूर्व विधायक राजन तिवारी को गोरखपुर पुलिस ने बिहार के रक्सौल से गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक गैंगेस्टर एक्ट के मामले में लंबे समय से वांछित चल रहा राजन तिवारी नेपाल भागने की फिराक में था। शाम पांच बजे उसे गोरखपुर में गैंगेस्टर कोर्ट में पेश किया गया है। जहां से उसे 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

मोतिहारी के गोविंदगंज से विधायक रह चुके राजन तिवारी के खिलाफ यूपी और बिहार में कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। यूपी के गोरखपुर में ही अकेले उसके ऊपर तीन दर्जन आपराधिक मुकदमे हैं। गोरखपुर के ही कैंट थाने से वह गैंगेस्टर एक्ट में वांछित चल रहा था। उसके खिलाफ कोर्ट से तकरीबन 60 एनबीडब्ल्यू जारी हो चुके हैं। गोरखपुर पुलिस ने राजन तिवारी पर 20 हजार रुपए का ईनाम भी घोषित कर रखा था। मिली जानकारी के अनुसार गोरखपुर पुलिस काफी समय से उसकी तलाश में छापेमारी कर रही थी। इस संबंध में बिहार की मोतिहारी पुलिस से भी गोरखपुर पुलिस संपर्क बनाए हुए थी। यूपी पुलिस को मोतिहारी पुलिस के जरिए ही सूचना मिली कि राजन तिवारी यहां पर कहीं छिपा हुआ है और नेपाल भागने की फिराक में है। जिसके बाद गोरखपुर पुलिस की एक टीम बिहार रवाना की गई। दोनों प्रदेशों की पुलिस की संयुक्त कार्रवाई के दौरान राजन तिवारी बृहस्पतिवार की सुबह रक्सौल थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया।

यूपी पुलिस के अनुसार राजन तिवारी को गोरखपुर कैंट थाने में दर्ज 1996 के हत्या के दो मामलों में आरोपी बनाया गया था। इस केस में गैंगस्टर श्रीप्रकाश शुक्ला भी सह आरोपी था। 2019 के लोकसभा चुनाव से पहले राजन तिवारी ने लखनऊ में एक राजनीतिक दल की सदस्यता ली थी, जिसपर काफी विवाद हुआ था। इसके बाद वो पार्टी से साइडलाइन कर दिया गया था। राजन तिवारी 17 साल से कोर्ट से जारी एनबीडब्ल्यू के बाद भी गायब था। योगी सरकार का दूसरा कार्यकाल शुरू होने के साथ ही सभी जिलों से पुलिस ने नए सिरे से माफिया की सूची बनानी शुरू की थी और 100 दिन में उनके खिलाफ कार्रवाई का लक्ष्य निर्धारित किया था। पूरे प्रदेश में 61 माफि याओं की सूची तैयार हुई थी। जिसमें गोरखपुर जिले से बिहार के पूर्व विधायक राजन तिवारी का नाम भी शामिल किया गया है। एडीजी अखिल कुमार ने राजन तिवारी का नाम शासन को भेजा था। इसके साथ ही पूर्व विधायक राजन तिवारी के केस और सम्पत्ति की पुलिस ने पड़ताल शुरू कर दी थी।

## यूपी में विकास का दावा छलावा: मायावती

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**बसपा** सुप्रीमो मायावती ने यूपी के कानून व्यवस्था पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने हाल ही में घटित अपराध और अन्य दुर्घटनाओं का हवाला देते हुए कहा है कि यूपी में केवल विकास का दावा किया जाता है लेकिन केवल ये छलावा है। हकीकत में यहां जंगलराज कायम है। शुक्रवार को ट्वीट कर बसपा सुप्रीमो मायावती ने कहा कि बांदा जिले में यमुना नदी पर वर्षों से पुल के अधूरे पड़े रहने के कारण नाव दुर्घटना में अनेकों लोगों की मौत, हापुड़ में पेशी पर आए आरोपी की दिन दहाड़े हत्या व अब हमीरपुर में गैंगरेप की दर्दनाक घटना आदि साबित करती हैं कि यूपी में जंगलराज है व विकास का ढिंढोरा छलावा मात्र। उन्होंने आगे कहा कि यूपी में कुल मिलाकर कानून का न्यायपूर्ण इस्तेमाल नहीं होने से आपराधिक तत्वों का बेखौफ हो जाना लचर कानून.व्यवस्था का सबूत है।

## कनाडा के उच्चायुक्त ने एसीएस होम अवनीश अवस्थी से की भेंट

**लखनऊ।** अपर मुख्य सचिव गृह एवं यूपीडा के सीईओ अवनीश कुमार अवस्थी से लोकभवन लखनऊ स्थित उनके कार्यालय कक्ष में कनाडा के उच्चायुक्त कैमरून मैक ने अपने सहयोगियों सहित भेंट की। गृह विभाग के प्रवक्ता ने बताया कि इस अवसर पर उत्तर प्रदेश में आगामी सड़कों एवं राजमार्गो के विस्तार की योजना के मुख्य बिन्दुओं तथा सड़क निर्माण परियोजनाओं मे कनैडियन कम्पनीज के सहयोग पर चर्चा की गयी।

## तमिलनाडु के प्रतिनिधि मंडल ने समझी यूपी गन्ना विभाग की कार्यप्रणाली

**लखनऊ।** तमिलनाडु प्रदेश के 5 सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल ने गन्ना विकास विभाग में मुख्यालय के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ गन्ना आयुक्त कार्यालय के सभागार में बैठक की। स्टडी टूर पर आये प्रतिनिधि मंडल के साथ आयोजित इस बैठक की अध्यक्षता अपर मुख्य सचिव, चीनी उद्योग एवं गन्ना विकास संजय आर भूसरेड्डी द्वारा की गई। प्रतिनिधि मंडल को सम्बोधित करते हुए श्री भूसरेड्डी ने कहा कि गन्ना विकास विभाग द्वारा अपने हितधारकों के पक्ष में निरन्तर कड़ी मेहनत की जा रही है, जिसका प्रतिफल है कि विभाग द्वारा गन्ना मूल्य भुगतानए गन्ना पेराई, चीनी उत्पादन, चीनी परता आदि के क्षेत्र में ऐतिहासिक रिकार्ड कायम किये गये हैं। उन्होंने चीनी उद्योग एवं गन्ना विकास विभाग तथा आबकारी विभाग को एक दूसरे का पूरक विभाग बताते हुए गन्ना विभाग एवं इसकी सहसंस्थाओं के संबंध में विस्तृत रूप से प्रतिनिधि मंडल को जानकारी प्रदान की। उन्होनें गन्ना विकास विभाग की सर्वे एवं सट्टा नीतिए स्मार्ट गन्ना किसान प्रोजेक्ट, पेपरलेस पर्ची, गन्ना किस्मों, प्रशिक्षणए प्रचार-प्रसार, शिकायत निवारण प्रणाली, एस्क्रो एकाउन्ट, खाण्डसारी, फार्म मशीनरी बैंक, महिला सशक्तिकरण आदि क्षेत्रों में हुए क्रांतिकारी परिवर्तनों एवं कोविड 19 के दौरान चीनी उद्योग के निरंतर संचालन कैसे सम्भव हुआ, से सम्बन्धित तथ्यों से प्रतिनिधि मंडल को अवगत कराया, तथा तमिलनाडु प्रदेश में चीनी उद्योग के विषय में प्रतिनिधि मंडल से जानकारी भी ली। बैठक में प्रतिनिधि मंडल के सदस्यों द्वारा तमिलनाडु राज्य में चीनी उद्योग के समक्ष आ रही तकनीकी कठिनाईयों, अनुसंधान, गन्ना रोग प्रबन्धन, पर्ची निर्गमन, ड्रिप इरिगेशन, गन्ने के खेती में मशीनीकरण की संभावना आदि विभिन्न मुद्दों पर गन्ना विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से चर्चा की गई।

## भाजपा राज में भष्टाचार को खुली छूट

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**सपा** अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा राज में जनता के पैसों की खुलकर बर्बादी हो रही है। भ्रष्टाचार को खुली छूट मिली है। स्वास्थ्य सेवाएं बुरी तरह बदहाल है। उत्तर प्रदेश में साढ़े पांच साल के कार्यकाल में भाजपा सरकार ने खुद तो जनता के हित में कुछ किया नहीं किया। समाजवादी सरकार में जो अच्छे काम हुए थे उन्हें बर्बाद करने को ही अपनी उपलब्धि मान लिया है।

सपा अध्यक्ष ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं की हालत बेहद शर्मनाक है। खुद उपमुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री स्वास्थ्य विभाग में पिछले पांच वर्षों से चल रही अव्यवस्थाओं पर शर्मिंदा होते रहते हैं। सरकारी अस्पतालों में कहीं ठेले पर मरीज जा रहे हैं तो कहीं सड़क पर टेम्पों में प्रसव हो रहा है। एम्बूलेंस नहीं मिली तो कन्नौज में 100 बेड के अस्पताल में गर्भवती को इलाज नहीं मिला। पहले उसे 50 किलोमीटर दूर अस्पताल रेफ र किया गयाए वहां से भी भगाया गया तो टेम्पो में बच्चे का जन्म हुआ।

उन्होंने कहा कि गोरखपुर में स्वास्थ्य कर्मियों ने महिला अस्पताल को वसूली का अड्डा बना दिया है। आपरेशन थियेटर से निकलने के बाद मरीज के परिजनों से स्वास्थ्यकर्मियों द्वारा रूपए मांगने का वीडियो वायरल हुआ है। अखिलेश ने कहा कि समाजवादी सरकार में प्रसूताओं के लिए एम्बूलेंस सेवा 102 और सड़क दुर्घटना में घायलों के इलाज के लिए अस्पतालों तक पहुंचाने के वास्ते 108 एम्बूलेंस सेवा की व्यवस्था की गई थी जिसे भाजपा सरकार ने बर्बाद कर दिया। महिला अपराध रोकने के लिए 1090 तथा अपराध नियंत्रण के लिए डायल 100 विश्वस्तरीय सेवा की गई थी जिसे भाजपा सरकार ने 112 करके बर्बाद कर दिया है। अस्पतालों में मरीजों के लिए नई उन्नत किस्म की मशीने नहीं खरीदी जा रही है। पुरानी मशीने धूल खा रही है। पैरामेडिकल स्टाफ की कमी से आवश्यक जांचे भी समय से नहीं हो रही है। भाजपा की डबल इंजन सरकार में मरीजों को दवा, इलाज तक नहीं मिल पा रहा है। जनता अब भाजपा की डबल इंजन सरकार से ऊब चुकी है।

## जन्माष्टमी की शुभकामनाएं देने के बहाने शिवपाल ने फिर अखिलेश पर बोला हमला

**यदुवंशियों को लिखे पत्र में कहा, जब भी कोई कंस अपने पिता को छल-बल से अपमानित कर पद से हटाकर अधिपत्य स्थापित करता है, तो धर्म की रक्षा के लिए श्रीकृष्ण अवश्य लेते हैं अवतार**

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**जसवंतनगर** से विधायक और प्रगतिशील समाजवादी पार्टी लोहिया के अध्यक्ष शिवपाल सिंह यादव ने जन्माष्टमी की शुभकामनाएं देने के बहाने एक बार फिर अपने भतीजे और समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव पर करारा हमला किया है। इस बार उन्होंने यदुवशियों को लिखे पत्र में अखिलेश का नाम लिए बगैर उन पर कटाक्ष किए हैं।

पत्र की शुरुआत में शिवपाल सिंह यादव ने लिखा है कि प्रिय ययाति सुत यदुवंशियों अलौकिक गीता के उद्घोषक योगेश्वर भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव की आप सभी को हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं। उन्होंने इशारों में समाजवादी पार्टी के अधिपत्य को लेकर चल रहे विवाद की तुलना कृष्ण और कंस वध के प्रसंगों से करते हुए लिखा है कि समाज में जब भी कोई 'कंस' अपने (पूज्य) पिता को छल-बल से अपमानित कर पद से हटाकर अनाधिकृत अधिपत्य स्थापित करता है, तो धर्म की रक्षा के लिए मां यशोदा के लाल, ग्वालों के सखा योगेश्वर श्रीकृष्ण अवश्य अवतार लेते हैं और अपने योग माया से अत्याचारियों को दंड देकर धर्म की स्थापना करते हैं। गीता में भगवान श्रीकृष्ण ने स्वयं कहा है कि यदा यदा ही धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्। इसके जरिए उन्होंने संदेश दिया कि वह अपने प्रयत्नों से अत्याचारियों को दंड देने का काम करेंगे और गीता के श्लोक का उल्लेख कर उन्होंने अपने साथ हुए अन्याय को धर्म की हानि बताने की कोशिश की है। यही नहीं उन्होंने इस सियासी हानि से हुए नुकसान को ठीक करने का बीड़ा उठाने का संदेश दिया। शिवपाल ने अप्रत्यक्ष तौर पर खुद को कृष्ण के बहाने न केवल यादव समाज से एकजुट होकर उनके साथ आने आह्वान किया बल्कि खुद को यादवों के नेता के रूप में पेश करने की कोशिश भी की। उन्होंने लिखा है कि 'हे पूज्य जन और ज्येष्ठ यदुवंशी वीरों निसंदेह प्रगतिशील समाजवादी पार्टी (लोहिया) भी ईश्वार द्वारा रचित किसी विराट नियति और विधान का परिणाम है। इसके जरिए उन्होंने अपनी पार्टी को ही यादवों की सच्ची हितसाधक करार दिया है।

## बिल्किस बानो प्रकरण के दोषियों की रिहाई निरस्त करने मांग



- अल्पसंख्यक कांग्रेस ने जिला मुख्यालयों से मुख्य न्यायाधीश को भेजे ज्ञापन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**अल्पसंख्यक** कांग्रेस ने जिला मुख्यालयों से सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश को ज्ञापन भेज कर बिल्किस बानो मामले में सजा काट रहे दोषियों की गुजरात सरकार द्वारा रिहाई को निरस्त करने की मांग की है। अल्पसंख्यक कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष शाहनवाज़ आलम ने जारी बयान में कहा कि 14 लोगों की हत्या, सामूहिक बलात्कार और अजन्मे भ्रूण की तलवार से काट कर हत्या करने वालों के रिहा कर दिए जाने से पूरी दुनिया में हमारी न्याय व्यवस्था की बदनामी हो रही है। इसलिए सुप्रीम कोर्ट को इन जघन्य अपराधियों की रिहाई को निरस्त कर देना चाहिए ताकि लोगों का भरोसा न्यायतन्त्र में बहाल हो सके। शाहनवाज़ आलम ने कहा कि 2008 में सीबीआई की स्पेशल कोर्ट की जज यूडी साल्वी ने अपने फैसले में बिल्किस के बयानों को निर्भिक्ता भरा बताया था। जिससे अपराधियों की सजा सुनिश्चित हो पायी थी। अगर गुजरात सरकार द्वारा बिल्किस के दोषियों की रिहाई पर सर्वोच्च न्यायालय चुप रहा तो भविष्य में कोई भी बलात्कार पीड़िता सरकारी संरक्षण प्राप्त अपराधियों से न्याय पाने के लिए साहस नहीं दिखा पाएगी। उन्होंन कहा कि कांग्रेस इस अन्याय के खिलाफ बिल्किस और उनके परिजनों के साथ मजबूती से खड़ी है। उन्होंने कहा कि इस मुद्दे पर अखिलेश यादव और मायावती की चुप्पी से मुसलमान समझ गया है कि सपा और बसपा के लिए मुसलमान सिर्फ वोट बैंक है। उनके साथ होने वाले अन्याय के खिलाफ वो कोई बयान तक देना जरूरी नहीं समझते।

## कांग्रेस राजीव गांधी के किए कार्यों व उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाएगी

- पूर्व प्रधानमंत्री की 78वीं जयंती आज, पूरे प्रदेश में कार्यक्रम कर नौजवानों में पैठ बनाएगी कांग्रेस

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ




**भारत** के पूर्व प्रधानमंत्री व भारत रत्न स्व. राजीव गांधी की 78वीं जयंती पर शनिवार को कांग्रेस प्रदेश में प्रत्येक जिले, ब्लाक और गांवों में कार्यक्रम करेगी। इन कार्यक्रमों के जरिए वह पूर्व प्रधानमंत्री द्वारा किए गए ऐतिहासिक कार्यों और उपलब्धियों को याद कराकर नौजवानों में पैठ बनाएगी।

यह जानकारी पूर्व मंत्री और प्रदेश कांग्रेस के मीडिया विभाग के चेयरमैन नसीमुद्दीन ने प्रदेश कार्यालय पर प्रेस कांफ्रेंस करके दी। इस मौके पर सिद्दीकी ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री और भारत के युगदृष्टा राजीव गांधी को प्रधानमंत्री के पद पर बहुत कम समय काम करने का अवसर मिला लेकिन कम समय में उनके द्वारा जो ऐतिहासिक कार्य किए गए वह आज भी देश के विकास की प्रेरणा हैं। सिद्दीकी ने कहा कि कम समय में राजीव गांधी द्वारा स्थापित किए गए प्रतिमान आज भी देश को मजबूत करने में अपनी भूमिका निभा रहे हैं, वह ऐसे युगद्रष्टा थे जिन्होंने देश की एकता अखंडता के लिए अपनी कुर्बानी दे दी। देश में शांति स्थापित करने में अपनी सरकारें कुर्बान कर दीं जो आज भी भारत के प्रत्येक जन-जन के लिए प्रेरणा हैं। नसीमुद्दीन सिद्दीकी ने कहा कि ऐसे महान नेता की जयंती पर कांग्रेस उनके कार्यों को जन-जन तक लेकर जाएगी एवं ब्लाक, ग्राम सभा व जनपद स्तर पर झांकी, कवि सम्मेलन और अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम कर रही है, इसके माध्यम से हम कांग्रेस और हमारे नेताओं के योगदान और बलिदान को लोगों को बताने का काम करेंगे। प्रेस कांफ्रें स में नसीमुद्दीन सिद्दीकी ने राजीव गांधी के ऐतिहासिक कार्यों को बताते हुए कहा कि ग्रामीण होनहार नौजवानों को दून स्कूल जैसी शिक्षा मुफ्त में मिले इसके लिए पूरे देश में 600 से ज्यादा जवाहर नवोदय विद्यालय की स्थापना की, जहां से पढ़े नौजवान आज विश्व में भारत का नाम बुलंद कर रहे हैं। आज की सरकार में नौजवानों को उपेक्षित किया जा रहा है लेकिन राजीव गांधी ने लोकतंत्र में नौजवानों की भागीदारी अधिक से अधिक हो इसके लिए मतदान की उम्र 21 से घटाकर 18 वर्ष करने का ऐतिहासिक कानून बनाया। उन्होंने राष्ट्रीय स्तर पर शांति और सद्भाव बढ़ान के लिए असम समझौताए पंजाब समझौता और मिजोरम समझौता कर अपनी सरकारों की कुर्बानी देकर देश की एकता-अखंडता को मजबूत किया। नसीमुद्दीन ने बताया कि हर साल की तरह इस बार भी उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी राजधानी लखनऊ में पूर्व प्रधानमंत्री की जयंती बड़े धूमधाम से मनाएगी। लखनऊ के प्रमुख चौराहों को सजाया जाएगा।

## नफरत की सियासत के खिलाफ जल्द ही राष्ट्रव्यापी यात्रा करेंगे सिराज मेहदी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ




**राष्ट्रवादी** कांग्रेस पार्टी के अल्पसंख्यक विभाग के नेशनल चेयरमैन एवं पूर्व विधान परिषद सदस्य सिराज मेहदी ने ऐलान किया है कि नफरत की सियासत के खिलाफ और सांप्रदायिक सद्भाव के लिए वह जल्द ही राष्ट्रव्यापी यात्रा कर समाज के हर वर्ग से संवाद स्थापित करेंगे।

मेहदी शुक्रवार को लखनऊ में प्रेस कांफ्रेंस कर रहे थे। उल्लेखनीय है कि हाल ही में वरिष्ठ नेता शरद पवार ने उन्हें राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के अल्पसंख्यक विभाग के चेयरमैन पद की जिम्मेदारी सौंपी है। मेहदी ने कहा कि कोई भी राष्ट्र नफरत से नहीं बल्कि सौहार्दै और भाईचारे से आगे बढ़ता है। उन्होंने कहाकि भारतीय जनता पार्टी की सरकार और नरेन्द्र मोदी देश की सवा सौ करोड़ आबादी के प्रधानमंत्री हैं इसलिए देश में 80 बनाम 20 प्रतिशत खेल का समाप्त होना चाहिए और हर वर्ग व सम्प्रदाय को एकजुटता के साथ राष्ट्र के रचनात्मक निर्माण की दिशा में आगे बढ़ना चाहिए। मेंहदी ने कहाकि आजादी के 75 वर्षों के बाद भी देश का अल्पसंख्यक खासतौर पर मुस्लिम समाज समाजिक, आर्थिक और शैक्षिक रूप से क्यों पिछड़ा है इस पर न केवल केंद्र की बल्कि राज्य सरकारों को भी मंथन करना होगा। आखिर डेढ़ दशक पहले दी गई सच्चर कमेटी की उस रिपोर्ट पर क्यों ध्यान नहीं दिया गया जिसमें मुस्लिम समाज की बदहाली आंसू बहाये गए थे। उन्होंने कहाकि मुस्लिम समाज देश की दूसरी बड़ी आबादी है उसे नज़रअंदाज कर देश की तरक्की की कल्पना बेमानी होगी। सिराज मेंहदी ने कहा के अल्पसंख्यक डिपार्टमेंट का मतलब हमारे देशवासी समझते हैं के सिर्फ मुस्लिम समुदाय ही आता है जबकि इसमें सिख, क्रिश्चियन, जैन तथा बुद्धिस्ट समाज आता है। हमें सभी समुदायों को साथ ले के चलना होगा जो हमारे मुल्क का एक खूबसूरत गुलदस्ता है उसको हम सभी को मिलकर सजाना होगा। यही भारत की पहचान रही है।

## अब फुट पेट्रोलिंग पोर्टल के जरिए होगी पुलिस के पैदल गश्त की निगरानी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**गृह विभाग थानावार करेगा नियमित समीक्षा**



**प्रदेश** के प्रत्येक जनपद में सायंकाल बाजारों व भीड़ भरे स्थानों में पुलिस की फुट पेट्रोलिंग (पैदल गश्त( की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। इस व्यवस्था की निगरानी के लिए पुलिस विभाग में तकनीकी शाखा द्वारा फु ट पेट्रोलिंग का एक पोर्टल विकसित किया गया है। इसके माध्यम से थानावार हुई पुलिस की पैदल गश्त की गृह विभाग द्वारा भी नियमित समीक्षा की जाएगी।

अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी की अध्यक्षता में लोकभवन स्थित कमांड सेंटर में हुई उच्चस्तरीय बैठक में फुट पेट्रोलिंग पोर्टल विकसित किए जाने के कार्य में अब तक हुई प्रगति की समीक्षा की गई। इस संबंध में अब की गई तैयारी का विस्तार से प्रस्तुतीकरण भी किया गया। प्रदेश पुलिस की तकनीकी सेवा मुख्यालय द्वारा इस फुट पेट्रोलिंग पोर्टल को विकसित करने की कार्रवाई की गई है। इसके माध्यम से प्रत्येक जनपद में प्रतिदिन थानावार फुट पेट्रोलिंग की सूचना, कार्रवाई व फ ोटो आदि अपलोड किए जाने की व्यवस्था की गई है। फुट पेट्रोलिंग पोर्टल प्रदेश पुलिस के स्टेट डेटा सेंटर में होस्टेड है तथा सीसीटीएनएस साफ्टवेयर के साथ एकीकृत एवं केन्द्रीकृत है। यह वेब पोर्टल प्रयोग करने मे सरल, सहज एवं थानें द्वारा फोटोयुक्त एकल पृष्ठ डेटा प्रविष्टि की सुविधा युक्त है। थाना स्तर के अनुरोध पर पुलिस अधीक्षक स्तर से अनुमोदन के उपरान्त केवल उसी दिन के लिए डाटा को संशोधित करने की सुविधा भी इसमें दी गई है। इस पोर्टल का उपयोग कर गश्त करने व गश्त न करने वाले थानों की समीक्षा के लिए केन्द्रीकृत रिपोर्ट तैयार की जा सकेगी तथा इसके माध्यम से दैनिक, साप्ताहिक, मासिक व अब तक हुई प्रगति की जानकारी भी प्राप्त की जा सकेगी। अपर मुख्य सचिवए गृह अवनीश कुमार अवस्थी ने निर्देशित किया है कि इसमें स्वयं जनित ई-मेल से संबंधित अधिकारियों को हर माह सूचना भेजने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने प्रत्येक माह अपलोड होने वाली फोटोग्राफ्स का डाटा भी कम से कम एक वर्ष सुरक्षित रखने के भी निर्देश दिए है। गृह विभाग द्वारा इस पोर्टल के माध्यम से भी नियमित समीक्षा की जाएगी। फु ट पेट्रोलिंग का उद्देश्य आम जन मानस के साथ संवाद एवं समन्वय स्थापित कर मित्र पुलिस का संदेश सुनिश्चित करना है। जिससे आम जनमानस मे पुलिस के प्रति विश्वास बढ़े एवं आम लोग अपनी जान माल की सुरक्षा के लिए पुलिस से सहज रूप से बिना किसी भय अथवा डर के अपनी शिकायत दर्ज करा सके। उल्लेखनीय है कि शासन द्वारा इस संबंध मे निर्देश दिए गए थे कि पुलिस की फु ट पेट्रोलिंग में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, पुलिस अधीक्षक, पुलिस उपाधीक्षक, थाना प्रभारी, उप निरीक्षक इसमें प्रतिभाग करें जोनल अपर पुलिस महानिदेशक, परिक्षेत्रीय पुलिस महानिरीक्षक एवं पुलिस उपमहानिरीक्षक को स्वयं भी बारी-बारी से अपने कार्य क्षेत्रों के जनपदों में फुट पेट्रोलिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

उच्च स्तरीय बैठक में सचिव, गृह बीडी पाल्सन, विशेष सचिव गृह आरपी सिंह, अपर पुलिस महानिदेशक तकनीकी सेवा मोहित अग्रवाल, पुलिस महानिरीक्षक आवास एसके भगत सहित गृह व पुलिस विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

## खिलाड़ियों में खेल भावना सबसे जरूरी: आनंदीबेन

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने आज यूपी जूडो एसोसिएशन द्वारा केडी सिंह बाबू स्टेडियम, लखनऊ में आयोजित तीन दिवसीय सीनियर राष्ट्रीय जूडो प्रतियोगिता के समापन समारोह में प्रतिभाग कर प्रतियोगिता का समापन किया। इस अवसर पर राज्यपाल ने प्रतिभागी खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि प्रदेश के साथ ही पूरे भारत वर्ष के खिलाड़ी जूडो एवं सेल्फ डिफेन्स की न केवल ट्रेनिंग बल्कि अपने प्रदेश व देश के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर मेडल भी प्राप्त कर रहे हैं। राज्यपाल ने कहा कि यूपी जूडो एसोसिएशन को भारत में जूडो जगत में प्रतियोगिता के आयोजन का एक मजबूत स्तम्भ माना जाता है। यह एसोसिएशन के लिए गर्व की बात है। उन्होंने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि हम सबके लिए यह गौरव की बात है राष्ट्रमण्डल खेलों में जूडो के कुल तीन खिलाड़ियों ने पदक जीते। जिसमें सुशीला व तुकीलामान ने रजत पदक और उत्तर प्रदेश के विजय कुमार यादव ने कांस्य पदक तकर दुनिया में भारत का मान बढ़ाया है। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि केन्द्र एवं राज्य सरकार संयुक्त रूप से देश व प्रदेश में खिलाड़ियों के कौशल को निखारने के लिए हर प्रकार की सुविधाएं प्रदान कर रही हैं ताकि हमारे खिलाड़ी खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर ओलम्पिक तक पहुंच सकें। उन्होंने कहा कि आज के कार्यक्रम में प्रतिभागी खिलाड़ियों को देखकर यह लगता है कि उन्हें समुचित भोजन तथा बेहतर प्रबंधन मिल रहा है। उन्होंने कहा कि इस दिशा में प्रत्येक विश्वविद्यालयों द्वारा खिलाड़ियों के कौशल को निखारने के लिए कुशल प्रशिक्षकों की भी व्यवस्था की जा रही है।

तैयारियों में जुटे पीएसी-पुलिस के जवान, झालरों से सजाया गया मंदिर

# पुलिस लाइन व पीएसी में मना श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव







संवाददाता। सीतापुर

**भजन गाने** कभी मंदिर में जब रसखान आते है, मंजर देखने ऐसे वहां भगवान आते है, फ़िरका परस्ती उस गांव को छू नहीं सकती, बनाने राम की मूरत जहां रहमान आते है।'' जी हां यह

## ● आकर्षक ढंग से सज गया पुलिस लाइन का मंदिर

पंक्तियां पुलिस लाइन में मनाए जाने वाले श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के उत्सव को लेकर चरितार्थ हो रही है, वह इसलिए क्योंकि यहां मंदिर को आकर्षक ढंग से सजाने का काम कोई और नहीं विभाग के कर्मचारी आसिफ अली द्वारा किया गया। उन्होंने लाइटिंग कर मंदिर को इस कदर सजाया है कि देखने वाला हर शख्स एक पल ठहरने के बाद ही आगे की तरफ कदम बढ़ाता है। जन्माष्टमी के मौके पर पुलिस लाइन में विभिन्न कार्यक्रम हुए। बच्चों ने भी कान्हा के भेष में आकर लोगो का मन मोहा। इसके साथ ही सभी पीएसी बटालियनों में भी झांकी बनाई गई और श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया।

भाजपा जिलाध्यक्ष की चाची पंचतत्व में विलीन

# अन्तिम संस्कार में मंत्री और विधायक समेत भारी संख्या में लोग हुए शामिल

**सीतापुर।** भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष की चाची के अन्तिम संस्कार में मंत्री, विधायक, एमएलसी समेत पत्रकार, अधिवक्ता, व्यापारी, समाजसेवी शामिल हुए। भाजपा जिलाध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा की 65 वर्षीया चाची स्नेहलता मेहरोत्रा का अन्तिम संस्कार शुक्रवार को गोपाल घाट पर आर्य पद्धति से किया गया। मुखग्नि उनके पति दिलीप मेहरोत्रा ने दी। लम्बी बीमारी के चलते स्नेहलता का निधन गुरूवार को जिला अस्पताल में इलाज के दौरान हार्टअटैक से हो गया था। निधन के बाद उनके पार्थिव शरीर को लालबाग स्थित निजनिवास लाया गया। यहां अन्तिम दर्शन के लिए सिधौली विधायक मनीष रावत, मिश्रिख विधायक रामकृष्ण भार्गव, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि शिवकुमार गुप्ता सहित तमाम लोग उनके घर पहुंचे और शोकाकुल परिवार को ढांढस बंधाया। वह अपने पीछे बेटा अंशुल, अर्पित दो पुत्रियों समेत भरा पूरा परिवार छोड़ गई है। नगर विकास राज्यमंत्री राकेश राठौर गुरू, कारागार राज्यमंत्री सुरेश राही, सीतापुर से भाजपा एमएलसी पवन सिंह चौहान, आई इंडिया के एडिटर इन चीफ पंकज सिंह गौर, खैराबाद ब्लाक प्रमुख अजय विश्वकर्मा, पंकज पांडेय, दीपक शुक्ला, अनूप विश्वकर्मा, सत्यम, भाजपा महामंत्री विश्राम सागर राठौर, मीडिया प्रभारी पवन सिंह सिल्पी, संजय मिश्रा, पंकज अवस्थी, सुनील तिवारी, मनोज मिश्रा, मृदुल मिश्रा, सागर गुप्ता, उत्तम पांडेय, प्रखर, रमाशंकर गुप्ता, महेश शर्मा, रामेश्वर प्रसाद गप्पू, रमेश भार्गव, नैमिष रत्न तिवारी, भंवर सिंह, विक्रम सिंह, प्रदीप गुप्ता, विपुल सिंह, धीरेन्द्र प्रताप सिंह चौहान, नवीन अग्रवाल, नीरज वर्मा झल्लर, जीवेश साहनी, बिल्ले भइया, प्रणीत सिंह, अशोक राठौर, अजय मिश्रा दया, रामजीवन जायसवाल, शानू जायसवाल, अमित बाजवानी सहित तमाम भाजपा के तमाम कार्यकर्ता उनके अन्तिम संस्कार में शामिल हुए।

**दुष्कर्म का वांछित गिरफ्तार:** लखीमपुर खीरी। पुलिस अधीक्षक संजीव सुमन के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक के निकट पर्यवेक्षण में जनपद खीरी में अपराध की रोकथाम एवं वांछितध्वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल मार्गदर्शन में शुक्रवार को थाना खीरी पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 276ध्2022 धारा 376डीध्452ध्506 भादवि में वांछित अभियुक्त प्रियांशु सिंह पुत्र राजेंद्र सिंह निवासी ग्राम बरतेर थाना खीरी जनपद खीरी को बरतेर चौराहा से गिरफ्तार कर अभियुक्त का चालान न्यायालय को भेजा गया।

लखीमपुर में होने वाली किसान महापंचायत में पहुंचे पंजाब, अमृतसर के किसान

# सीतापुर जंक्शन पर प्रधानमंत्री के खिलाफ लगे नारे तो दौड़ पड़ी पुलिस

● रात्रि में सीतापुर जंक्शन पर किया विश्राम, फिर सुबह हुए रवाना ● लखीपुर कांड को लेकर फिर किसानों ने भरी हुंकार



संवाददाता। सीतापुर

**सीतापुर में** उस समय किसानों ने डेरा सीतापुर जंक्शन पर जमा लिया जब उन्हें लखीमपुर में होनी वाली किसान महापंचायत में 4 दिन के लिए शामिल होना था। आपको बता दें यह किसान अमृतसर पंजाब पटियाला से आए हुए थे जिनको रात्रि में सीतापुर जंक्शन पर विश्राम करना पड़ा। जहां पर मोदी सरकार मुर्दाबाद के नारे भी लगाए। इसके बाद सीतापुर जंक्शन पर ही किसान मोर्चा संगठन के पदाधिकारियों पिंदर सिंह, ऋचा सिंह सहित अन्य ने भोजन भी इन सभी किसानों को कराया। इनको सुरक्षित पहुंचाने को लेकर सीतापुर पुलिस प्रशासन भी मुस्तैद दिखा। सीतापुर जंक्शन पर पहुंचे एडिशनल एसपी राजीव दीक्षित. सीओ सिटी पीयूष कुमार सिंह. सीओ सिधौली यादवेंद्र यादव. सीओ सदर सहित कोतवाली पुलिस के साथ जीआरपी पुलिस भी मुस्तैद रही और किन किसानों को ट्रेन से लखीमपुर के लिए रवाना कर दिया। आपको बता दें कि दिल्ली बॉर्डर पर हुए आंदोलन मैं एमएसपी की मांग को लेकर, लखीमपुर में किसानों पर किए मुकदमे व मुआवजे ना मिलने को लेकर, केंद्रीय मंत्री अजय मिश्र टेनी के बेटे जो मुख्य आरोपी हैं उनकी बर्खास्तगी को लेकर यहां महापंचायत सरकार के विरोध में 21 अगस्त तक लखीमपुर में होगी. जिसमें शामिल होने के लिए यह किसान अलग-अलग प्रदेशों से पहुंच रहे हैं. आपको बता दें कि किसान नेता राकेश टिकैत सहित तमाम बड़े किसान नेता वहां महापंचायत में शामिल होंगे।

# बेटे ने की थी पिता की हत्या




**लखीमपुर खीरी।** पुलिस अधीक्षक संजीव सुमन के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक के निकट पर्यवेक्षण में संपूर्ण जनपद में अपराध की रोकथाम व वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत आज दिनांक 19ण्08ण्2022 को थाना पसगवां पुलिस द्वारा मुअसं 364ध्22 धारा 302 भादवि में वांछित अभियुक्त अवनीश उर्फ ननहक्के पुत्र स्वामी दयाल पाल को घटना में प्रयुक्त अवैध तमंचा 315 बोर व एक अदद खोखा कारतूस बरामद कर गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त से बरामद अवैध तमंचा के संबंध में थाना पसगवां पर आर्म्स एक्ट की सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है। विवेचना के उपरान्त यह प्रकाश में आया कि मृतक स्वामीदयाल पुत्र स्वण्भगवानदीन थाना पसगवां जनपद खीरी की मृत्यु उसके ही पुत्र अवनीश उर्फननहक्के ने की थीए जिसके आधार पर अभियुक्त अवनीश उर्फननहक्के को पुलिस द्वारा हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर बताया गया कि उसके पिता स्वामीदयाल आये दिन शराब के नशे में गाली गलौज करते थे और कहते थे कि तुम निकम्मा व नाकारा हो यह कहकर ताना मारते रहते थे तथा कुछ दिन पहले बैट्री वाला रिक्शा भी उसके पिता ने बेच दिया था और सारा पैसा दारू पीकर खर्च कर दिया थाए जिससे परेशान होकर उसने अपने पिता को दिनांक 12ध्13 अगस्त की रात्रि में अत्यधिक नशे में होने पर गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्र.नि. थाना पसगवां निर्भय कुमार सिंह, म.का. सौरभ कुमारी व म.का. रिचा शामिल रहीं।

## चोरी के डीजल सहित एक गिरफ्तार

**लखीमपुर खीरी।** पुलिस अधीक्षक संजीव सुमन के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक के निकट पर्यवेक्षण में जनपद खीरी में अपराध की रोकथाम एवं वांछितध्वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत क्षेत्राधिकारी धौरहरा के कुशल मार्गदर्शन में थाना फूलबेहड़ पुलिस द्वारा मु.अ.सं.406/22 धारा 380/411 भादवि से संबंधित अभियुक्त सरवन पुत्र ढोडे निवासी ग्राम मेहन्दी थाना फूलबेहड़ जनपद खीरी को चोरी के 10 ली. डीजल सहित गिरफ्तार कर अभियुक्त का चालान न्यायालय भेजा गया।

PUBLIC NOTICE
To be known to all that **I, Rashi Paliwal, S/D/W/O Mrs. Rashmi Paliwal, B-9/ 13, Vasant Vihar, New Delhi -110057.** The Original Buyer seller agreement document of the property **Welldone Tech Park IT Space Unit No. 806, 8th Floor, Building "D" Sector 48, Gurgaon.** has been lost. An NCR / FIR to this effect has been lodged in P.S. Crime Branch in vide S.O. No. 430/2014 Delhi Police LR No. 699097/2022 dated 17.08.2022. Any person (s)claiming any right, interest, having any objection or found in possession of original documents, may write/contact with above named person at above address/phone No. 9810928285 within 15 days from the date of publication of this notice.

Public Notice
This is to inform general public that Mr. Praful Kumar has acquired the Property bearing Municipal no. 734,734/219, area measuring 436 sq. yds. situated at Mohalla Alok Hapur under Municipal Corporation Hapur, Pargana, Tehsil & Distt. Hapur vide Gift deed dated 28.06.2022, Doc no. 5305 and Now, Mr. Praful Kumar is mortgaging the above said property with Fullerton India Credit Company Limited & in case anyone has any objection, the same may be raised within 07 days of this publication to Mr. Muneesh Dhawan/ Mr. Sudhir Jain (Advocates), Law Veritas North, Unit no 907, 9th Floor, GD-ITL Tower, (B-08), Netaji Subhash Place, Delhi-110034 or contact at 9066707172/9818228636 (M).

सार्वजनिक सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक फ्रीहोल्ड आवासीय प्लाट जिसका रकबा 100 वर्गगज यानि 83.61 वर्गमीटर खसरा न0-326 उत्तर, स्थित चिपियाना बुजुर्ग, परगना व तहसील दादरी, जिला गौतमबुद्धनगर, उ0 प्र0 का है। उक्त प्लाट का मैं तरूण कुमार पुत्र स्व0 सत्यपाल सिंह खतौनी से मालिक व काबिज हूँ। मै तरुण कुमार पुत्र स्व0 सत्यपाल सिंह उक्त प्लाट की रजिस्ट्री श्री योगेश कुमार पुत्र श्री हरपाल सिंह के नाम कर रहा हूँ। तथा उक्त सम्पत्ति पर वास्तु हाउसिंग फाईनेन्स कॉरपोरेशन लि0 द्वारा होम लोन लिया जा रहा है। यदि किसी व्यक्ति, निकाय कॉर्पोरेट, सरकारी/गैर-सरकारी प्राधिकरण/या कोई अन्य सार्वजनिक/निजी बैंक (संस्था) आदि को कोई आपत्ति हो तो इस प्रकाशन की तारीख से 7 दिनों के भीतर अधोहस्ताक्षरी या वास्तु हाउसिंग फाईनेन्स कॉरपोरेशन लि0 सैकिण्ड फ्लोर, कमर्सियल मॉर्केट, संजय विहार आवास विकास, अपोजिट प्राचीन शिव मंदिर, हापुड-245101 उ0 प्र0 को लिखित में आपत्ति दे सकता है। इसके बाद इस पर किसी भी प्रकार का कोई विचार नही किया जायेगा।
अरूण गोस्वामी एडवोकेट
चै0 न0 119, फर्स्ट फ्लोर, मैन रोड, तहसील कम्पाउड, गाजियाबाद
मो:- 9997806112

SRF LIMITED
**Regd. Office:** The Galleria, DLF Mayur Vihar, Unit No. 236 & 237, 2nd Floor, Mayur Vihar Place, Noida Link Road, Mayur Vihar Phase I Extn, Delhi-110091
**Corporate Office:** Block-C, Sector 45, Gurugram, Haryana-122 003
Tel. No (Regd office) : (+91-11) 49482870; Fax : (+91-11) 49482900
E-mail: cs@srf.com, Website: www.srf.com; CIN: L18101DL1970PLC005197

NOTICE

Notice is hereby given that Share Certificates pertaining to shares of the Company detailed below have been reported lost and request(s) for issue of duplicate Certificates in lieu thereof have been received by the Company. Shareholder(s)/Claimant(s) shall also be entitled to Bonus Shares in the ratio of (4:1) on these shares from Investor Education & Protection Fund Authority :-

| Sl. No. | Folio No. | Name of the Share Holder / Legal Heir (Claimant) | Cert-No. | Dist-No. (from) | Dist-No. (to) | Lost Shares |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | P 0002790 | PREM LATA | 137893 | 5644147 | 5644162 | 16 |
| | | | 976483 | 18586950 | 18586982 | 33 |
| 2 | S 0002204 | SHAKUNTALA DEVI DAMANI | 339100-4 | 16502200 | 16502285 | 86 |
| 3 | T 0000470 | TIRATH RAM AGGARWAL | 150245 | 5957651 | 5957668 | 18 |
| | | | 347632-4 | 16679885 | 16679949 | 65 |
| | | | 496632-4 | 24699677 | 24699741 | 65 |
| | | | 977338 | 18615558 | 18615593 | 36 |
| | | | 90044473-4 | 7751426 | 7751501 | 76 |
| 4 | SRF0121964 | PREM LATA (Deceased Jt. Holder 1) | 563839 | 25987481 | 25987530 | 50 |
| | | RITESH KUMAR (Jt. Holder 2) | | | | |
| 5 | K 0000791 | KIRTIKUMAR VARAJDAS GANDHI (Deceased Shareholder) | 124427 | 5236323 | 5236327 | 5 |
| | | RONAK KIRTIKUMAR GANDHI (Claimant) | 975847 | 18567757 | 18567767 | 11 |
| 6 | K 0005329 | KIRTIKUMAR VARAJDAS GANDHI (Deceased Jt. Holder 1) | 126693 | 5287762 | 5287773 | 12 |
| | | MRS MAYURI KIRTIKUMAR GANDHI (Deceased Jt. Holder 2) | 680570-1 | 57674109 | 57674130 | 22 |
| | | RONAK KIRTIKUMAR GANDHI (Claimant) | 748891 | 61805533 | 61805533 | 1 |
| | | | 776375 | 65759423 | 65759423 | 1 |
| | | | 975983 | 18571809 | 18571833 | 25 |
| 7 | M 0000857 | MAYURI KIRTIKUMAR GANDHI (Deceased Shareholder) | 130764 | 5449431 | 5449435 | 5 |
| | | RONAK KIRTIKUMAR GANDHI (Claimant) | 976091 | 18575135 | 18575145 | 11 |
| 8 | M 0005424 | MAYURI KIRTIKUMAR GANDHI (Deceased Jt. Holder 1) | 132998 | 5497986 | 5497997 | 12 |
| | | MR KIRTIKUMAR VARAJDAS GANDHI (Deceased Jt. Holder 2) | 681607-8 | 57700834 | 57700855 | 22 |
| | | RONAK KIRTIKUMAR GANDHI (Claimant) | 748949 | 61805707 | 61805707 | 1 |
| | | | 776445 | 65759715 | 65759715 | 1 |
| | | | 976251 | 18579856 | 18579880 | 25 |

Any person having any claim /objection in respect of the above requests should lodge such claim/ objection with the company at its Corporate Office within 15 days of the publication of this notice, failing which the company will consider to give effect to the above requests.
Public is hereby cautioned against dealing with the aforesaid share certificates.

for **SRF LIMITED**
Sd/-
**RAJAT LAKHANPAL**
Vice President (Corporate Compliance) & Company Secretary

Place: Gurugram
Date: 19-08-2022

सार्वजनिक सूचना
सर्वसाधारण को सूचना दी जाती है कि निम्नलिखित गाड़ी नंबर वाली कारें जो कि अपनी लाइफ पूरी कर चुकी हैं पेट्रोल कारें 15 साल, डीजल कारें 10 साल। पाइन व्यू टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड द्वारा एम सी डी ड्राइव में जब्त की गई थी और अभी तक किसी के द्वारा भी क्लेम नहीं की गयी है। इन सभी गाड़ी मालिकों को सूचित किया जाता है कि कंपनी के ऑफिस में आ कर गाड़ी की स्क्रैप वैल्यू क्लेम कर लें। अन्यथा ये सभी गाड़ियां अगले तीन दिन में स्क्रैप कर दी जाएँगी।

| | | |
|---|---|---|
| DL8SAE3033, | DL3SAE7328, | NOREG27, |
| DL4SY5203, | DL6SU5121, | NOREG28, |
| DL4ST6598, | DL4SBE2667, | DL3CAJ8401, |
| AS011582, | DL8SAH1067, | DBA1863, |
| DL8SE8576, | DL8SP4043, | DL8CC2193, |
| DL2SF3390, | DL4CQ1584, | DL2CAD2804, |
| DL8SZ1239, | DDC4755, | DL7CD5324, |
| HR19B6035, | DL4CAE1819, | DL6CJ4865, |
| DL8SAE5778, | DL4SAB7851, | DL2CM9725, |
| DL8AB0735, | DL3SAW3442, | DDQ1296, |
| DDE6573, | DL4SL5364, | DL8CN3336, |
| DL4SAQ7907, | DL4SAM8887, | DL10CF0582, |
| DL8SAF9123, | DBZ3203, | DAJ0007, |
| DL7SAQ2432, | DL4SBB7966, | DL4CAA3822, |
| DL8SX2835, | DL8ST3827, | DL3FB0013, |
| DL1SG5245, | DL4SBD8471, | DL3CL1583, |
| DL2SA7129, | DL8SP2056, | DL4SY3306, |
| DL8SU4297, | DL4SBD7178, | DL4SAM8696, |
| DL7SR7343, | DL7SAS5112, | DL4SAW1731, |
| DL8SW5579, | DL3SZ0416, | DL8SE8216, |
| DL8SY4881, | DL4SAW4436, | DL4SK3548, |
| DL8SV1234, | DL8SN3614, | DL4SBE3232, |
| DL8SAK1027, | DL4SBA0678, | DL4SAF8932, |
| DL8SAE5408, | DL2SK0329, | DL8SW2509, |
| DL8SY4728, | DL4SAG8464, | DL6SX3435, |
| DL8SK7562, | DL4SAB2421, | DL4SAM5498, |
| HR334946, | DL4SBJ1012, | DL4SBD5452, |
| KA03EH9411, | DL4SP4543, | DL3SL8981, |
| DL8SN5723, | DL4SAF2985, | DL6SW2161, |
| DL8SF1001, | DL8SA8208, | DL8SM5143, |
| DL3SK0001, | DL4ST7476, | DL4SD6799, |
| DL8SE5522, | DL4SAA1339, | DL7SAH2790, |
| DAK1596, | DL8SZ7078, | HP373947, |
| HR51A6469, | DL4SAC8733, | DL8SZ0830, |
| DL6SV1031, | DL4SAR8915, | DL8ST8507, |
| DHM7201, | DL6SAQ8518, | DL8SE2444, |
| DL8SQ0366, | DL4SY1751, | DL8SN5415, |
| HR51L2049, | DL4SZ9166, | DL8SN1222, |
| DL8SQ5856, | DL7SP2085, | DL8SQ4884, |
| DL4SAF8767, | DL4SB0438, | DL10CB0946, |
| DL8SAC5251, | DL4SAK1860, | DL3CH8254, |
| NOREG23, | DL6SU0914, | DL7C7863, |
| DL4SAF8089, | DL4SAF1827, | DL2CAC4986, |
| DL2SA2564, | DL4SBH4041, | DL6CK0973, |
| DL8SAC4032, | DL5SJ2968, | HR05T1920, |
| DL2FGJ0099, | UP16K2145, | DL4CNA6685, |
| DL4CAB9376, | DL6SZ2259, | DL13C0422, |
| DL6SAE0294, | DL6SP6222, | DL13C0520, |
| DL4SQ6963, | DL4SAN9806, | DL3CK8782, |
| DL4SAN6344, | DL3SP3385, | DL5SS1422, |
| DL4SAB9490, | DL8SZ3858, | NOREG29, |
| DL4SAM1020, | DL6SZ7047, | DL4CAB4347, |
| DL3SS1427, | DL8SAJ2816, | DL3CN6155, |
| DL4SAC4428, | DL4SAM1677, | DL4CAG5816, |
| DL4SH3456, | DL8SAC5423, | DL8CK4313, |
| DL4SAB6575, | NOREG30, | DL4CL4406, |
| DL4SU6840, | DL8SAJ8267, | DL9CK4035, |
| DL4SBE1089, | DNN2097, | DL3CAQ7515, |
| DL4ST7552, | DL8SL0841, | DL8CG2870, |
| DL8SM7435, | DL4SAG6791, | DL4CAA8570, |
| DL4SAN3392, | DL8SNB2097, | DL9CP7098, |
| DBT3464, | DL8SAK4682, | DL6CG5248, |
| DL4SAA4037, | DL9SS0730, | DL8CG7595, |
| DL4SAK7681, | DL4SG5542, | DL9SF9497, |
| PB02AG8908, | DL6SAA1099, | DL8SN6301, |
| DL6SQ6848, | DL4SBF3032, | DL8SG0645, |
| DL8SAF2636, | UP60F4927, | DL8SZ7968, |
| DL4SNA6060, | DL3SH1835, | DL6SE0888, |
| DL6SR6716, | DL6SP3897, | DL4SBE3010, |
| DL6SW1368, | DL7SN0767, | UMI5002, |
| DL6SF7488, | DL4SBJ0734, | DL8SM4234, |
| DL9SF7677, | DL2CZ6472, | UP65A4582, |
| DL8SAC2611, | DL8CL0818, | DL4SAJ3416, |
| DL8SM8297, | HR29J7610, | DL1SF8846, |
| DL4SAW1317, | DL4CS6836, | DL8SAD1834, |
| DL9798, | DL2CAF9623, | DL7SN7688, |
| DL6SX1192, | PB07J9991, | DL8SF2185, |
| NOREG24, | DL1CP0931, | DL8SY1225, |
| PB02AQ2986, | DL3CD7750, | DL1CP2987, |
| DL6SK4385, | DL4SP6893, | DL4CAB7049, |
| HR0507052, | DBU7381, | DL4CS5308, |
| DL7SS7056, | DL4SAM7055, | HR51AH2676, |
| DL4SAQ4344, | DL9SC3934, | DL8CL2066, |
| DL8ST9825, | DL7SAX1510, | DL4CM2113, |
| DL8SC0779, | DL29B4582, | DL1VA8329, |
| DL8SU1380, | DL4SAA3144, | DL4CAE5840, |
| DL8SAK4818, | DL4SAD8718, | DL6ST3677, |
| DL8SAE5427, | DL4SM8449, | DBN5110, |
| DL8SAE4970, | DL6SS6002, | DL4SB9450, |
| DL6SA5889, | DL3CR1734, | UA07B9639, |
| DL4S7650, | DL4CAG5247, | DL4SNB3970, |
| DL8SK7131, | DL4CAB3568, | DL4SBE5470, |
| DL8SAG6196, | DL9CN3174, | DL4SM5532, |
| DL7SAF2114, | DL9CJ8175, | DL4ST1007, |
| DL8SU7076, | DL7CC3911, | DL4SAF4877, |
| DL4SAB9705, | DL4CAB7791, | DL4SAN6372, |
| DL8SD8517, | DL9CP2034, | DL8SC8186, |
| HR06H2077, | NOREG25, | DL4SG5918, |
| DL6SQ8894, | DL4CAH0251, | DL3SG9002, |
| RJ07AM4271, | DL4SAM4029, | DL1SK8711, |
| DL8SG1281, | DL4SAW0503, | DL4SAB3235, |
| DL8SZ6186, | NOREG26, | DL4SU5861, |
| DL8SN8528, | DL4SAP0382, | DL4SJ6561, |
| DL8SX2049, | DL6SP5767, | DL7SR9914, |
| DL8SZ8612, | DL4SAH5886, | MH02AQ9296, |
| DL8SAE9201, | DL4SAM3726, | DL12CE5555, |
| DL4SAM3493, | DL4SAW7100, | DL7CK7470, |
| DL8SAJ0723, | DL4SAA7258, | DL9CK8886, |
| DL8SK2547, | DL4SAH5807, | DL4CS7317, |
| DL8SL5345, | DL8SX2278, | DL5CB9362, |
| DL5S5091, | DL1SG0182, | DL4CS5329, |
| DL8S1332, | DL4SBE5080, | DL3CAU0968, |
| DL1SH7713, | DL4SBD8524, | DL9CK9165, |
| DL9SL5633, | DL8SU6908, | DL2CAG2137, |
| NOREG31, | DL4SU3190, | DL3CAG9842, |
| DL4SAY9329, | DL7SAP3522, | DL3CAW3527, |
| DBF0095, | DL4CAH3025, | DL2CAL5439, |
| DL3SAK6661, | DL4CAG8495, | DL5CF0214, |
| DNS0787, | DL9CC5650, | DL9CK3655, |
| DL4SE3250, | DL2CAD1456, | |

# पेज एक का शेष

## मनीष सिसोदिया...

विभाग के तीन अधिकारी वर्ष 2021-22 के लिए बनी आबकारी नीति से संबंधित निर्णय लेने और निर्णय लेने में सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन के बिना लाइसेंस धारियों को निविदा पोस्ट करने के लिए अनुचित लाभ देने के इरादे से महत्वपूर्ण भूमिका निभाते थे। विश्वसनीय सूत्रों का हवाला देते हुए सीबीआई की प्राथमिकी में यह भी आरोप लगाया गया है कि मनोरंजन और इवेंट मैनेजमेंट कंपनी ओनली मच लाउडर के पूर्व सीईओ विजय नायर, पर्नोड रिकार्ड के पूर्व कर्मचारी मनोज राय, ब्रिंडको स्पिरिट्स के मालिक अमनदीप ढाल और इंडो स्पिरिट्स के मालिक समीर महेंद्रू वर्ष 2021-22 के लिए दिल्ली की जीएनसीटीडी की आबकारी नीति बनाने और उसे लागू करने में अनियमितताओं में सक्रिय रूप से शामिल रहे। सूत्रों ने यह खुलासा किया कि कुछ एल-1 लाइसेंस धारक खुदरा विक्रेताओं को क्रेडिट नोट जारी कर रहे हैं, ताकि धन को दूसरी जगह स्थानांतरित कर लोक सेवकों को अनुचित आर्थिक लाभ पहुंचाया जा सके। अपने रिकॉर्ड को साफ-सुथरा रखने के लिए वे अपनी बैंक पासबुक में झूठी प्रविष्टियां दिखा रहे हैं।

## ऊपर से...

भारत को गौरवान्वित किया है। दिल्ली मॉडल अमेरिका के सबसे बड़े अखबार के पहले पन्ने पर है। मनीष सिसोदिया स्वतंत्र भारत के बेहतरीन शिक्षा मंत्री हैं। बाद में एक ऑनलाइन प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, देश के लिए यह गर्व की बात है कि मनीष सिसोदिया का नाम दुनिया के सबसे शक्तिशाली देश के सबसे बड़े अखबार के पहले पन्ने पर है। केजरीवाल ने कहा कि सिसोदिया को एक तरह से दुनिया का सबसे अच्छा शिक्षा मंत्री घोषित किया गया है। उन्होंने कहा कि अमेरिका के सबसे बड़े अखबार ने दिल्ली की शिक्षा क्रांति के बारे में लिखा और सिसोदिया की तस्वीर भी लगाई। उन्होंने दावा किया कि पिछली बार न्यूयॉर्क टाइम्स में भारत का नाम कोविड-19 के कारण देश में हो रही मौतों को लेकर था। केजरीवाल ने कहा कि उनके अन्य मंत्रियों कैलाश गहलोत और सत्एंद्र जैन के खिलाफ भी छापे मारे गए, लेकिन उनके पास से कुछ भी नहीं मिला। उन्होंने कहा कि बाधाएं आएंगी, लेकिन अच्छे काम नहीं रुकेंगे। केजरीवाल ने कहा, हमारे मिशन में हमारे रास्ते में कई बाधाएं आएंगी। सिसोदिया के खिलाफ यह पहली छापेमारी नहीं है, पहले भी छापे मारे गए थे। हमारे कई मंत्रियों पर छापे मारे गए हैं, लेकिन कुछ भी नहीं निकला और इस बार भी कुछ नहीं निकलेगा। केजरीवाल ने कहा कि घबराने की जरूरत नहीं है क्योंकि हमारे काम को रोकने के लिए बाधाएं आएंगी, सीबीआई को हमें परेशान करने के लिए ऊपर से कहा गया है। मुख्यमंत्री ने बुधवार को दुनिया में भारत को नंबर एक देश बनाने के अपने राष्ट्रीय अभियान की घोषणा की थी, जिसमें मुफ्त शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य, युवाओं के लिए रोजगार और महिलाओं के लिए सम्मान और समानता की बात शामिल है।

## आप ने...

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि वह ईमानदारी की कीमत चुका रहे हैं। राष्ट्रीय राजधानी में शिक्षा सुविधाओं में सुधार के उनके कार्य को पटरी से उतारने के लिए उनके खिलाफ जांच की जा रही है। सिसोदिया के इस बयान पर पलटवार करते हुए अनुराग ठाकुर ने कहा कि एक्साइज मंत्री एक्सक्यूज मंत्री बन गए हैं। मंत्री ने कहा कि सीबीआई जांच के डर से दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और सिसोदिया छापेमारी को शिक्षा सुविधाओं से जोड़ रहे हैं। ठाकुर ने कहा कि यह शिक्षा की बात नहीं है, यह आबकारी नीति का मामला है। लोगों को मूर्ख मत समझिए। मंत्री ने कहा कि मुझे उम्मीद है कि सिसोदिया धनशोधन मामले में गिरफ्तार किए गए अपने सहयोगी मंत्री सत्येंद्र जैन की तरह याददाश्त चले जाने का दावा नहीं करेंगे। इसके बाद भाजपा ने एकजुट होकर आप व सिसोदिया पर हमला बोला। पश्चिम दिल्ली से भाजपा सांसद प्रवेश वर्मा ने सिसोदिया पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए कहा कि शराब के लाइसेंसधारियों से नकदी इकट्ठा करने वाले दो बिचौलिए देश से भाग गए हैं। वर्मा ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि अरविंद केजरीवाल सरकार, जिसमें मनीष सिसोदिया आबकारी मंत्री हैं, ने थोक लाइसेंसधारियों के कमीशन को दो प्रतिशत से बढ़ाकर 12 प्रतिशत कर दिया। कई व्यक्तियों ने इसमें से 12 से छह प्रतिशत पैसा आम आदमी पार्टी (आप) सरकार के लिए एकत्र किया, जिनमें से दो लोग उपराज्यपाल द्वारा सीबीआई जांच की सिफारिश किए जाने के साथ ही देश छोड़कर भाग गए।

## तीन साल...

होती है। उन्होंने कहा, यह सबके प्रयास से होती है। हम सभी ने देश बनाने का रास्ता चुना है। इसलिए देश की वर्तमान और भविष्य की चुनौतियों का लगातार समाधान कर रहे हैं। जनभागीदारी, हितधारकों की साझेदारी, राजनीतिक इच्छाशक्ति और संसाधनों के पूरे इस्तेमाल को जल जीवन मिशन की सफलता के चार मजबूत स्तंभ बताते हुए मोदी ने कहा कि तीन साल पहले लाल किले से उन्होंने जो सपना देखा था वह आज सफल होते दिख रहा है।

## भारत-बांग्लादेश...

एक समूह ने बांग्लादेश के रंगमती हिल जिले के जुपुई इलाके से बीएसएफ जवानों पर गोलियां चलाईं। जवानों ने जवाबी कार्रवाई की, जिससे दोनों पक्षों के बीच मुठभेड़ शुरू हो गई। बीएसएफ के एक अधिकारी ने कहा कि जवानों ने जवाबी कार्वाई की, जिसके बाद एनएलएफटी के उग्रवदी घने जंगल की तरफ भाग गए। बीएसएफ के वरिष्ठ कमांडर के साथ घटनास्थल पर पहुंचे कुमार ने बताया कि बीएसएफ की तरफ से समन्वित जवाबी कार्वाई के कारण उग्रवादी ज्यादा नुकसान नहीं कर सके। उन्होंने कहा, घटना के बाद भारत-बांग्लादेश सीमा पर सुरक्षा बढ़ा दी गई है। क्षेत्र में अभियान भी तेज कर दिया गया है। हम आवश्यक कार्रवाई के लिए बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश (बीजीबी) से इस मुद्दे पर बात करेंगे।

## कनाडा के...

और एथेनॉल का उत्पादन सर्वाधिक यहीं होता है। विभिन्न सब्जियों और फलों के उत्पादन में हम देश में प्रथम स्थान पर हैं। मुख्यमंत्री ने राज्य में प्रस्तावित नवीन औद्योगिक प्रोजेक्ट की जानकारी देते हुए कहा कि प्रदेश सरकार प्लास्टिक पार्क, टॉय पार्क, फ़िल्म सिटी, लॉजिस्टिक पार्क, मेगा लेदर पार्क, मेडिकल डिवाइस पार्क जैसे सेक्टर आधारित प्रोजेक्ट को आगे बढ़ा रही है। निवेशकों के लिए यह अच्छा अवसर हो सकता है। प्रदेश में कृषि एग्रो टेक्नोलॉ, एग्रो लॉजिस्टिक, एग्रो पैकेजिंग के क्षेत्र में नीतिगत प्रयास किये जा रहे हैं। इस क्षेत्र में विकास की असीम सम्भावनाएं है, जिसमें कनाडा हमारा अच्छा सहयोगी बन सकता है। उच्चायुक्त कैमरॉन मैके ने मुख्यमंत्री से पर्यटन, कृषि, जल, विद्युत एवं सौर ऊर्जा तथा शैक्षणिक आदान-प्रदान के क्षेत्र में सहयोग की सम्भावनाओं पर चर्चा की। प्रदेश के सम्बन्ध में अपने अनुभव साझा करते हुए उन्होनें कहा कि उत्तर प्रदेश आज इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट के क्षेत्र में जिस तरह तरक्की कर रहा है, वह शानदार है। नई दिल्ली में रहते हुए मीडिया के माध्यम से प्रदेश के बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट की जानकारी उन्हें मिलती रहती है। उन्होंने उत्तर प्रदेश में महिला सुरक्षा, सम्मान और स्वावलम्बन की दिशा में मुख्यमंत्री के नेतृत्व में किए जा रहे प्रयासों, विशेषकर 'मिशन शक्ति' को प्रभावशाली बताते हुए महिला उद्यमिता के प्रोत्साहन की नीतियों की सराहना की। 'उत्तर प्रदेश पुलिस' की कार्यशैली की सराहना करते हुए उच्चायुक्त श्री मैके ने विगत पांच वर्षों में राज्य में पुलिस के आधुनिकीकरण और सुदृढ़ीकरण के क्षेत्र में मुख्यमंत्री की नीतियों और क्रियान्वयन को अत्यंत उपयोगी बताया। जनवरी-फरवरी 2023 में प्रस्तावित 'उत्तर प्रदेश ग्लोबल इन्वेस्टर समिट' की चर्चा करते हुए उच्चायुक्त श्री मैके ने इस आयोजन को कनाडा के निवेशकों के लिए आकर्षक अवसर बताया।

## न्यूयॉर्क में...

क्यों किया? अमेरिका में गांधी की प्रतिमा को क्षतिग्रस्त या विरूपित करने का यह कोई पहला मामला नहीं है। इस साल फरवरी में मैनहट्टन के यूनियन स्क्वायर में गांधी की आठ फुट ऊंची प्रतिमा को कुछ लोगों ने विरूपित कर दिया था। खालिस्तान समर्थकों ने दिसंबर 2020 में वाशिंगटन में भारतीय दूतावास के सामने लगी गांधी की प्रतिमा को विरूपित किया था।

## अमेठी में...

गई है। एएसपी ने बताया कि अभिषेक तिवारी गांव मेलापुर थाना शिवरतनगंज तथा फरार आरोपी हम्माद निवासी गांव वरसंडा थाना शुकुल बाजार जनपद अमेठी के रहने वाले हैं। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार अभिषेक तिवारी के विरुद्ध एनडीपीएस अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर विधिक प्रक्रिया पूरी कर उसे जेल भेज दिया गया।

## बॉडी बिल्डर...

जिसमें वह स्पाइस जेट के एक विमान में धूम्रपान करते दिखाई दे रहे हैं। इंस्टाग्राम पर कटारिया के 6.3 लाख फॉलोअर हैं। कटारिया का विमान में सिगरेट जलाते वीडियो प्रसारित होने से हडकंप मच गया था। हांलांकि, स्पाइस जेट ने अपनी सफाई में कहा था कि सिगरेट पीने की यह घटना 20 जनवरी को दुबई-दिल्ली की उड़ान में उस समय हुई थी, जब यात्री विमान में सवार हो रहे थे और केबिन क्रू के सदस्य उड़ान शुरू होने की प्रक्रिया पूरी करने में व्यस्त थे। जांच के बाद स्पाइस जेट ने कटारिया को 15 दिन के लिए नो फ्लाइंग सूची में रख दिया था।

## पिच ब्लैक...

एमकेआई लड़ाकू विमान, एक सी-130 और एक सी-17 परिवहन विमान से युक्त बेड़ा इंडोनेशिया के रास्ते ऑस्ट्रेलिया गया था। पिच ब्लैक रॉयल ऑस्ट्रेलियाई वायु सेना (आरएएएफ) द्वारा आयोजित द्विवार्षिक बहु-राष्ट्रीय युद्ध अभ्यास है। इसका उद्देश्य भाग लेने वाले सैन्य बलों के बीच संबंध मजबूत करना और ज्ञान एवं अनुभव के आदान-प्रदान के माध्यम से अंत:क्रियाशीलता को बढ़ावा देना है।

# अध्यक्ष पद के लिए राहुल की हां और ना को लेकर कांग्रेस में ऊहापोह

**भाषा।** नई दिल्ली

**कांग्रेस** अध्यक्ष के चुनाव का समय नजदीक आने के साथ ही पार्टी के भीतर इस बात को लेकर ऊहापोह की स्थिति पैदा हो गई है कि अगर राहुल गांधी फिर से कमान संभालने के लिए तैयार नहीं होते हैं तो फिर विकल्प क्या होगा ? पार्टी सूत्रों का कहना है कि कांग्रेस के भीतर इन विकल्पों को लेकर मंथन चल रहा है कि अगर राहुल गांधी तैयार नहीं होते हैं तो गांधी परिवार के किसी विश्वासपात्र नेता को कमान सौंपी जाए या फिर सोनिया गांधी ही अगले लोकसभा चुनाव तक अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी संभालती रहें। पहले से तय कार्यक्रम के अनुसार, कांग्रेस अध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया 21 अगस्त से आरंभ होनी है और इसे 20 सितंबर तक पूरा होना है। उधर, कांग्रेस के केंद्रीय चुनाव प्राधिकरण के प्रमुख मधुसूदन मिस्त्री ने पीटीआई-भाषा से कहा, मतदान के लिए डेलीगेट की सूची तैयार है। हमारी ओर से हम तैयार हैं। कांग्रेस कार्य समिति को चुनाव की तिथि तय करनी है। पिछले लोकसभा चुनाव में कांग्रेस की हार के बाद राहुल गांधी ने नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया था और इसके बाद से सोनिया गांधी पार्टी के अंतरिम अध्यक्ष की जिम्मेदारी निभा रही हैं। पार्टी सूत्रों का कहना है कि सोनिया गांधी समेत कांग्रेस के ज्यादातर नेताओं की राय है कि 2024 के लोकसभा चुनाव को देखते हुए राहुल गांधी को अध्यक्ष पद संभालना चाहिए, हालांकि राहुल गांधी की तरफ से इस पर हां का इंतजार है। कांग्रेस के एक नेता ने पीटीआई-भाषा से कहा, इसमें कोई दो राय नहीं है कि ज्यादातर नेताओं और कार्यकर्ताओं की यही भावना है कि राहुल गांधी अध्यक्ष बनें। लेकिन इसके लिए जरूरी है कि खुद वह तैयार हों। मेरी जानकारी के हिसाब से फिलहाल ऐसा कोई संकेत नहीं मिला है कि राहुल गांधी अध्यक्ष पद संभालने के लिए तैयार हैं।



उन्होंने कहा, 2019 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस की हार के बाद जब नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए राहुल ने अध्यक्ष पद छोड़ा था, उसके बाद से कई मौकों पर पार्टी के नेता उनसे फिर से अध्यक्ष बनने का आग्रह कर चुके हैं, लेकिन उनकी तरफ से हां में जवाब नहीं आया। अब अध्यक्ष के चुनाव की दिशा उनकी हां और ना पर निर्भर करती है। कांग्रेस नेता ने कहा, अगर गांधी परिवार से इतर भी कोई अध्यक्ष बन जाता है तो ऐसी स्थिति में भी राहुल गांधी पार्टी का एक प्रमुख चेहरा बने रहेंगे। उनका यह भी कहना है कि अगले कुछ दिनों में अध्यक्ष पद के चुनाव को लेकर पूरी स्थिति साफ हो सकती है। सूत्रों के अनुसार, राहुल गांधी के अध्यक्ष नहीं बनने की स्थिति में कुछ विकल्पों और नामों पर चर्चा हो रही है। कांग्रेस से जुड़े एक सूत्र ने बताया, राहुल गांधी के अध्यक्ष नहीं बनने की स्थिति में जिन वैकल्पिक नामों को लेकर चर्चा है उनमें राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का नाम प्रमुख है। उनके नाम पर गांधी परिवार को भी शायद ही कोई आपत्ति हो। हालांकि, यह भी कहा जा रहा है कि गहलोत मुख्यमंत्री पद का छोड़कर अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी संभालने के लिए इच्छुक नजर नहीं आते। उन्होंने कहा, कांग्रेस अध्यक्ष पद के लिए गहलोत के अलावा मुकुल वासनिक, मल्लिकार्जुन खड़गे, कुमारी सैलजा और कुछ अन्य नामों पर भी विचार किया जा सकता है। कांग्रेस के एक अन्य नेता ने कहा, राहुल गांधी के अध्यक्ष नहीं बनने पर एक विकल्प यह भी हो सकता है कि सोनिया गांधी अगले लोकसभा चुनाव तक अध्यक्ष पद पर बनी रहें और दो-तीन वरिष्ठ नेताओं को कार्यकारी अध्यक्ष अथवा उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी जाए। जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय के सेंटर फॉर पोलिटकल स्टडीज के एसोसिएट प्रोफेसर मणींद्र नाथ ठाकुर का कहना है कि कांग्रेस इस समय दुविधा की स्थिति में है। उन्होंने कहा, सोनिया गांधी स्वास्थ्य संबंधी दिक्कतों का सामना कर रही हैं। राहुल गांधी को लेकर यह समस्या है कि जैसे ही उन्हें अध्यक्ष पद की कमान सौंपी जाएगी, उसी समय से वह विरोधियों के निशाने पर आ जाएंगे...एक समस्या यह भी है कि गांधी परिवार के पास मनमोहन सिंह जैसा कोई विश्वासपात्र व्यक्ति नहीं है। ठाकुर ने कहा कि फिलहाल कांग्रेस के पास एक बेहतर विकल्प यही है कि सोनिया गांधी अध्यक्ष रहें और उनके साथ कुछ नेता प्रमुख सहयोगी की भूमिका में हों। वरिष्ठ पत्रकार रशीद किदवई का कहना है कि राहुल गांधी ने अध्यक्ष पद नहीं संभालने के पीछे वाजिब कारण दिए हैं और देश में एक तरह का वंशवाद विरोधी माहौल भी है जो राहुल की दावेदारी को कमजोर बनाता है। उन्होंने कहा, कुछ लोगों का मानना है कि सोनिया गांधी अध्यक्ष बनी रहें और उनके साथ दो-तीन कार्यकारी अध्यक्ष बना दिए जाएं।

## राहुल से मिले झा, अजीत शर्मा और मुरारी गौतम

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के बिहार इकाई के अध्यक्ष मदन मोहन झा, विधायक दल के नेता अजीत शर्मा और राज्य सरकार के मंत्री मुरारी प्रसाद गौतम ने शुक्रवार को राहुल गांधी से मुलाकात की। यह मुलाकात उस वक्त हुई है जब ऐसी खबरें आ रही थी कि महागठबंधन सरकार में कांग्रेस कोटे से सिर्फ दो विधायकों को मंत्री बनाए जाने से पार्टी के कुछ नेता और विधायक नाराज हैं। हालांकि, अजीत शर्मा ने कहा कि पार्टी मे कोई नाराजगी नही है। उन्होने कहा, हम लोगो ने राहुल जी से मुलाकात की। यह शिष्टाचार मुलाकात थी। कांग्रेस के बिहार प्रभारी भक्त चरण दास ने पिछले दिनो कहा था कि पार्टी कोटे से तीन मंत्री होगे तथा दो मंत्रियों ने शपथ ले ली है और एक मंत्री बाद मे शपथ लेगा।

## आईआरएस अधिकारी समीर वानखेड़े को ट्विटर पर धमकी

**मुंबई।** भारतीय राजस्व सेवा (आईआरएस) अधिकारी समीर वानखेड़े ने एक अज्ञात ट्विटर उपयोकर्ता से मिली धमकी को लेकर शुक्रवार को यहां पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि स्वापक नियन्त्रण ब्यूरो (एनसीबी) के मुंबई क्षेत्र के पूर्व निदेशक वानखेड़े ने सुबह उपनगरीय गोरेगांव पुलिस थाने पहुंचे। अधिकारी ने कहा कि भारतीय दंड संहिता की धारा 507 (गुमनाम संचार द्वारा आपराधिक धमकी) के तहत एक गैर-संज्ञेय अपराध का मामला दर्ज किया गया। मुंबई पुलिस की साइबर सेल भी मामले की जांच कर रही है। जाति प्रमाणपत्र को लेकर कथित रूप से वानखेड़े को बदनाम करने के आरोप में जेल में बंद राकांपा के नेता और महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री नवाब मलिक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज होने के एक दिन बाद बृहस्पतिवार को एक ट्विटर हैंडल से वानखेड़े को धमकी मिली।

# सेना में शामिल होना चाहता था लेकिन नहीं हो सका: राजनाथ

● रक्षा मंत्री ने असम राइफल्स और भारतीय सेना की 57वीं माउंटेन बटालियन को किया संबोधित

**भाषा।** इंफाल

**रक्षा** मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को कहा कि वह सेना में शामिल होना चाहते थे, लेकिन अपनी पारिवारिक दिक्कतों के कारण वह ऐसा नहीं कर पाए। सिंह ने असम राइफल्स और भारतीय सेना की 57वीं माउंटेन डिवीजन के जवानों को यहां संबोधित करते हुए बताया कि उन्होंने सैन्य बलों में शामिल होने के लिए परीक्षा भी दी थी। उन्होंने कहा, मैं अपने बचपन की एक कहानी बताना चाहता हूं। मैं भी सेना में शामिल होना चाहता था और मैंने एक बार शार्ट सर्विस कमीशन की परीक्षा भी दी थी। मैंने लिखित परीक्षा दी थी, लेकिन मेरे पिता का निधन हो जाने और कुछ अन्य पारिवारिक समस्याओं के कारण मैं सेना में शामिल नहीं हो पाया। उन्होंने कहा, यदि आप किसी बच्चे को सेना की वर्दी देते हैं, तो आप देखेंगे कि उसका व्यक्तित्व ही बदल जाता है। इस वर्दी में कुछ बात है। मंत्रीपुखरी में असम राइफल्स (दक्षिण) के महानिरीक्षक के मुख्यालय के दौरे के समय सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे भी सिंह के साथ थे। सिंह ने मुख्यालय में सैन्य बलों से मुलाकात की। सिंह ने भारत-चीन गतिरोध के दौरान सुरक्षा बलों द्वारा दिखाए गए शौर्य को याद किया। उन्होंने कहा, जब भारत-चीन गतिरोध जारी था, तब आपके पास शायद विस्तार से जानकारी नहीं होगी, लेकिन मैं और उस समय के सेना प्रमुख हमारे जवानों के साहस एवं बहादुरी से अवगत थे, हमारा देश आपका सदैव ऋणी रहेगा। सिंह ने कहा, मैं जहां कहीं भी जाता हूं, मैं सुनिश्चित करता हूं कि मैं सैन्यकर्मियों से मुलाकात करूं। जब मेरे मणिपुर दौरे की योजना बनी थी, तब मैंने (सेना प्रमुख) पांडे जी से कहा था कि मैं असम राइफल्स और 57वीं माउंटेन डिवीजन के कर्मियों से मिलना चाहता हूं। उन्होंने कहा कि सैन्य कर्मियों से मिलकर उन्हें गौरव की अनुभूति होती है। सिंह ने कहा, चिकित्सक, इंजीनियर और चार्टर्ड अकाउंटेंड किसी न किसी तरीके से देश के लिए योगदान दे रहे हैं, लेकिन मेरा मानना है कि आपका पेशा एक पेशे से बढ़कर सेवा है। उन्होंने कहा कि असम राइफल्स कई लोगों को मुख्यधारा में लाने में अहम भूमिका निभाता है और इसे पूर्वोत्तर का प्रहरी कहना उचित है। सिंह मणिपुर के दो दिवसीय दौरे पर आए हैं।

## म्यांमा में ताजा हिंसा के बाद उसके कई नागरिक भारत पहुंचे

**आइजोल।** म्यांमा के चिन प्रांत में हिंसा की ताजा घटनाओं के बाद पिछले कुछ दिनों के दौरान वहां से सैकड़ों लोग भारत आए हैं। मिजोरम के एक स्थानीय नेता ने यह जानकारी दी। जोखावथर ग्राम परिषद के अध्यक्ष लालमुआनपुइया ने बताया कि रविवार से म्यांमा से सैकड़ों लोग मिजोरम में प्रवेश कर चुके हैं। लालमुआनपुइया के मुताबिक म्यांमा के चिन प्रांत के हैमुअल गांव में सेना ने रविवार को रक्षा सेवा के दो बच्चों समेत कुल पांच लोगों का अपहरण कर लिया था। इसके बाद से ही हिंसा का दौर शुरू हो गया हैमुअल गांव मिजोरम के चम्फाई जिले के पहले सीमावर्ती गांव जोखावथर से लगभग सात किलोमीटर दूर है। लालमुआनपुइया ने कहा कि हैमुअल में हुई हिंसा और हाल ही में ख्वामावी में म्यांमा के सैन्य शिविर पर हुए हमले के परिणामस्वरूप पड़ोसी देश से जोखावथर और आसपास के गांवों में नए सिरे से लोगों का आना शुरू हो गया।



मुंबई में दही हांडी मनाते हुए लोग



केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह इंफाल में असम राइफल्स के कार्यक्रम में शिरकत करते हुए

## गांधी की तस्वीर को क्षतिग्रस्त करने पर चार गिरफ्तार

**वायनाड (केरल)।** केरल में हाल में महात्मा गांधी की तस्वीर को कथित तौर पर नुकसान पहुंचाए जाने के मामले में शुक्रवार को कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के वायनाड कार्यालय के दो कर्मचारियों समेत चार लोगों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। करीब दो महीने पहले एसएफआई के कार्यकर्ताओं के हिंसक विरोध के बाद महात्मा गांधी की तस्वीर को कथित तौर पर नुकसान पहुंचाया गया था। पुलिस ने घटना के सिलसिले में चार लोगों को गिरफ्तार किए जाने की पुष्टि की है। वहीं, दूसरी ओर कांग्रेस सूत्रों ने बताया कि गिरफ्तार किए गए लोगों में शामिल दो व्यक्ति वायनाड के सांसद के कार्यालय के कर्मचारी हैं, जबकि दो अन्य व्यक्ति पार्टी के कार्यकर्ता हैं।

## हथियार गिराने का मामला: जम्मू कश्मीर की जेल में आरोपी की मौत

**जम्मू।** जम्मू में अंतरराष्ट्रीय सीमा के निकट ड्रोन के जरिए गिराए गए हथियारों और विस्फोटकों को इकट्ठा करने और ले जाने में शामिल एक आतंकी मॉड्यूल के एक संदिग्ध सदस्य की यहां कोट भलवाल जेल में दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। कठुआ में 29 मई को विस्फोटक गिराने के मामले में शामिल मॉड्यूल की जांच कर रहे राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने इस महीने की शुरुआत में आरोपी को गिरफ्तार किया था। विचाराधीन कैदी मुनि मोहम्मद बाकी कैदियों के साथ नमाज अदा कर रहा था, तभी वह अचानक गिर पड़ा। उसे अस्पताल ले जाया गया जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। कठुआ जिले के रामपुरा गांव के रहने वाले 36 वर्षीय मुनि पर भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 121 (भारत सरकार के खिलाफ युद्ध छेड़ने, या युद्ध छेड़ने का प्रयास करने, या युद्ध छेड़ने के लिए उकसाने), 121 ए (साजिश रचने)।122 (भारत सरकार के खिलाफ युद्ध छेड़ने के इरादे से हथियार एकत्र करने), विस्फोटक पदार्थ अधिनियम की धारा 16 (किसी भी व्यक्ति या व्यक्तियों को आतंकवादी कृत्य करने के लिए शामिल करना), धारा 18 (साजिश रचने) और गैरकानूनी गतिविधि रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) की धारा 20 (आतंकवादी संगठन का सदस्य होने) के तहत आरोप लगाए गए थे।

## बैठक में जीजा को ले जाने पर विवादों में घिरे बिहार के मंत्री तेजप्रताप

**भाषा।** पटना

**बिहार** में नई महागठबंधन सरकार बनने के बाद पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री तेज प्रताप यादव की विभाग के अधिकारियों के साथ एक हालिया बैठक की तस्वीरें सामने आई हैं, जिसमें वह अपने जीजा के साथ बैठे नजर आ रहे हैं। विभाग के सूत्रों ने बताया कि तेजप्रताप की बड़ी बहन एवं राज्यसभा सदस्य मीसा भारती के पति शैलेश कुमार अपने साले (तेजप्रताप) को मंत्री पद मिलने पर उन्हें बधाई देने के लिए बुधवार को उनके कार्यालय गए थे। सूत्रों ने कहा कि तेजप्रताप नियम-कायदों का पालन करने वाले व्यक्ति के तौर पर नहीं जाने जाते हैं। उन्होंने बताया कि तेजप्रताप ने अपने जीजा को बैठक समाप्त होने तक अपने पास बैठने के लिए कहा ताकि वे दोनों बातचीत कर सकें। तेजप्रताप ने ट्विटर पर बैठक की तस्वीरें भी साझा कर दीं। वहीं, राज्य में अचानक सत्ता गंवाने वाली भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने महागठबंधन के सबसे बड़े घटक दल राष्ट्रीय जनता पार्टी (राजद) की आलोचना करने के लिए इसे एक अवसर के तौर पर लिया।

भाजपा प्रवक्ता निखिल आनंद ने एक बयान में कहा, यह बिल्कुल भी आश्चर्य की बात नहीं है क्योंकि जातिवाद और धार्मिक तुष्टिकरण की राजनीति के संबंध में राजद का रुख चाहे जो भी हो, पार्टी का उद्देश्य मूल रूप से परिवार के हितों को आगे बढ़ाना है। आनंद की यह टिप्पणी स्पष्ट तौर पर राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद और पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी तथा नई महागठबंधन सरकार में उप मुख्यमंत्री बने तेजप्रताप के छोटे भाई तेजस्वी यादव के संदर्भ में थी। हालांकि, यह पहला मौका नहीं है जब कोई मंत्री इस तरह से विवाद में घिरा हो। पिछले साल, तत्कालीन पशुपालन और मत्स्य पालन मंत्री मुकेश सहनी उस समय विवादों में घिर गए थे जब उन्होंने अपने भाई को एक विभागीय कार्यक्रम का उद्घाटन करने के लिए नियुक्त किया था।

## गोडसे, सावरकर की तस्वीरों वाला बैनर हटाया गया

**मंगलुरु (कर्नाटक)।** कर्नाटक के सूरतकल में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की शुभकामनाओं से जुड़े हिंदू महासभा के एक स्थानीय नेता के उस बैनर पर विवाद खड़ा हो गया है, जिसमें राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के हत्यारे नाथूराम गोडसे और हिंदुत्व विचारक वी डी सावरकर की तस्वीरें प्रकाशित की गई हैं। बहरहाल, विवाद बढ़ने से पहले ही नगर निकाय प्राधिकारियों ने बृहस्पतिवार को शिकायत मिलने के तत्काल बाद बैनर हटा दिया। पुलिस सूत्रों ने बताया कि हिंदू महासभा के स्थानीय नेता राजेश पवित्रन ने यह फ्लेक्स बैनर लगाया था। शिकायत मिलने के बाद मंगलुरु नगर निगम के आयुक्त के आदेश पर बैनर हटा दिया गया। सूत्रों के मुताबिक, श्रीकृष्ण जन्माष्टमी समारोह के मद्देनजर सूरतकल में पुलिस सुरक्षा बढ़ा दी गई है। हिंदू महासभा ने 14 अगस्त को सूरतकल फ्लाईओवर पर सावरकर की तस्वीर वाला एक बैनर लगाकर विवाद खड़ा कर दिया था।

## मेरे खिलाफ विरोध प्रदर्शन प्रयोजित: सिद्धरमैया

**भाषा।** चिकमगलुरु

**कांग्रेस** नेता सिद्धरमैया ने कर्नाटक में कोडागु दौरे के दौरान उनकी कार पर अंडे फेंके जाने और काले झंडे दिखाए जाने की घटना के एक दिन बाद शुक्रवार को इस तरह के विरोध को राज्य प्रायोजित करार दिया। कर्नाटक विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष सिद्धरमैया ने आरोप लगाया कि उनकी कार पर अंडे फेंकने वाले लोग एक ऐसे संगठन से थे जिससे महात्मा गांधी का हत्यारा नाथूराम गोडसे का संबंध था। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व मुख्यमंत्री ने आश्चर्य जताते हुए कहा कि क्या ऐसे लोग उन्हें बख्शेंगे, क्योंकि वह उनके खिलाफ बोल रहे थे। सिद्धरमैया ने कहा, कल तितिमती में करीब 10 युवक नारे लगा रहे थे, उसके बाद चार जगहों पर वे एकत्र हो गए थे, क्या पुलिस उन्हें नहीं रोक सकती थी? अगर मुख्यमंत्री आते हैं, तो क्या वे लोगों को काले झंडे के साथ विरोध करने देंगे? क्या वे एहतियाती गिरफ्तारी नहीं करेंगे?।

# भाजपा नेता दिलीप घोष के बिगड़े बोल

**भाषा।** कोलकाता

**भारतीय** जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष दिलीप घोष ने यह कहकर विवाद खड़ा दिया कि तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के नेता सौगत रॉय अपने उस बयान के लिए जूतों से पीटे जाएंगे जिसमें उन्होंने अपनी पार्टी के आलोचकों के बारे में कुछ कहा था। घोष के बयान पर रॉय ने तीखी प्रतिक्रिया दी। रॉय ने कहा कि भाजपा नेता ने औपचारिक शिक्षा नहीं ली है और वह तृणमूल के संपर्क में हैं क्योंकि भाजपा को अब उन पर भरोसा नहीं है। तृणमूल के वरिष्ठ सांसद रॉय ने कहा था कि पार्टी के दो नेताओं की गिरफ्तारी के बाद विपक्षी दलों के नेता पार्टी को अनुचित तरीके से निशाना बना रहे हैं। रॉय ने कहा था, उन लोगों की चमड़ी उतारकर जूते बनाए जाएंगे जो मानते हैं कि वे विरोध की आड़ में पार्टी को बदनाम करके ऐसे ही निकल सकते हैं। बहरहाल, उन्होंने बाद में इस बयान पर खेद व्यक्त किया। घोष ने बृहस्पतिवार को कहा, सौगत रॉय वरिष्ठ नेता हैं। वह एक समय पर प्रोफेसर रह चुके हैं, लेकिन उन्होंने विपक्ष के लिए जिस भाषा का इस्तेमाल किया, उसे सुनकर हम हैरान हैं। वह अपनी पार्टी के कार्यकर्ताओं को कह रहे हैं कि चमड़ी उतारकर जूते बनाए जाएंगे। वह दिन दूर नहीं है, जब लोग उन्हें जूतों से पीटेंगे। तृणमूल के नेताओं को राज्य के विभिन्न हिस्सों में जूतों से पीटा जाएगा। रॉय ने कहा कि वह भाजपा नेता के बयान पर टिप्पणी नहीं करना चाहते। उन्होंने कहा, ऐसे व्यक्ति की बात पर टिप्पणी करना मेरी गरिमा के खिलाफ है, जिसने बहुत कम या कोई औपचारिक शिक्षा नहीं ली है। दिलीप घोष स्वयं हमारे दल के संपर्क में हैं, क्योंकि भाजपा नेतृत्व अब उन पर भरोसा नहीं करता। पार्थ चटर्जी को एक स्कूल भर्ती घोटाले के सिलसिले में गिरफ्तार किया गया।

## बिल्कीस मामले के कुछ दोषी अच्छे संस्कारों वाले ब्राह्मण हैं: भाजपा विधायक

अहमदाबाद। बिल्कीस बानो मामले में 11 दोषियों की सजा माफ करने वाली सरकारी समिति का हिस्सा रहे भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के एक विधायक ने कहा है कि 2002 के गुजरात दंगों के इस मामले में दोषी कुछ लोग अच्छे संस्कारों वाले ब्राह्मण हैं, और यह संभव है कि उनके परिवार की अतीत की गतिविधियों के चलते उन्हें फंसाया गया होगा। हालांकि, एक समाचार पोर्टल के साथ साक्षात्कार में कैमरे पर इस तरह का दावा करने के एक दिन बाद गोधरा के विधायक सी. के. राउलजी ने कहा कि उनका मानना है कि बलात्कारियों की कोई जाति नहीं होती और दोषियों को सजा मिलनी चाहिए। राउलजी ने शुक्रवार को ट्वीट किया, बलात्कारियों की कोई जाति नहीं होती और मैंने ऐसी कोई (गलत) बात नहीं की है। मेरे बयान को गलत तरीके से पेश किया गया है। यदि कोई दोषी है तो उसे उसकी सजा मिलनी चाहिए।




पुष्कर में होने वाले रामदेवरा मेले में जाते हुए श्रद्धालु

# पाकिस्तान पीएम ने भारत के साथ शांतिपूर्ण संबंधों की इच्छा जताई

**भाषा।** इस्लामाबाद

**पाकिस्तान के** प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने समानता, न्याय और आपसी सम्मान के सिद्धांतों और कश्मीर मुद्दे के समाधान के आधार पर भारत के साथ शांतिपूर्ण संबंधों की इच्छा व्यक्त की है। मीडिया की एक खबर में शुक्रवार को यह कहा गया।पाकिस्तान प्रायोजित सीमा पार से आतंकवाद और कश्मीर मुद्दे को लेकर द्विपक्षीय संबंधों में तनाव के बीच शरीफ ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से दक्षिण एशिया में स्थाई शांति और स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए सहायक भूमिका निभाने का भी आग्रह किया। डॉन अखबार ने प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) के हवाले से बताया कि शरीफ ने बृहस्पतिवार को पाकिस्तान में ऑस्ट्रेलिया के नवनियुक्त उच्चायुक्त नील हॉकिन्स के साथ बैठक के दौरान ए विचार व्यक्त किए। शरीफ ने कहा,



पाकिस्तान समानता, न्याय और आपसी सम्मान के सिद्धांतों के आधार पर भारत के साथ शांतिपूर्ण संबंध चाहता है। इस संदर्भ में, प्रासंगिक संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) प्रस्तावों और कश्मीरी लोगों की इच्छाओं के अनुसार जम्मू कश्मीर विवाद का एक उचित और शांतिपूर्ण समाधान अपरिहार्य है। उन्होंने कहा, अंतरराष्ट्रीय समुदाय को इस संबंध में एक सहायक भूमिका निभानी होगी, क्योंकि यह दक्षिण एशिया में स्थाई शांति और स्थिरता के लिए आवश्यक है। भारत ने पाकिस्तान से बार-बार कहा है कि वह आतंक, शत्रुता और हिंसा से मुक्त वातावरण में इस्लामाबाद के साथ सामान्य पड़ोसी संबंध चाहता है। भारत ने यह भी कहा है कि आतंकवाद और शत्रुता से मुक्त वातावरण बनाने की जिम्मेदारी पाकिस्तान की है। अगस्त 2019 में भारत द्वारा जम्मू कश्मीर का विशेष दर्जा वापस लेने और राज्य को दो केंद्र शासित प्रदेशों में बांटने की घोषणा के बाद द्विपक्षीय संबंध और बिगड़ गए। भारत ने पाकिस्तान से बार-बार कहा है कि जम्मू कश्मीर हमेशा से भारत का अभिन्न अंग था, है और हमेशा बना रहेगा।

### सलमान रुश्दी पर हमला अनुचित था : इमरान

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने लेखक सलमान रुश्दी की हत्या के प्रयास को भयानक और दुखद करार दिया है। मीडिया में शुक्रवार को आई एक खबर के मुताबिक, इमरान ने कहा कि रुश्दी के विवादास्पद उपन्यास द सैटेनिक वर्सेज को लेकर इस्लामी जगत में नाराजगी समझ में आती है, लेकिन उन पर हमला अनुचित था। रुश्दी (75) पर न्यूजर्सी निवासी हादी मतार (24) ने पिछले हफ्ते मंच पर उस समय चाकू से हमला कर दिया था, जब पश्चिमी न्यूयॉर्क में चौटाउक्वा इंस्टीट्यूशन के एक साहित्यिक कार्यक्रम में लेखक का परिचय दिया जा रहा था। हादी लेबनानी मूल का अमेरिकी नागरिक है। चौटाउक्वा काउंटी के जिला अटॉर्नी जेसन स्क्मिड ने हमलावर की पेशी के दौरान कहा था कि रुश्दी की गर्दन पर तीन, पेट में चार और दाहिनी जांघ पर एक जगह चाकू से वार किया गया था, जबकि उनकी दाहिनी आंख और छाती पर भी वार किया गया था। द गार्डियन अखबार को दिए साक्षात्कार में रुश्दी पर हमले के बारे में पूछे जाने पर इमरान ने कहा, मुझे लगता है यह भयानक है, दुखद।

### हिंदू समुदाय के पास भी उतने ही अधिकार हैं, जितने मेरे पास हैं: हसीना

**ढाका।** बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना ने कहा है कि देश में हिंदू समुदाय के पास भी उतने ही अधिकार हैं, जितने अधिकार खुद उनके पास हैं। उन्होंने कहा कि दुर्गा पूजा उत्सव के दौरान ढाका में लगने वाले मंडपों की संख्या पश्चिम बंगाल में लगने वाले मंडपों की तुलना में कहीं अधिक होती है। हसीना जन्माष्टमी के अवसर पर बृहस्पतिवार को हिंदू समुदाय के नेताओं से मुखातिब हुईं और अन्य धर्मों में विश्वास रखने वाले लोगों से अनुरोध किया कि वे अपने आपको अल्पसंख्यक न मानें। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश में धर्मों से परे, सभी के पास समान अधिकार हैं। हसीना ने कहा, हम चाहते हैं कि सभी धर्मों के लोग समान अधिकारों के साथ रहें। आप इस देश के लोग हैं, आपको यहां समान अधिकार प्राप्त हैं, आपके पास भी वही अधिकार हैं जो मेरे पास हैं। हसीना ढाका के ढाकेश्वरी मंदिर और चट्टोग्राम में जेएम सेन सभागार में हुए कार्यक्रमों में डिजिटल माध्यम से शामिल हुईं।

# उत्तरी सीरिया के बाजार में विस्फोट

**भाषा।** बेरूत-उत्तरी सीरिया

● कम से कम नौ लोगों की मौत, दर्जनों घायल

**तुर्की** समर्थित विपक्षी लड़ाकों के कब्जे वाले एक शहर के भीड़-भाड़ वाले बाजार में शुक्रवार को एक रॉकेट हमले में कम से कम नौ लोगों की मौत हो गई और दर्जनों लोग घायल हो गए। युद्ध पर नजर रखने वाली एक विपक्षी संस्था और एक पराचिकित्सक समूह ने यह जानकारी दी। अल-बाब में किए गए इस हमले से कुछ ही दिन पहले तुर्की के हवाई हमलों में कम से कम 11 सीरियाई सैन्य कर्मियों और अमेरिका समर्थित कुर्द लड़ाकों की मौत हो गई थी। युद्ध पर नजर रखने वाली एक विपक्षी संस्था सीरियन ऑब्जर्वेटरी फॉर ह्यूमन राइट्स ने इस गोलाबारी के लिए सीरिया सरकार के बलों को जिम्मेदार ठहराया और कहा कि तुर्की के हवाई हमले का प्रतिशोध लेने के लिए इसे अंजाम दिया गया। उसने कहा कि इस हमले में कम से कम 10 लोगों की मौत हो गई और 30 अन्य लोग घायल हो गए, जबकि विपक्ष नियंत्रित सीरियन सिविल डिफेंस यानी व्हाइट हेलमेट्स के अनुसार, बच्चों समेत नौ लोगों की मौत हुई है और 28 लोग घायल हुए हैं। इस पराचिकित्सक समूह ने कहा कि उसके सदस्यों ने कुछ घायलों और शवों को बाहर निकाला। सीरिया में किसी हमले के तत्काल बाद विभिन्न संस्थाओं द्वारा बताई गई मृतक संख्या में अंतर कोई नई बात नहीं है। सीरिया में मार्च 2011 में शुरू हुए संघर्ष में हजारों लोग मारे गए हैं और देश की आधी आबादी विस्थापित हो गई है।

### उत्तरी कैलिफोर्निया में हवाई अड्डे पर उतरते समय दो विमानों की टक्कर में दो लोगों की मौत

**कैलिफोर्निया (अमेरिका)।** उत्तरी कैलिफोर्निया में स्थानीय हवाई अड्डे पर उतरने की कोशिश करते समय दो विमानों के बीच बृहस्पतिवार को टक्कर हो गई, जिससे विमान में सवार तीन लोगों में से कम से कम दो की मौत हो गई। वॉट्सनविले शहर ने अपने आधिकारिक ट्विटर अकाउंट पर बताया कि वॉट्सनविले म्यूनिसिपल एयरपोर्ट पर दोपहर तीन बजे से कुछ समय पहले यह हादसा हुआ।

**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given to the General Public on behalf of our client that Mr. Anil Kumar is the owner of Property bearing No. 219/80, area measuring 78.4 Sq., Yds., out of Khasra No. 39/42, Situated in the area of Village Azadpur, Gali No. 5, colony known as Rameshwar Nagar, Azadpur, Delhi, by virtue of Gift Deed dated 29.06.2022, Doc. no. 10535. All persons are hereby informed that above mentioned owner wants to mortgage the said property and intend to obtain a loan in the name of Mr. Jivan Singh from our client against the said property, if anybody has any objection/s upon the ownership of above owners over the said property, its mortgage/litigation, and any other objections, kindly inform the undersigned in writing on the below mentioned address within 07 days of the present.

Kumar & Associates (Advocates & Consultants)
200, IInd Floor, 23, Shivaji Marg, Moti Nagar, N. Delhi-15
Ph : 011-41112527-28 kumarassociates.advocate@gmail.com


**PUBLIC NOTICE**

I, Suman Garg W/o Sh. Pawan Garg R/o H. No. 85, Block- D-I-A, Janakpuri, New Delhi. from lease hold to free hold in DDA, That my Original Allotment Letter, Possession Letter, Site Possession Slip, Perpetual Lease Deed and NOC Water and Electricity etc. in respect of LIG Flat No.-85, Block, D-I-A Janakpuri, New Delhi, Has been lost or misplaced by me and is not traceable inspite of my best efforts. Have Lodge a FIR in Police Station Crime Branch, New Delhi Vide L.R. No.700335/2022 Dated;- 17/8/2022 Person(S) Claiming any Right, Interest, Having any Objection or Found in Possession of Original Documents, May Write /Contact with above Named Person at Above Address Within 15 Days from The Date of Publication of This Notice or Personally inform or Write to Director (H-1) Or Dy. Director LAB (H) D Block 3rd Floor Vikas Sadan, INA, New Delhi.

# सलमान रुश्दी पर हमले के बाद ईरान के परमाणु करार को लेकर अमेरिका के समक्ष नई बाधाएं खड़ी हुई

**भाषा।** वाशिंगटन

ईरान के परमाणु करार को बहाल करने के लेकर अमेरिका के सामने नई बाधाएं खड़ी हो गई है। पिछले सप्ताह लेखक सलमान रुश्दी पर हुए हमले का आरोप ईरान पर लगने और अमेरिका के पूर्व राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जॉन बोल्टन की हत्या की साजिश के मामले में ईरानी नागरिक के खिलाफ मुकदमा चलने से



अमेरिका की चिंताएं बढ़ गई हैं। यूरोपीय संघ ने करार के संबंध में ईरान के समक्ष एक प्रस्ताव रखा है, जिस पर अमेरिका और यूरोपीय संघ ईरान के जवाब का इंतजार कर रहे हैं। इस प्रस्ताव को पश्चिमी देशों की तरफ से ईरान के लिए अंतिम प्रस्ताव कहा जा रहा है। हालांकि अमेरिकी प्रशासन को समझौते पर पहुंचने से पहले नई घरेलू राजनीतिक बाधाओं का सामना करना पड़ रहा है। उल्लेखनीय है कि ईरान और वैश्विक महाशक्तियों ने 2015 में परमाणु करार पर सहमति जताई थी। इसके तहत ईरान ने आर्थिक पाबंदियां हटाने की एवज में यूरेनियनम संवर्धन की सीमा कम करने का वादा किया था। हालांकि अमेरिका के तत्कालीन राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 2018 में समझौते से अमेरिका को बाहर निकाल लिया था, जिसके बाद यह समझौता खटाई में पड़ गया था। जो बाइडन के राष्ट्रपति बनने के बाद इस पर दोबारा वार्ता शुरू हुई थी। समझौते के आलोचक लगातार इसका विरोध कर रहे हैं। उनका कहना है कि एक ऐसे देश के साथ समझौता नहीं किया जाना चाहिए, जिसके नेताओं ने रुश्दी या बोल्टन को मिलीं जान से मारने की धमकियों की निंदा करने से इनकार कर दिया है। कार्नेगी एनडोमेंट फोर इंटरनेशनल पीस में ईरान मामलों के जानकार करीम सज्जादपुर का मानना है, इस बार कोई समझौता होना 2015 की तुलना में काफी मुश्किल है। समझौता हो भी जाए तो इस बात की कोई गारंटी नहीं है कि ईरान के रवैए में कोई नरमी आएगी या अमेरिका-ईरान के बीच व्यापक सहयोग कायम हो पाएगा।

# संयुक्त राष्ट्र के प्रमुख और तुर्की के राष्ट्रपति ने की जेलेंस्की से मुलाकात

**भाषा।** ल्वीव (यूक्रेन)

**यूक्रेन में** करीब छह महीने से जारी युद्ध को रोकने के मकसद से संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंतोनियो गुतारेस और तुर्की के राष्ट्रपति रजब तैयब एर्दोआन ने बृहस्पतिवार को यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की से मुलाकात की। तुर्की के राष्ट्रपति रजब तैयब एर्दोआन ने कहा कि वह रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से भी इस संबंध चर्चा करेंगे।

उन्होंने कहा कि अधिकतर जिन भी मुद्दों पर चर्चा की गई उन पर क्रेमलिन की रजामंदी जरूरी है। रूस के यहां सैन्य कार्वाई शुरू करने के बाद एर्दोआन पहली बार यूक्रेन यात्रा पर पहुंचे हैं और संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस दूसरी बार। इस यात्रा से युद्ध रोकने के संबंध में, समग्र शांति की नहीं तो कम से कम विशिष्ट मुद्दों पर कुछ सफलता मिलने की उम्मीद थी... हालांकि अभी तक ऐसा कुछ होता नजर नहीं आ रहा। यूक्रेन के पश्चिमी शहर ल्वीव में आयोजित एक बैठक में नेताओं ने युद्ध के कैदियों के आदान-प्रदान पर और यूरोप के सबसे बड़े परमाणु ऊर्जा संयंत्र को सुरक्षित बनाने के लिए संयुक्त राष्ट्र के परमाणु ऊर्जा विशेषज्ञों की यात्रा की व्यवस्था करने को लेकर चर्चा की। एर्दोआन ने कई बार युद्ध रोकने की दिशा में प्रयास किया है। तुर्की उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) का सदस्य है, जिसकी लड़खड़ाती अर्थव्यवस्था व्यापार के लिए रूस पर निर्भर है और उसने दोनों देशों के बीच एक मध्यस्थ की भूमिका निभाने की कोशिश की है। तुर्की के राष्ट्रपति ने बैठक के बाद अंतरराष्ट्रीय समुदाय से युद्ध को समाप्त करने के लिए राजनयिक प्रयास जारी रखने का आग्रह किया। रूस के फरवरी में यूक्रेन पर हमला करने के बाद से हजारों लोग मारे गए हैं, जबकि एक करोड़ से अधिक यूक्रेनवासियों को अपने घर छोड़ने पड़े। एर्दोआन ने एक बार फिर दोहराया कि तुर्की एक मध्यस्थ और सूत्रधार की भूमिका निभाने को तैयार है। उन्होंने कहा, मुझे विश्वास है कि युद्ध बातचीत के जरिए ही समाप्त किया जा सकता है।



खारकीव में रुसी राकेट हमले के बाद गिरे इमारतो के मलबे को हटाते कर्मी

**PUBLIC NOTICE**

It is to inform to the public at large that **Mrs. Sapna Sharma W/o. Mr. Jitender Sharma** who is owner of the Residential Plot no. 12, area measuring 102 Sq. Yds., (18' X 51'), Part of Khasra no.28/1, situated at Mauja Gaunchhi, abadi known as Sanjay colony, Sub-Tehsil Gaunchhi, District Faridabad, Haryana-121005; vide Sale Deed dated 25.03.2022 (vide Document No. 2503, registered at Sub-Registrar, Gaunchhi) and same to be finance & mortgage by **Vastu Housing Finance Corporation Limited**. To comply the requirements of BANK/NBFC, we give this public notice that if any Person having any type of claim / right / title / interest/creating mortgage over the said property, may inform in writing, at the address mentioned below, about his objections, within 7 days from today, failing which it shall be presumed that the said property is free from all type of Encumbrances, lien etc.

**Lucem Legal LLP**
269, Rama House, Ground Floor, Masjid Moth, Opp. Uday Park, South Ext.-II, New Delhi-110049
Contact # 011- 40046316

**सुचना**

मानव कल्याण क्रेडिट को-ऑपरेटिव सोसाइटी लिमिटेड के सभी सम्मानित सदश्यों को सूचित किया जाता है कि बार्षिक साधारण सभा कि बैठक का आयोजन दिनांक 11.09.2022 को दिन के 2.30 बजे दारा रीजेंसी, ए-47, गुरु नानक पुरा, विकास मार्ग, निर्माण विहार मेट्रो स्टेशन के पास, दिल्ली-110092 पर सम्पन्न होगी जिसमे उपरोक्त विसयों पर निर्णय लिया जायेगा।

1. सोसाइटी केवित्तीय वर्ष 2021-22 के लेखापरीक्षित खातों को स्वीकृति प्रदान करने के लिये।
2. वित्तीय वर्ष 2021-22 के लेखा परीक्षा रिपोर्ट और वार्षिक रिपोर्ट को स्वीकृति प्रदान करने के लिये।
3. वित्तीय वर्ष 2021-22 के लेखा परीक्षा अनुपालन रिपोर्ट पर विचार करने के लिये।
4. वित्तीय वर्ष के लिये बजट को मंजूरी देने के लिये ।
5. लंबी अवधि के परिप्रेक्ष्य योजना और वार्षिक परिचालन योजना को स्वीकृति प्रदान करने के लिये।
6. अध्यक्ष महोदय द्वारा निर्देशित अन्य विषय ।

सौजन्य
मानव कल्याण क्रेडिट को-ऑपरेटिव सोसाइटी लिमिटेड (अध्यक्ष)
स्थान : दिल्ली
दिनांक: 16.08.2022

**सांकेतिक कब्ज़े की सूचना**

ICICI Bank | **शाखा कार्यालय :** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, प्लॉट नंबर- 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005

**जबकि**

अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में नीचे वर्णित कर्ज़दारों को माँग सूचनाएँ निर्गमित की थीं, जिसमें उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि को प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।

कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार/ज़मानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे हैं, अतएव एतद् द्वारा कर्ज़दार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा सांकेतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है। एतद् द्वारा विशेष रूप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को संपत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. | कर्ज़दार/ सह-कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र. | संपत्ति का विवरण/ सांकेतिक कब्ज़े की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | निधि अरोड़ा/ खाता संख्या- 008305502570 | हाउस नंबर 840, सेक्टर 15 ए, एस्कॉर्ट्स नगर, फरीदाबाद- 121007/ अगस्त 16, 2022 | मार्च 21, 2022 रु.2,00,69,210.59/- | फरीदाबाद |

उपरोक्त दर्शाये गये कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार एवं ज़मानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जायेगी जो पूर्णत: नियम 8 और 9 प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के अंतर्गत है।

दिनांक : अगस्त 20, 2022
स्थान : फरीदाबाद
प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लि.

**भौतिक कब्जा सूचना**

ICICI Bank | शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लि., तृतीय तल, प्लॉट नंबर 23, शाल टावर, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली-110005

जबकि,

अधोहस्ताक्षरी ने आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 3 के साथ पठित अधिनियम की धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्नवर्णित कर्जदारों को मांग सूचनाएं जारी की थी, जिसमें उनसे सूचना में वर्णितानुसार बकाया राशि का भुगतान, उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की मांग की गई थी। कर्जदार उपरोक्त राशि चुकाने में असफल रहे हैं, एतद्द्वारा कर्जदार और जनसाधारण को सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमावली के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत उसको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए यहां नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा निम्नवर्णित तिथियों को प्राप्त कर लिया है।

कर्जदार को विशेष रूप से तथा जन साधारण को एतद्द्वारा उक्त सम्पत्ति के संबंध में संव्यवहार नहीं करने हेतु सावधान किया जाता है तथा उक्त सम्पत्ति के संबंध में कोई भी संव्यवहार आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड की बकाया राशि के प्रभाराधीन होगा।

| क्र. सं. | कर्जदार का नाम /ऋण खाता संख्या | सम्पत्ति का वर्णन /भौतिक कब्जा की तिथि | मांग सूचना की तिथि/मांग सूचना में राशि (रू.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | चरणजीत धंजाल/संदीप धंजाल/ एलबीडीईएल00005335581/ एलबीडीईएल00005032728/ एलबीडीईएल00004207004 | डीडीए फ्लैट नंबर 139-डी, तृतीय तल, पाकेट एजी-1, विकासपुरी, दिल्ली-110018, क्षेत्रफल परिमाप 70 वर्ग मीटर/ 17 अगस्त, 2022 | 08-06-2021 एवं 23-06-2021 रू. 4,56,175.0/- एवं रू. 68,34,332/- | दिल्ली /एन सीआर |
| 2. | धीरज कुमार/विजमोर कम्युनिकेशन प्रा. लि./रंजीता झा/ एलबीडीईएल00002379472 | फलैट नंबर बी 53/11, प्रथम तल, डीडीए एमआईजी ब्लॉक बी, नारायणा विहार, दिल्ली-110028, क्षेत्रफल परिमाप 1135 वर्ग फीट/ 16 अगस्त, 2022 | 10-10-2021 रू. 85,43,828/- | दिल्ली /एन सीआर |

उपरोक्त कर्जदार (रों)/गारंटर (रों) को एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि उपरोक्त राशि 30 दिन के भीतर चुकता कर दें, अन्यथा इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 30 दिन की अवधि व्यतीत होने पर उक्त बंधक रखी सम्पत्तियां प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002, के नियम 8 और 9 के तहत प्रावधानों के अनुसार बेच दी जाएंगी।

तिथि : 20 अगस्त, 2022
स्थान : दिल्ली/एनसीआर
प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

### चीन से आने वाली दवा पर डंपिंग रोधी शुल्क लगाने की अनुशंसा

**नई दिल्ली।** वाणिज्य मंत्रालय ने घरेलू कंपनियों के हितो की रक्षा के लिए विभिन्न संक्रमणों के उपचार मे उपयोग की जाने वाली चीन निर्मित दवा ऑफ्लॉक्सासिन पर पांच साल के लिए डंपिग रोधी शुल्क लगाने की अनुशंसा की है। व्यापार उपचार महानिदेशालय (डीजीटीआर) ने अपनी जांच मे पाया कि चीन से इस दवा को भारत मे डंपिग मूल्य पर भेजा जाता है जिससे घरेलू उद्योग प्रभावित होता है। निदेशालय ने अधिसूचना मे कहा, प्राधिकार पांच वर्ष की अवधि के लिए इस उत्पाद पर डंपिग रोधी शुल्क लगाने की अनुशंसा करता है। आरती ड्रग्स लिमिटेड ने चीन द्वारा दवा को डंपिग मूल्य पर भेजने की शिकायत की थी और जांच की मांग की थी जिसके बाद डीजीटीआर ने इस विषय मे जांच की थी।

### रियलमी के 5जी स्मार्ट फोन


**नई दिल्ली।** भारत का सबसे तेजी से विकसित होता हुआ स्मार्टफोन ब्रांड, रियलमी निरंतर विस्तार करते हुए ऐसे उत्पाद पेश कर रहा है, जिनमें टेक्नॉलॉजी एवं डिज़ाईन का अभूतपूर्व संगम हो। इसी के अनुरूप, ब्रांड ने अपना लेटेस्ट स्मार्टफ ोन और हियरेबल पोर्टफ ोलियो में नया उत्पाद. क्रमशः रियलमी 9आई 5जी और टेकलाईफ बड्स टी 100 पेश किए हैं। रियलमी 9आई 5जी में लेज़र लाईट डिज़ाईन है और यह मीडियाटेक डायमेंसिटी 810 5जी चिपसेट द्वारा पॉवर्ड है। रियलमी टेकलाईफ बड्स टी100 रियलमी के सबसे किफायती स्टेम डिज़ाईन टीडब्लूएस हैं। इस लॉन्च के बारे में माधव शेठ, सीईओए रियलमी इंडिया, वीपी, रियलमी और प्रेसिडेंट, रियलमी इंटरनेशनल बिज़नेस ग्रुप ने जानकारी दी।

### सरकारी स्वर्ण बॉन्ड योजना में निवेश के लिए आवेदन 22 अगस्त से

**नई दिल्ली।** सरकारी स्वर्ण बॉन्ड (एसजीबी) योजना में निवेशक 22 अगस्त से फिर निवेश कर सकेंगे। भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि 2022-23 की दूसरी श्रृंखला के तहत स्वर्ण बॉन्ड योजना खरीद के लिए 22 अगस्त से 26 अगस्त के दौरान उपलब्ध होगी। इसके लिए निर्गम मूल्य 5,197 रुपए प्रति ग्राम रखा गया है।

# सेंसेक्स पांच दिन की तेजी के बाद 652 अंक टूटकर 60,000 अंक से नीचे उतरा

**भाषा।** मुंबई



**घरेलू शेयर** बाजारों में पिछले कुछ दिन से जारी तेजी पर शुक्रवार को विराम लगा और बीएसई सेंसेक्स लगभग 652 अंक का गोता लगाकर 60,000 अंक से नीचे उतर गया। वैश्विक स्तर पर कमजोर रुख के बीच मुनाफावसूली से बाजार नीचे आया।

कारोबारियों के अनुसार, रुपए की विनिमय दर में गिरावट और विदेशी संस्थागत निवेशकों की पूंजी निकासी से धारणा पर प्रतिकूल असर पड़ा। तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स शुरुआती कारोबार में बढ़त के साथ खुला। लेकिन बाद में नुकसान में आ गया और अंत में 651.85 अंक यानी 1.08 प्रतिशत की गिरावट के साथ 59,646.15 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 823.43 अंक तक लुढ़क गया था। सेंसेक्स में पिछले पांच दिन से तेजी जारी थी। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के निफ्टी में भी आठ दिन से जारी तेजी पर अंकुश लगा और यह 198.05 अंक यानी 1.10 प्रतिशत की बड़ी गिरावट के साथ 17,758.45 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के शेयरों में इंडसइंड बैंक सबसे ज्यादा 3.82 प्रतिशत के नुकसान में रहा। इसके अलावा बजाज फिनसर्व, बजाज फाइनेंस, टाटा स्टील, भारतीय स्टेट

● **शेयर बाजार लुढ़का**

बैंक, मारुति, एनटीपीसी, हिंदुस्तान यूनिलीवर और रिलायंस इंडस्ट्रीज भी नुकसान में रहे। दूसरी तरफ, केवल तीन शेयर... लार्सन एंड टुब्रो, इन्फोसिस और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) 2.20 प्रतिशत तक लाभ में रहे। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, कमजोर वैश्विक रुख के बीच मुनाफावसूली से घरेलू शेयर बाजार पर असर पड़ा। ब्याज दरों में वृद्धि को लेकर चिंता का असर बाजार पर दिखा। उन्होंने कहा, इसके अलावा, हाल में डॉलर सूचकांक में तेजी और विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) के शुद्ध बिकवाल होने से तेजी पर अंकुश लगा। बिकवाली चौतरफा रही। सूचकांक में मजबूत हिस्सेदारी रखने वाली कंपनियों के शेयरों में गिरावट से सूचकांक नीचे आया है। अवकाश के कारण कम कारोबारी दिवस वाले सप्ताह में सेंसेक्स 183.37 अंक यानी 0.30 प्रतिशत जबकि निफ्टी 60.34 अंक यानी 0.34 प्रतिशत मजबूत हुआ। कोटक सिक्योरिटीज लि. के उप-उपाध्यक्ष (तकनीकी शोध) अमोल अठावले ने कहा कि बैंक, वाहन और रियल्टी जैसे ब्याज दर से संबंधित शेयरों में काफी मुनाफावसूली देखने को मिली। इससे तेजी पर विराम लगा। उन्होंने कहा, अमेरिकी फेडरल ओपन मार्केट कमेटी की बैठक के हाल में जारी ब्योरे से संकेत मिलता है कि फेडरल रिजर्व (अमेरिकी केंद्रीय बैंक) अगली बैठक में भी नीतिगत दर बढ़ाएगा। इससे निवेशकों ने हाल की तेजी के बाद बिकवाली की और तेजी पर अंकुश लगा।

# बैंकों के धीरे-धीरे निजीकरण का रुख अच्छा : आरबीआई लेख

**भाषा।** मुंबई

**भारतीय रिजर्व बैंक** (आरबीआई) ने शुक्रवार को कहा कि बुलेटिन में प्रकाशित शोध पत्र में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के धीरे-धीरे विलय के समर्थन की बात उसके विचार नहीं है बल्कि यह लेखकों की अपनी सोच है। शोध पत्र आरबीआई बुलेटिन के अगस्त अंक में प्रकाशित हुआ है। इसमें कहा गया है, सरकार के निजीकरण की ओर धीरे-धीरे बढ़ने से यह सुनिश्चित हो सकता है कि वित्तीय समावेश के सामाजिक उद्देश्य को पूरा करने में एक शून्य की स्थिति नहीं बने। लेख में यह भी कहा गया है कि हाल में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के बड़े स्तर पर विलय से क्षेत्र में मजबूती आई है। इससे मजबूत और प्रतिस्पर्धी बैंक सामने आए हैं।

### बैंकों से परियोजनाओं के लिए स्वीकृत कर्ज के मामले में राजस्थान सबसे आगे

**मुंबई।** वित्त वर्ष 2021-22 मे बैंको एवं वित्तीय संस्थानो की तरफ से परियोजनाओं के लिए स्वीकृत कर्जों मे सर्वाधिक हिस्सा राजस्थान का रहा है। यह लगातार दूसरा वित्त वर्ष है जब राजस्थान के लिए सर्वाधिक मात्रा में परियोजना ऋण स्वीकृत किए गए। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की तरफ से प्रकाशित एक लेख मे यह जानकारी दी गई है। इसके मुताबिक, परियोजनाओं के लिए स्वीकृत राशि के मामले मे राजस्थान के बाद उत्तर प्रदेश, गुजरात, महाराष्ट्र और तमिलनाडु का स्थान रहा है। निजी कॉरपोरेट निवेशः वित्त वर्ष 2021-22 में वृद्धि और वित्त वर्ष 2022-23 का परिदृश्य शीर्षक से प्रकाशित लेख में कहा गया है कि कुल स्वीकृत परियोजना लागत के 56.4 प्रतिशत हिस्से पर इन पांच राज्यो का सम्मिलित कब्जा रहा। यह लगातार दूसरा वित्त वर्ष है जब इन पांच राज्यो की हिस्सेदारी 50 प्रतिशत से अधिक रही।

### कृषि, ग्रामीण श्रमिकों के लिए खुदरा मुद्रास्फीति जुलाई में बढ़ी

**नई दिल्ली।** कृषि श्रमिकों और ग्रामीण मजदूरों के लिए खुदरा मुद्रास्फीति जुलाई में बढ़कर क्रमशः 6.60 प्रतिशत और 6.82 प्रतिशत पर पहुंच गई है। आधिकारिक आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। मुख्य रूप से खाद्य वस्तुओं के दाम बढ़ने की वजह से कृषि और ग्रामीण श्रमिकों के लिए खुदरा महंगाई दर बढ़ी है। जून में यह आंकड़ा क्रमशः 6.43 और 6.76 प्रतिशत था। श्रम मंत्रालय ने बयान में कहा कि कृषि और ग्रामीण श्रमिकों (सीपीआई-एएल और सीपीआई आरएल) के लिए उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति जुलाई, 2022 में बढ़कर क्रमशः 6.60 प्रतिशत और 6.82 प्रतिशत पर पहुंच गई।

**BOMBAY MERCANTILE CO-OPERATIVE BANK LIMITED**
(Estd:1939) (Multi State Scheduled Bank)
Regd Head Office : Zain G. Rangoonwala Building, 78, Mohammed Ali Road, Mumbai - 400 003.
Tel : 022-23425961/62/63/64, 23449586,62552800 For Account Balance Enquiry Missed Call : 9512004406

**NOTICE TO MEMBERS**

Notice is hereby given that the 85th Annual General Meeting of the Members [Shareholders] of **BOMBAY MERCANTILE CO-OPERATIVE BANK LIMITED will be held on Friday, September 02, 2022 at 10.30 a.m. at HAJ COMMITTEE OF INDIA, Baitul Hujjaj [Haj House], 2nd Floor, 7 - A, M.R.A. Marg [Palton Road], Mumbai – 400 001** to transact the following business :

1. To confirm the Minutes of the last Annual General Meeting held on 24th September, 2021.
2. To consider and adopt the Report of the Board of Directors and the Audited Balance Sheet, Profit & Loss Account and Statutory Auditor's Report for the year ended as on 31st March, 2022.
3. To appropriate Net Profit as recommended by the Board of Directors for the year ended 31st March, 2022.
4. To approve the appointment of Auditors for the Bank for the year 2022-2023 and fix their remuneration.
5. To consider the Annual Budget of the Bank for the year 2022-2023.
6. To approve the amendment in Bye-Law Nos.3[5](a), 3[5](b), 44[4] & delete Bye-Law 3[8](t) as per Annexure attached.
7. To grant Leave of Absence to the Members of the Bank who have not attended this 85th Annual General Meeting.
8. Any other issue / business with the permission of the Chair.

Date : August 18, 2022
Place: Mumbai.

By Order of the Board of Directors
Sd/-
DR. M. SHAH ALAM KHAN
MANAGING DIRECTOR

Note:
- If there is no quorum within half an hour after the appointed time, the Meeting shall stand adjourned to 11.00 a.m. on the same day and the Agenda of the Original Meeting shall be transacted at the said venue, irrespective of the rule of quorum, in terms of Bye-Law No.39.
- Any Member desiring information pertaining to Accounts, is requested to write to the Bank, at-least six days in advance of the date of the Annual General Meeting.
- Copies of the Annual Report are available at the Head Office and the Branches of the Bank.

# अवैध मौरम कारोबार पर प्रशासन की कार्रवाई, 13 ट्रक किए सीज

● हनकबाज तीन लोकेशन माफिया स्कार्पियो सहित लिए गए हिरासत में

● लोकेशनतंत्र के संरक्षणदाता सफेदपोशों का हुआ पर्दाफाश

संवाददाता। माधौगढ़ (जालौन)


अवैध मौरम से भरे पकड़े गये ट्रक

**मध्य प्रदेश** से आने वाले अवैध मौरंग के व्यापार पर नकेल नहीं कस पाई है। गाहे-बगाहे मौरंग माफिया अवैध तरीके से अपने ट्रकों को ले जाने में सफल होते हैं। हालांकि कल ही सोशल मीडिया पर अवैध बालू के व्यापार पर सुगबुगाहट हुई तो रात में प्रशासन, पुलिस, आरटीओ और खनिज ने संयुक्त रुप से छापा मारकर दो ट्रकों को जबकि सुबह 11 ट्रकों को पकड़कर सीज कर दिया। इसके अलावा काली स्कोर्पियो के साथ में तीन हनकबाज लोकेशन माफियाओं को भी पकड़ लिया है। वहीं सीओ डॉ. देवेंद्र कुमार ने 13 ट्रकों को सीज करने की जानकारी दी। इसी के साथ लोकेशनतंत्र को संरक्षण दे रहे सफेदपोशों के कारनामों का एक बार फिर पर्दाफाश हो गया।

बताते चलें कि एमपी से लगातार अवैध मौरम का व्यापार होता है। कई सौ ट्रक मध्य प्रदेश से बालू लाकर बंगरा से होते हुए औरैया, इटावा,कन्नौज के लिए निकलते हैं। इन सब को निकलवाने के पीछे एक पूरा सिंडिकेट काम करता है। जिसमें लोकेशन और एंट्री का खासा रोल होता है। इस खेल के चक्कर में कुछ दिन पूर्व माधौगढ़ में उप जिलाधिकारी, कोतवाल और चौकी इंचार्ज पर गाज गिर गई थी। साथ ही कई भाजपा नेताओं के भी नाम इसमें शामिल आए थे लेकिन यह गोरखधंधा एक बार फिर से शुरू हो गया। जिसमें बंगरा पुलिस की भूमिका को नकारा नहीं जा सकता है क्योंकि इतने अवैध ट्रक पुलिस की आंखों से बचकर चले जाए? यह संभव नहीं है। हालांकि एक साथ 13 ट्रकों को सीज करने से हड़कंप मचा हुआ है।


प्रयागराज में गंगा और यमुना के जलस्तर में वृद्धि के कारण संगम के तट पर बाढ़ प्रभावित क्षेत्र को पार करते लोग

## जन्माष्टमी पर्व पर प्रधान प्रतिनिधि ने गौशाला के गोवंशों का किया पूजन

● गांव के गोपालकों का उत्साहवर्धन कर माला पहनाकर किया सम्मानित


छिरिया सलेमपुर में श्रीकृष्ण की प्रिय गाय को फल खिलाते गोसेवक

संवाददाता। जालौन (उरई)

**श्रीकृष्ण जन्माष्टमी** के अवसर पर छिरिया सलेमपुर स्थित गोशाला में भगवान श्रीकृष्ण की प्यारे गोवंशों का पूजन किया गया। गोसेवक एवं प्रधान सोनल तिवारी, प्रधान प्रतिनिधि आशू तिवारी समेत गोसवकों ने गोवंशों का तिलक कर उनको गुड़, केला, रोटी, फल आदि खिलाए। वहीं, जन्माष्टमी के पर्व पर प्रधान प्रतिनिधि ने गांव के गोपालकों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें माला पहनाकर सम्मानित भी किया। साथ ही उन्होंने गोपालकों से अपने गोवंश को अन्ना न छोड़ने की भी अपील की। इस कार्य में संगीता यादव, आशीष तिवारी, नीरू, लालसिंह, देवसिंह, राघवेंद्र, रवि, कलू कुशवाह, धूपसिंह आदि ने सहयोग किया। नगर में स्थित गोशाला में भी गोवंशों का श्रृंगार कर उनकी पूजा अर्चना की गई।

## श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व श्रद्धा व विश्वास के साथ मनाया गया

संवाददाता। कोंच(जालौन)

**योगेश्वर** भगवान श्रीकृष्ण का 5248वां प्राकट्योत्सव श्रीकृष्ण जन्माष्टमी शनिवार को नगर व क्षेत्र में धूमधाम से मनाया गया। शाम से लेकर आधी रात तक सनातनी घरों के अलावा मंदिरों में घंटे घड़ियालों और शंख ध्वनि के बीच खीरे के डंठल से देवकीनंदन का प्राकट्य हुआ, ब्राह्मणों द्वारा उच्चारित वेदमंत्रों के बीच अनुष्ठान संपन्न कराए गए। मंदिरों में भी सायं वेला से प्रारंभ होकर मध्य रात्रि तक श्री कृष्ण प्राकट्योत्सव कार्यक्रम होते रहे, सैकड़ों लोगों ने इस अद्भुत दृश्य का रसास्वादन किया। श्रीकृष्ण अवतरण के बाद प्रसाद वितरित किया गया। श्री कृष्णावतरण की इस पुण्य वेला में मंदिरों को काफी आकर्षक ढंग से सजाया गया था।

प्रमुख हिंदू पर्व श्रीकृष्ण जन्माष्टमी यहां नगर व क्षेत्र में पूरी श्रद्धा और विश्वास के साथ मनाया गया। द्वार द्वार वंदनवार सजाए गए थे। मंदिरों में मध्य रात्रि जन्माष्टमी के उत्सव हुये। गल्ला व्यापारियों की सबसे बड़ी धार्मिक संस्था धर्मादा रक्षिणी सभा द्वारा संचालित कल्याणराय मंदिर में जन्माष्टमी पर्व काफी धूमधाम से मनाया गया। रात्रि 11 बजे से कृष्णावतरण के लिये अनुष्ठान प्रारंभ हो गए थे, विद्वान ब्राह्मणों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के बीच कन्हैया के श्रीविग्रह को पंचामृत स्नान कराया गया, ठीक मध्य रात्रि घंटे, घड़ियालों और शंख ध्वनि के बीच योगेश्वर श्रीकृष्ण का प्राकट्योत्सव संपन्न हुआ। बड़ी संख्या में उपस्थित श्रद्धालुओं ने आरती गाई, तदोपरांत प्रसाद वितरित किया गया। इस दौरान धर्मादा अध्यक्ष गंगाचरण वाजपेयी, मंत्री मिथलेश गुप्ता, रमेश तिवारी, राममोहन रिछारिया, जय मुखिया, नवनीत गुप्ता, अरविंद गुप्ता सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। चंदकुआ पावर हाउस के निकट स्थित द्वारिकाधीश मंदिर में भी धूमधाम से वासुदेव श्रीकृष्ण का प्राकट्य संपन्न हुआ। इस अवसर पर बल्ली अग्रवाल, पप्पू चौधरी, नीलू अग्रवाल, जेके अग्रवाल, सौरभ पुरवार सहित तमाम लोग व्यवस्थाओं में लगे थे, बाद में प्रसाद वितरित किया गया। प्राचीन रामलला मंदिर में महंत रघुनाथदास के सानिध्य में पुजारी गोविंद दास ने कृष्ण प्राकट्य की औपचारिकतायें पूरी कीं। स्वर्णकार समाज के मुरली मनोहर मंदिर में भी कृष्ण प्राकट्योत्सव श्रद्धाभाव से मना, अध्यक्ष चतुर्भुज चंदेरिया, अनिल कपूर सोनी, अतुल सोनी, पवन सहित तमाम लोग व्यवस्थाओं में सन्नद्ध दिखे। नृसिंह मंदिर, चतुर्भुज मंदिर (बड़ा मंदिर) महंतनगर में श्रद्धा और उत्साह के साथ नंदनंदन कृष्ण का अवतरण दिवस मनाया गया। तिलकनगर तिराहे पर स्थित राधाबल्लभ मंदिर में एक दिन पूर्व गुरुवार को ही कृष्ण जन्माष्टमी मना ली गई थी। नदीगांव में भी कृष्ण जन्मोत्सव कार्यक्रम राधावल्लभ मंदिर, बांके बिहारी मंदिर, मुरली मनोहर मंदिर तथा सनातनी घरों में भी विधि विधान से भगवान कृष्ण की पूजा अर्चना की गई।

## क्विक न्यूज

### जन्मदिन पार्टी में जाने पर मां ने बेटे के साथ की मारपीट

**राठ (हमीरपुर)।** परिवार में मन रही जन्मदिन पार्टी में शामिल होने पर मां ने अपने नाबालिग पुत्र जमकर मारा पीटा। पीड़ित के पिता ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। कस्बे के सिकन्दरपुरा मोहल्ला निवासी राजू पुत्र जुगल किशोर पासवान ने बताया कि बुधवार को उसका पुत्र यश भतीजे के जन्मदिन पर गया था। शुक्रवार को उसकी पत्नी मायके से आईं। जो एक माह से मायके में रह रही थी। बताया कि सुबह पत्नी ने पुत्र को कमरे में बंद कर प्लास्टिक के पाइप से जमकर मारा पीटा। मार पीट से उसके पुत्र का सिर फट गया। आरोप लगाया कि उसकी पत्नी मायके में सारा जेवर रख आईं हैं और खुद मरने की धमकी देकर उसे फंसाना चाहती है। पीड़ित ने पुलिस से कार्रवाई की गुहार लगाई है।

### पीडियाट्रिक इमरजेंसी सिमुलेशन ट्रेनिंग का आयोजन

**कानपुर।** रीजेंसी अस्पताल ने आपातकालीन और बाल चिकित्सा क्रिटिकल केयर विभाग द्वारा एक दिवसीय पीडियाट्रिक इमरजेंसी सिमुलेशन ट्रेनिंगश् का आयोजन किया । वर्कशॉप में उत्तर प्रदेश के कई मेडिकल कॉलेजों से करीब 40 प्रतिनिधि उपस्थित थे। प्रतिनिधियों को वास्तविक और सुरक्षित वातावरण में दर्दनाक मस्तिष्क की चोटए सेप्सिसए कार्डियक अरेस्ट और कार्डियक अतालताए सांस की तकलीफ जैसे अस्थमा और क्रुप आदि में चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों का सामना करने के लिए ट्रेन किया गया । मणिपाल अस्पतालए बैंगलोर से डॉ जाह्नवी करेय मैक्स अस्पताल, नोएडा से डॉ आशुतोष सिन्हाय बीएलके दिल्ली से डॉ रचना शर्मा और एम्स गोरखपुर से डॉ मनीष कुमार गेस्ट फैकल्टी के रूप में उपस्थित थे। बाल रोग विभाग, रीजेंसी अस्पताल से डॉ रश्मि कपूरए तरुण चंद्र सीपी सिंहए प्रभा वर्मा और जया पांडे भी संकाय सदस्य के रूप में उपस्थित थे।इस कार्यक्रम का उद्घाटन रीजेंसी हेल्थ के एमडी डॉ अतुल कपूर ने किया । उन्होंने कहाए षप्रौद्योगिकी में प्रगति और पिछले 2 दशकों में तेज गति के साथए हमने देखा है कि सिमुलेशन के अनुप्रयोग महान ऊंचाइयों तक पहुंचते हैं और उभरती पीढ़ियों को प्रशिक्षण देने के दृष्टिकोण में क्रांतिकारी बदलाव करते हैं।

### दबंगो ने प्रधानपति पर चलायी गोली, बाल-बाल बचे, शिकायत दर्ज

**राठ (हमीरपुर)।** नाला निर्माण कार्य करकर घर लौट रहे प्रधानपति पर चार लोगों ने जान लेवा हमला कर हवाई फायर कर दिया। जिससे प्रधानपति बाल बाल बच गया। पीड़ित प्रधानपति ने जरिया थाने में तहरीर दी है। जरिया थाने के इटैलियाबाजा गांव निवासी हर्षवर्धन पुत्र मलखान सिंह ने बताया कि वह प्रधान प्रतिनिधि हैं। शुक्रवार की सुबह नौ बजे अपने परिवार के एक सदस्य के साथ गांव में नाला निर्माण का कार्य कराकर घर लौट रहा था। तभी गांव के चार युवकों ने उसे रोक लिया और गाली गलौज करने लगा। आरोप लगाया कि उसे जान से मारने की नियत से फायर झोंक दिया। उसने भागकर जान बचाई। जिससे वह बाल-बाल बच गया। आरोप लगाया कि उक्त चारों व्यक्ति उसे आए दिन परेशान करते हैं और जान से मारने की धमकी देते है। पीड़ित प्रधानपति ने पुलिस से कार्रवाई करने की गुहार लगाई है। इस संबंध में थानाध्यक्ष जरिया ने बताया कि तहरीर के आधार पर प्रेमनारायण पुत्र मोहनलाल, देवीदयाल पुत्र मोहनलाल, भरत कुमार पुत्र गयाप्रसाद, जीतेन्द्र पुत्र गयाप्रसाद के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया है। आरोपितों की तलाश जारी है।

### यमुना नदी का बढ़ा जलस्तर, गांवों का सम्पर्क टूटा

**चित्रकूट।** जिले में यमुना नदी का जल स्तर लगातार बढने से मऊ तहसील क्षेत्र के आधा दर्जन गांवों का सम्पर्क मुख्य मार्ग से टूट गया है। जान जोखिम में डालकर बाढ के पानी के बीच से लोग निकलने को मजबूर हो गये हैं। शुक्रवार को मऊ तहसील के मवईकला गांव में यमुना नदी किनारे बसे लोगों के बीच बाढ का पानी गांव के अन्दर बनी पुलिया के ऊपर से बहने लगा है। इससे आवागमन पूरी तरह ठप हो गया है। पुलिया के ऊपर से पानी बहने से जान जोखिम में डालकर ग्रामीण पुलिया पार करते नजर आ रहे हैं। गांव की सुरतिया देवी ने बताया कि यमुना में बढ रहे जल स्तर में समस्यायें पैदा कर दी हैं। जिला प्रशासन ने बाढ से निपटने को कोई इंतजाम नहीं किये हैं। जान जोखिम में डालकर लोग पुलिया पार करते दिख रहे हैं।

### गंभीर रोगों को हराने वाले विजेताओं के साथ मनाया आज़ादी का अमृत महोत्सव

**कानपुर।** जब भारत में भारत की आज़ादी की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर आज़ादी का अमृत महोत्सव मनाया जा रहा है, वहीं भारत में आयुर्वेदिक कार्डियक हेल्थकेयर क्लीनिकों की एक अग्रणी श्रृंखला के रूप में जाने जाने वाले माधवबाग ने हृदयरोग जैसे लाइफस्टाइल से संबंधित गंभीर बीमारियों को हराने वाले विजेताओं के साथ आज़ादी का जश्न एक नये रूप में मनाया है। डॉ । रोहित साने के नेतृत्व में माधवबाग ने भारत के सात राज्यों में अपने 270 से भी अधिक क्लीनिक्स में १आई एम ए विनरश् कार्यक्रम आयोजित किया गया और इस अवसर पर डॉक्टरों के साथ.साथ हृदयरोगए डायबिटीजए उच्च रक्तचाप और मोटापा जैसी बीमारियों को हराकर बेहतर और खुशहाल जीवन जी रहे मरीज भी शामिल थे । इस सेलिब्रेशन में लगभग 2,000 मरीज शामिल हुए जहां उनकी उपलब्धि के लिए उन्हें स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया। इन सभी व्यक्तियों ने माधवबाग के वैज्ञानिक रूप से सिद्ध और रिसर्च पर आधारित इलाज का लाभ लिया हाई और पिछले 3.4 महीनों में अपनी बीमारियों से पूरी आज़ादी पाई है। इस आयोजन का प्राथमिक उद्देश्य इन व्यक्तियों को मोटिवेट करने के साथ हेल्दी लाइफस्टाइल को जारी रखने के लिए मोटिवेट करना भी था।

### शराब बनाने के उपकरण समेत दो दबोचे

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अतुल शर्मा के निर्देश पर मादक पदार्थों व अवैध शराब बिक्री के खिलाफजारी अभियान के तहत मानिकपुर पुलिस ने शराब बनाने के उपकरणों समेत दस लीटर शराब में एक को दबोचा है। शुक्रवार को मानिकपुर थाने के दरोगा बलदेव सिंह की टीम ने कोटाकदैला गांव के लालता कोल पुत्र किशोर के यहां छापेमारी कर शराब बनाने के उपकरणों समेत दस लीटर महुआ की शराब बरामद की है। इसी क्रम में राजापुर थाने के दरोगा सूबेदारबिन्द की टीम ने इबादत हुसैन पुत्र सज्जाद हुसैन निवासी छीबों के कब्जे से 15 लीटर महुआ की शराब बरामद कर शराब अधिनियम में गिरफ्तार किया है।

### अब घर बैठे जानिए ट्रेनों की लाइव लोकेशन

**लखनऊ।** पेटीएम ब्रांड की मालिक वन97 ने एक नई सुविधा लाइव ट्रेन स्टेटस के लांच के साथ ही ट्रेन टिकटिंग सेवाओं के लिए अपनी ऑफर्स को और भी मजबूत किया है। यह सुविधा यूजर्स को ट्रेन की लाइव लोकेशन और जिस पर ट्रेन आ रही है उस प्लेटफॉर्म नम्बर की जांच करने की सुविधा प्रदान करता है। लाइव स्टेटस के साथ ही पेटीएम अब ट्रेन यात्रा की सभी पोस्ट बुकिंग जरूरतों को भी पूरा करेगा।पेटीएम ऐप के माध्यम से उपयोगकर्ता टिकट बुक कर सकते हैंए पीएनआर और ट्रेन की स्थिति की जांच कर सकते हैं खाना ऑर्डर कर सकते हैं और 24ग7 ग्राहक सहायता प्राप्त कर सकते हैं।

## डीएम के निर्देश पर भी एक्सईएन ने नहीं दिया नलकूप का कनेक्शन

**जालौन ( उरई )।** पेयजल आपूर्ति दुरुस्त रखने के लिए नगर में दो नए नलकूप बनवाए गए हैं। लेकिन 6 माह से एक्सईएन द्वारा स्टीमेट पास न किए जाने से बिजली कनेक्शन रूका हुआ है। जिससे चलते उमस भरी गर्मी के मौसम में भी नलकूप शुरू नहीं हो पा रहे हैं। लगभग तीन माह पूर्व नगर के लोगों द्वारा इस संबंध में शिकायत करने के बाद तत्कालीन डीएम ने एक्सईएन को जमकर फटकार लगाई थी और और दो दिन में कनेक्शन देने के निर्देश दिए थे। इसके बाद भी कनेक्शन नहीं हुआ है। जिससे लोगों में रोष है। नगर में पेयजल की आपूर्ति के लिए वर्तमान में 6 नलकूप बने हुए हैं। लेकिन नगर का क्षेत्रफल बड़ा होने और लगभग एक लाख की आबादी होने के चलते 6 नलकूपों से पेयजल की आपूर्ति होने में दिक्कत हो रही हैं। जहां लंबी लाइन हैं वहां तक पानी नहीं पहुंच पाता है। इसके अलावा कुछ नई पाइप लाइन भी डाली गई है। नगर में पेयजल की समस्या को लेकर नगर के लोगों ने सदर विधायक से नलकूपों की संख्या बढ़ाने की मांग की थी। उन्होंने विधायक निधि से नगर में दो नलकूप लगवाने की घोषणा की थी। जिसके बाद नगर पालिका द्वारा नलकूप लगवाने का कार्य शुरू किया गया। लगभग सात माह पूर्व लौना रोड पर गोमाता मंदिर के पास एवं बंगरा रोड पर कन्हैया धाम के पास दो नलकूप बनकर तैयार हो चुके हैं। कमी है तो बस बिजली कनेक्शन की। इसके लिए नगर पालिका द्वारा बिजली विभाग को लगभग पांच माह पूर्व स्टीमेट तैयार कर भेजा जा चुका है। कनेक्शन होते ही जल संस्थान पेयजल आपूर्ति के लिए तैयार है। लेकिन एक्सईएन कनेक्शन देने में टाल मटोल कर रहे हैं। इस संदर्भ में डॉ. रामकिशोर आदि ने बीती 21 मई तत्कालीन डीएम प्रियंका निरंजन को शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया था कि तीन माह पूर्व बिजली विभाग को स्टीमेट भेजे जाने के बाद भी बिजली विभाग के एक्सईएन स्टीमेट को पास नहीं कर रहे हैं। जिसके चलते नलकूपों में कनेक्शन नहीं हो पा रहा है। नगर के आशाराम, फहीम, अनीस, सुरेंद्र कुमार, जहीर, मुन्नालाल, कमलेश, रामआसरे आदि ने डीएम से मांग करते हुए कहा कि नलकूपों के बिजली कनेक्शन अतिशीघ्र कराए जाएं। ताकि नगर के लोगों को पेयजल के लिए परेशान न होना पड़े।

### खलिहान की जमीन पर कब्जे को लेकर दो भाइयों में खूनी संघर्ष

**कोंच( जालौन )।** कैलिया थाना क्षेत्र के ग्राम कमतरी में दो सगे भाइयों के बीच ग्राम समाज की जमीन खलिहान को लेकर चल रहा विवाद खूनी संघर्ष में तब्दील हो गया। एक पक्ष के लोगों ने दूसरे पक्ष को मारपीट कर लहूलुहान कर दिया। घटना को लेकर थाना पुलिस ने हमलावरों के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कर हमलावरों को गिरफ्तार कर लिया है। गांव कमतरी में ग्राम सभा के खलिहान पर ओमकार पुत्र रघुवीर सिंह यादव बीते लंबे समय से अबैध रूप से कब्जा किये हुये था जिसकी शिकायत उसके सगे भाई रणधीर सिंह ने गत दिनों पूर्व उप जिलाधिकारी व तहसीलदार को प्रार्थना पत्र देकर की थी साथ ही उसने सीएम पोर्टल पर भी शिकायत दर्ज कराई थी।बीते रोज गुरुवार को तहसीलदार प्रेमनारायण प्रजापति ने मौके पर पहुंचकर ग्राम सभा की उक्त भूमि की राजस्व कर्मियों से नापजोख कराते हुए अबैध कब्जा जेसीबी की मदद से हटवा दिया था। कब्जा हटाये जाने को लेकर दोनों भाईयों के मध्य तनातनी इतनी बढ़ गई कि शुक्रवार की सुबह करीब 10 बजे ओमकार यादव उसके पुत्र विश्राम यादव व माताप्रसाद पुत्र जगन्नाथ निवासी न्यामतपुर थाना सिरसा कलार ने रणधीर के साथ गाली गलौज कर उसे बेरहमी से मारापीटा जिससे वह लहुलुहान हो गया।

### बालिका को भगा ले जाने के मामले में पुलिस जांच में जुटी

संवाददाता। जालौन (उरई)

**नाबालिग प्रपौत्री** को युवक द्वारा प्रेमजाल में फंसाकर उसे अन्यत्र भेज देने की शिकायत पीड़ित बाबा ने कोतवाली में तहरीर देकर की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी बाबा ने पुलिस को बताया कि उनका पुत्र जन्म से मूक बधिर है। उसकी 14 वर्षीय पुत्री है। उसे कोंच थाना क्षेत्र निवासी एक युवक ने अपने प्रेमजाल में फंसा लिया। बीती 1 अगस्त को उक्त युवक उनके घर में घुस गया था। लेकिन लोकलाज के भय से युवक को हिदायत देकर छोड़ दिया था। गुरूवार को उनकी प्रपौत्री नगर में पिता के साथ दुकान का सामन लेने के लिए आई थी। वहीं से उक्त युवक ने उनकी प्रपौत्री को बहला फुसलाकर किसी के साथ किसी अन्यत्र स्थान पर भेज दिया। बेटे के मूक बधिर होने के चलते वह प्रपौत्री को देख नहीं सका। घर आकर जब उन्हें प्रपौत्री के लापता होने की जानकारी मिली तो उसकी तलाश शुरू की। लेकिन उसका कहीं कोई पता नहीं चला। उक्त युवक की प्रपौत्री से फोन पर बात हो रही है। लेकिन वह उसका पता नहीं बता रहा है। पीड़ित बाबा ने उनकी प्रपौत्री की सकुशल बरामदगी की गुहार कोतवाली पुलिस से लगाई है। वहीं, पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### जगम्मनपुर में व्यापारियों ने किया व्यापार मण्डल का गठन

**रामपुरा ( जालौन )।** जनपद जालौन सबसे आखरी व जनपद इटावा के बॉर्डर से सटे पंचनद के तटस्थ इलाके में बसे ग्राम पंचायत जगम्मनपुर उस इलाके के व्यापार के लिहाज से पुराने बाजारों में सुमार रहा हैं। शनिवार को उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मण्डल की जिला कार्यकारिणी के सदस्यों व जिला अध्यक्ष संतोष गुप्ता ने जगम्मनपुर पहुंचकर कस्वे के व्यापारी वर्ग के साथ पंडित श्रवण कुमार महाविद्यालय के सभागार में बैठकर जगम्मनपुर के व्यापार मण्डल का गठन किया। कस्वे के व्यापारियों ने संदीप गुप्ता को जगम्मनपुर व्यापार मण्डल का अध्यक्ष मनोनीत किया। अखिलेश चंदेल उपाध्यक्ष, अजय चंदेल कोषाध्यक्ष, अशोक गुप्ता मंत्री, भूपेंद्र दोहरे उपाध्यक्ष, शैलेन्द्र नामदेव मंत्री, अरुण गुप्ता महामंत्री के साथ 5 व्यापारियों को व्यापार मण्डल का सदस्य मनोनित किया गया। इस दौरान जिलाध्यक्ष संतोष गुप्ता, जिला महामंत्री मनीष शंकर अग्रवाल के साथ जगम्मनपुर बाजार का व्यापारी वर्ग मौजूद रहा।

## बेरोजगारी-महंगाई पैदा कर रही केंद्र सरकारः रुद्र प्रसाद मिश्र

संवाददाता। चित्रकूट



मानिकपुर मंडल सम्मेलन में बोलते का रुद्र प्रसाद मिश्र

**मानिकपुर** मंडल किसान सभा सम्मेलन में किसानों से उत्तर प्रदेश किसान सभा राज्य कार्यकारिणी सदस्य का रुद्र प्रसाद मिश्र एड ने कहा कि केन्द्र सरकार की नीतियों से बेरोजगारी, महंगाई पैदा हुई है। केन्द्र सरकार अपने वायदे से मुकरकर किसानों के जख्मों पर नमक छिडकने का कार्य कर रही है।

शुक्रवार को जिला कचहरी में हुए मानिकपुर मंडल के किसान सभा सम्मेलन में उप्र किसान सभा के राज्य कार्यकारिणी सदस्य का रुद्र प्रसाद मिश्र ने कहा कि लखीमपुर खीरी हत्याकांड में एसआईटी की रिपोर्ट में साजिश की बात स्वीकारने के बाद भी मुख्य साजिशकर्ता अजय मिश्र उर्फ टेनी का केन्द्रीय मंत्रिमंडल में बने रहना संवैधानिक और राजनैतिक मर्यादा के खिलाफ है। संयुक्त किसान मोर्चा 75 घंटे का सामूहिक धरना लखीमपुर खीरी में कर रही है। सम्मेलन के शुभारम्भ के पहले शहीदों को नमन कर पुष्पवर्षा कर एक मिनट का मौनधारण कर श्रद्धांजलि दी गई।

सम्मेलन में किसानों की समस्या, महंगाई, बेरोजगारी और मोदी सरकार की वायदा खिलाफी पर कामरेडों ने विचार व्यक्त किये। सम्मेलन में मंडल कमेटी मानिकपुर की कार्यकारिणी के अध्यक्ष चुनकूराम पाल एड, जिला सचिव राजाराम, उपाध्यक्ष अजय सिंह, संयुक्त सचिव रामप्रताप विश्वकर्मा, संगठन मंत्री लल्लूराम त्रिपाठी, प्रकाशन मंत्री शिवम व कोषाध्यक्ष वीरबहादुर सिंह को चुना गया। इस मौके पर का शिवप्रसाद, शिवमोहन यादव आदि किसान मौजूद रहे।

### तीन दिवसीय मानस भागवत सम्मेलन आयोजित

**कोंच( जालौन )।** नगर के मोहल्ला पटेल नगर में 3 दिवसीय मानस एवं भागवत सम्मेलन श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया जिसमें कथा वाचकों ने उपस्थित श्रोताओं को श्रीराम, शिवजी व श्रीकृष्ण कथा सुनाई। कथा सुनाते हुए रामजी रामायणी ने कहा कि हनुमानजी के जीवन में कभी भी अभिमान नहीं आया। जो कोई कार्य नहीं कर सका वह असंभव कार्य हनुमानजी ने किया। माता जानकी की खोज के लिए श्रीराम ने बन्दरों के दल को भेजा। बीच में समुद्र आ गया, सभी बन्दरों ने अपने अपने बल के बारे में बताया।किसी ने कहा में 10 योजन लाँघ लूंगा किसी बन्दर ने 20 योजन लांघने की बात कही।अंगद उठे और बोले में इस समुद्र को पूरा पार कर सकता हूँ लेकिन लौटने में संशय है कि दोबारा लौटकर आ पाऊंगा या नहीं। तब जाम्बन्त ने हनुमानजी को उनका बल याद दिलाया। तब हनुमानजी ने सभी बन्दरों को प्रणाम कर विशाल समुद्र पार किया और जानकी की खोज की। जानकी की खोज करते हुए वह लंका के प्रत्येक घर में गये लेकिन जानकी सीता के कोई दर्शन नहीं हुये।

## धंजा विद्यालय में मनाया गया श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का उत्सव



धंजा विद्यालय में जन्माष्टमी मनाते बच्चे

संवाददाता। कोंच(जालौन)

**पूर्व माध्यमिक** विद्यालय धंजा में श्री कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर तमाम सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ साथ प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गई। राधा कृष्ण की जोड़ी सजने की प्रतियोगिता कराई गयी जिसमें नौ जोड़े सजकर तैयार हुए, प्रथम तीन जोड़ों को पुरस्कृत करना था। गांव के संभ्रांत व्यक्तियों ठाकुर विक्रम सिंह व गंगा प्रसाद को जज बनाया गया तथा सहायक अध्यापकों देवेंद्र प्रताप सिंह, त्रिभुअन नारायण, योगेश गुर्जर, जितेंद्र ने निर्णायक की भूमिका निभाते हुए अपनी राय दी। दूसरी प्रतियोगिता मटकी फोड़ हुई जिसमें 20 बच्चों ने भाग लिया मात्र एक बच्ची ही मटकी फोड़ सकी। समस्त सफल छात्र छात्राओं को प्रधान अध्यापक रामशंकर छानी ने पुरस्कृत कर सम्मानित किया।

# राहुल बल्लेबाजी में और खोलेंगे हाथ

## ● नजरें दूसरे वनडे में बल्लेबाजी अभ्यास पर

## ●जिम्बाब्वे भी तैयार

**भाषा।** हरारे

**जिम्बाब्वे के** खिलाफ दूसरे एक दिवसीय क्रिकेट मैच में भारतीय टीम शनिवार को उतरेगी तो कप्तान केएल राहुल यही उम्मीद कर रहे होंगे कि उन्हें बल्लेबाजी का जरूरी अभ्यास मिल सके। दोनों टीमों के प्रदर्शन में इतना अंतर है कि यह श्रृंखला पूरी तरह से एकतरफा हो गई है। भारतीय टीम का लक्ष्य टॉस जीतने पर पहले बल्लेबाजी का होगा ताकि बल्लेबाजी के लिए समय मिल सके। उछालभरी पिच और तेज हवाओं से बल्लेबाजों के लिए चुनौती आसान नहीं होगी। जिम्बाब्वे के पास जिम्मी एंडरसन और जोश हेजलवुड जैसे गेंदबाज नहीं हैं लेकिन हालात से पार पाना भारतीय टीम के लिए चुनौतीपूर्ण होगा। दीपक चाहर ने पहले मैच के बाद कहा था कि दूसरे सत्र में गेंदबाजों को खास मदद नहीं मिल सकी है लेकिन पहले घंटे का खेल बल्लेबाजों के लिए आसान नहीं था। एशिया कप में शाहीन शाह अफरीदी जैसे गेंदबाजों को खेलने से पहले भारतीय टीम के लिए बल्लेबाजी अभ्यास जरूरी है। पहले मैच में शिखर धवन और शुभमन गिल से पारी की शुरूआत जारी रखने वाले कप्तान राहुल ने नेतृत्व क्षमता का परिचय दिया लेकिन अब एशिया कप से पहले बल्लेबाज राहुल को भी रंगत में लौटना होगा। उन्हें पहली ही गेंद से आक्रमण की भारत की रणनीति को तुरंत अपनाना होगा। जिम्बाब्वे जैसी कमजोर टीम के खिलाफ राहुल के लिए यह सुनहरा मौका है। वहीं दीपक हुड्डा को अगर बल्लेबाजी क्रम में ऊपर उतारा जाए तो उनका आत्मविश्वास बढेगा। संजू सैमसन अगर चौथे नंबर पर उतरते हैं तो पारी के सूत्रधार की भूमिका निभा सकते हैं। कार्यवाहक कोच वीवीएस लक्ष्मण की नजरें पहले श्रृंखला जीतने और उसके बाद टीम संयोजन में प्रयोग पर होगी। धवन की बाजू में लगी चोट अगर गंभीर होती है तो ईशान किशन और राहुल का बायां दायां संयोजन पारी की शुरूआत के लिए उम्दा होगा। दीपक चाहर ने लगातार सात ओवर फेंके जो अच्छा संकेत है कि वह कार्यभार प्रबंधन में कामयाब हो रहे हैं। प्रसिद्ध कृष्णा भी विविधताएं लाना चाहेंगे जबकि मोहम्मद सिराज की नजरें विकेट लेने पर लगी होंगी।





**टीमें :** **भारत :** के एल राहुल (कप्तान), शिखर धवन , रूतुराज गायकवाड़, शुभमन गिल, दीपक हुड्डा, राहुल त्रिपाठी, ईशान किशन, संजू सैमसन, शार्दुल ठाकुर, कुलदीप यादव, अक्षर पटेल, आवेश खान, प्रसिद्ध कृष्णा, मोहम्मद सिराज, दीपक चाहर, शाहबाज अहमद।

**जिम्बाब्वे :** रेजिस चकाबवा (कप्तान), रियान बर्ल, तनाका चिवांगा, ब्राडले इवांस, ल्यूक जोंगवे, इनोसेंट केइया, टी कैतानो, क्लाइव माडांडे, वेसली एम, टी मारूमानी, जान मसारा, टोनी मुनियोंगा, रिचर्ड एंगारावा, विक्टर एन, सिकंदर रजा, मिल्टन शुम्बा, डोनाल्ड तिरिपानो।

**मैच का समय : दोपहर 12 . 45 से।**

## अल्टीमेट खो-खो: ओडिशा जगरनॉट्स ने राजस्थान वारियर्स को हराया

**पुणे।** वजीर सुभाशीष के शानदार प्रदर्शन से ओडिशा जगरनॉट्स ने शुक्रवार को यहां पहली अल्टीमेट खो-खो लीग में राजस्थान वारियर्स को 65-46 से हराया। सुभाशीष ने राजस्थान वारियर्स के पांच डिफेंडर को आउट करके 14 अंक जुटाए। निलेश जाधव और आदित्य कुदाले ने उनका अच्छा साथ निभाते हुए क्रमश: नौ और आठ अंक जुटाए। कप्तान मजहर जामदार ने राजस्थान वारियर्स के लिए शानदार प्रदर्शन करते हुए 23 अंक जुटाए लेकिन अपनी टीम को लगातार तीसरी हार से नहीं बचा पाए।

## हाथ में चोट के कारण जेमिमा द हंड्रेड से बाहर

**बर्मिंघम।** भारत की महिला क्रिकेटर जेमिमा रोड्रिग्स हाथ में चोट के कारण द हंड्रेड में केवल दो मैच खेलने के बाद बाकी टूर्नामेंट से बाहर हो गई। जेमिमा नॉर्दन सुपरचार्जर्स टीम का हिस्सा थी। इस भारतीय बल्लेबाज की जगह आयरलैंड की गैबी लुईस को टीम में रखा गया है। जेमिमा ने सुपरचार्जर्स के पहले मैच में ओवल इनविंसिबल्स के खिलाफ 32 गेंदों में 51 रन की धांसू पारी खेली लेकिन उनकी टीम यह मैच हार गई। इसके बाद उन्होंने लंदन स्प्रिट के खिलाफ दो रन बनाए। उनकी टीम ने यह मैच पांच रन से जीता। बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में भारत की रजत पदक विजेता टीम का हिस्सा रही जेमिमा इस प्रतियोगिता के दौरान इंग्लैंड के खिलाफ सेमीफाइनल मैच में चोटिल हो गई थी। जेमिमा ने राष्ट्रमंडल खेलों में 146 रन बनाए थे।

# झूलन की वनडे टीम में वापसी

## ●किरण नवगीरे टी20 टीम में नया चेहरा

**भाषा।** नई दिल्ली

अनुभवी तेज गेंदबाज झूलन गोस्वामी ने इंग्लैंड दौरे के लिए भारतीय महिला एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय टीम में वापसी की है जबकि महिला टी20 चैलेंज में अपनी आक्रामक बल्लेबाजी से प्रभावित करने वाली किरण नवगीरे को पहली बार सबसे छोटे प्रारूप की टीम में शामिल किया गया है। भारतीय टीम सीमित ओवरों की श्रृंखला के लिए दो सप्ताह के इंग्लैंड दौरे पर जाएगी। इस दौरान वह तीन टी20 मैच और इतने ही वनडे मैच खेलेगी। टी20 मैच होव (10 सितंबर), डर्बी (13 सितंबर) और ब्रिस्टल (15 सितंबर) में होंगे, जबकि वनडे होव (18 सितंबर), कैनेट्बरी (21 सितंबर) और लॉर्ड्स (24 सितंबर) में खेले जाएंगे। तीन महीने के अंदर 40 साल की होने वाली झूलन गोस्वामी ने अपना आखिरी वनडे मैच इस साल मार्च में बांग्लादेश के खिलाफ न्यूजीलैंड में विश्व कप में खेला था। विश्वकप के बाद उनकी समकालीन मिताली राज ने संन्यास ले लिया था जबकि इस तेज गेंदबाज को चोटिल होने के कारण श्रीलंका दौरे के लिए नहीं चुना गया था। इसके बाद कयास लगाए जा रहे थे कि वह भी संन्यास ले सकती हैं लेकिन अब तक 201 मैचों में रिकॉर्ड 252 विकेट लेने वाली गोस्वामी खेलने के लिए तैयार है। टी20 टीम में ऋचा घोष की वापसी हुई है। उन्हें राष्ट्रमंडल खेलों के लिए टीम में नहीं चुने जाने पर सवाल उठाए गए थे। उनकी जगह चुनी गई तानिया भाटिया ने इंग्लैंड दौरे के लिए दोनों टीमों में जगह बनाई है। घोष को जहां टी20 टीम में जगह मिली है वही यास्तिका भाटिया वनडे टीम में अपनी जगह बरकरार रखने में सफल रही है। चयनकर्ताओं ने किरण नवगीरे को महिला टी20 चैलेंज में उनके शानदार प्रदर्शन का इनाम दिया है। महाराष्ट्र की रहने वाली किरण घरेलू क्रिकेट में नगालैंड की तरफ से खेलती हैं। उन्होंने महिला टी20 चैलेंज में वेलोसिटी की तरफ से ट्रेलब्लेजर्स के खिलाफ 34 गेंदों पर 69 रन बनाए थे जिसमें पांच गगनदाई छक्के शामिल थे। वह शैफाली वर्मा और ऋचा के साथ मिलकर भारतीय टीम में पावर हिटिंग के नए आयाम जोड़ सकती हैं। अनुभवी तेज गेंदबाज शिखा पांडे और स्पिनर पूनम यादव को फिर से नजरअंदाज किया गया।





**टीमें:** टी20 टीम : हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उप-कप्तान), शैफाली वर्मा, दीप्ति शर्मा, पूजा वस्त्राकर, जेमिमा रोड्रिग्स, स्नेह राणा, रेणुका ठाकुर, मेघना सिंह, राधा यादव, सबिनेनी मेघना, तानिया सपना भाटिया (विकेटकीपर), राजेश्वरी गायकवाड़, दयालन हेमलता, सिमरन दिल बहादुर, ऋचा घोष (विकेटकीपर), के.पी. नवगीर। **वनडे टीम:** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उप-कप्तान), शैफाली वर्मा, सब्बीनेनी मेघना, दीप्ति शर्मा, तानिया सपना भाटिया (विकेटकीपर), यास्तिका भाटिया (विकेटकीपर), पूजा वस्त्राकर, स्नेह राणा, रेणुका ठाकुर, मेघना सिंह, राजेश्वरी गायकवाड़, हरलीन देओल, दयालन हेमलता, सिमरन दिल बहादुर, झूलन गोस्वामी, जेमिमा रोड्रिग्स।

## बांग्लादेश ने टी20 विश्व कप तक श्रीराम को तकनीकी सलाहकार नियुक्त किया

**ढाका।** बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने भारत के पूर्व हरफनमौला श्रीधरन श्रीराम को आस्ट्रेलिया में इस साल होने वाले टी20 विश्व कप तक राष्ट्रीय टीम का तकनीकी सलाहकार नियुक्त किया है। बीसीबी अध्यक्ष नजमुल हसन ने हालांकि इन खबरों को खारिज किया है कि श्रीराम को राष्ट्रीय टीम का कोच बनाया गया है। हसन ने शुक्रवार को संवाददाताओं से कहा, हमने श्रीराम का नाम तय किया है और वह 21 अगस्त को यहां आएगा।

## टेटे आज से

**लखनऊ।** स्वर्गीय एसके पांडे मेमोरियल स्टेट रैंकिंग टेबल टेनिस 20 से 22 अगस्त 2022 तक नोएडा स्पोर्ट्स स्टेडियम सेक्टर 21,नोएडा में आयोजित किया जाएगा। टूर्नामेंट का आयोजन गौतमबुद्धनगर टेबल टेनिस एसोसिएशन द्वारा यूपीके निर्देशन में किया जाएगा। राज्य भर से लगभग 325 प्रतिभागी भाग लेंगे। श्याम कुमार सचिव, गौतमबुद्ध नगर टीटी असन ने कहा कि टूर्नामेंट सभी एकल स्पर्धाओं के लिए आयोजित किया जाएगा।

## वाणी कपूर की दूसरे दौर में शानदार वापसी

**जकार्ता।** भारतीय गोल्फर वाणी कपूर ने पहले दौर की निराशा को भुलाकर सिमोन एशिया पैसेफिक कप गोल्फ टूर्नामेंट के दूसरे दौर में दो अंडर 70 का स्कोर बनाया। पहले दौर मे 78 का स्कोर बनाने वाली वाणी दूसरे दौर में अंडर पार का स्कोर बनाने वाली एकमात्र भारतीय रही। वह व्यक्तिगत सूची में अभी संयुक्त 19वे स्थान पर है।

## कोरिया में वीर अहलावत पांचवें, भुल्लर 12वें स्थान पर

**जेजू आईलैंड (दक्षिण कोरिया)।** फॉर्म मे चल रहे भारतीय गोल्फर वीर अहलावत शुक्रवार को यहां दूसरे दौर मे शानदार प्रदर्शन के बाद अंतरराष्ट्रीय सीरीज कोरिया गोल्फ टूर्नामेंट में शीर्ष 10 मे पहुंच गए। पिछले हफ्ते सिंगापुर मे संयुक्त 12वे स्थान पर रहे अहलावत ने दूसरे दौर मे आठ बर्डी और तीन बोगी से पांच अंडर-66 का स्कोर बनाया। उन्होने पहले दौर मे एक अंडर 70 का स्कोर बनाया था।

## त्वेसा संयुक्त 30 वें पर

**सोटोग्रांडे (स्पेन)।** भारतीय गोल्फर त्वेसा मलिक शुक्रवार को यहां पहले दौर में ईवन पार के स्कोर के साथ अरामको टीम सीरीज मे संयुक्त 30वे सथान पर चल रही है। त्वेसा ने 10वें होल से शुरूआत करते हुए 11वे, 12वे और 14वे होल मे बोगी की जिससे उनका स्कोर तीन ओवर हो गया। उन्होने इसके बाद 18वे, छठे और आठवे होल मे बर्डी करते हुए पार 72 का स्कोर बनाया।

## राष्ट्रमंडल खेलों में हर हालत में पदक जीतना था : सलीमा

**नई दिल्ली।** भारतीय महिला हॉकी टीम की प्रतिभाशाली मिडफील्डर सलीमा टेटे ने कहा है कि विश्व कप मे शर्मनाक प्रदर्शन के बाद बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलो मे उनकी टीम का एकमात्र लक्ष्य पदक जीतना था। भारतीय टीम ने पेनल्टी शूटआउट मे न्यूजीलैंड को 2-1 से हराकर कांस्य पदक जीता।

# भूटिया ने एआईएफएफ अध्यक्ष पद के लिए नामांकन भरा

## ● आसान नहीं राह

**भाषा।** नई दिल्ली

**दिग्गज फुटबॉल** खिलाड़ी बाईचुंग भूटिया ने शुक्रवार को अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के आगामी चुनावों में अध्यक्ष पद के लिए नामांकन दाखिल किया लेकिन इस पूर्व खिलाड़ी की राह आसान नहीं होगी क्योंकि राजनीतिक समर्थन वाले कई उम्मीदवार मैदान में हैं। पूर्व फुटबॉलर से राजनेता बने लोगों के अलावा राजनेता भी मैदान में हैं जो खेल प्रशासन में शामिल होना चाहते हैं। इसके अलावा लंबे समय से खेल प्रशासक की भूमिका निभा रहे लोग भी एआईएफएफ में शीर्ष पद पर काबिज होने की इच्छा रखते हैं। नामांकन दाखिल करने की समय सीमा शुक्रवार को खत्म हो गई। लंबे समय से लंबित रहे ए चुनाव 28 अगस्त को होने हैं। पूर्व कप्तान भूटिया के नाम का प्रस्ताव राष्ट्रीय टीम के उनके साथी रहे दीपक मंडल ने रखा और प्रतिष्ठित महिला खिलाड़ी मधु कुमारी ने उनका समर्थन किया। भूटिया की सफलता के लिए हालांकि यह जरूरी होगा कि मतदाता सूची से पूर्व खिलाड़ियों को बाहर नहीं किया जाए। खेल की वैश्विक संचालन संस्था फीफा के नियम पूर्व खिलाड़ियों को मतदाता के रूप में स्वीकृति नहीं देते। सोमवार को इस मुद्दे पर उच्चतम न्यायालय की सुनवाई के बाद तस्वीर साफ होगी। भूटिया को सबसे बड़ी चुनौती मोहन बागान और ईस्ट बंगाल के पूर्व गोलकीपर कल्याण चौबे से मिलेगी जो पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी के नेता हैं। फुटबॉलर के रूप में चौबे भूटिया को कोई टक्कर नहीं देते लेकिन उनके नाम का प्रस्ताव गुजरात फुटबॉल संघ ने रखा है और अनुमोदन अरूणाचल प्रदेश ने किया है जो उनके प्रभाव को दिखाता है। भारत के दो सबसे बड़े राजनेता (प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह) गुजरात से हैं जबकि अरूणाचल प्रदेश पूर्व खेल मंत्री और मौजूदा कानून मंत्री किरेन रीजीजू का गृह राज्य है। अध्यक्ष पद की दौड़ में आईएफए (पश्चिम बंगाल) अध्यक्ष अजीत बनर्जी भी हैं जो पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी के बड़े भाई हैं। अगर उन्हें पार्टी नेतृत्व से अनुमति नहीं मिली होती तो वह मैदान में नहीं उतरते। सूची में तीसरे फुटबॉलर और सबसे कम उम्र के उम्मीदवार 36 वर्षीय भारत के पूर्व मिडफील्डर युगेंसन लिंगदोह हैं जो अब विधायक हैं। वह मेघालय में प्रमुख क्षेत्रीय पार्टी यूनाईटेड डेमोक्रेटिक पार्टी का प्रतिनिधित्व करते हैं। सुनील छेत्री के साथ भारत के लिए खेलने वाले लिंगदोह ने सक्रिय राजनीति में तब प्रवेश किया जब उनके पिता का निधन हो गया और मावफलांग निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव जीता। कर्नाटक राज्य फुटबॉल संघ से एनए हैरिस भी दौड़ में हैं जो कांग्रेस विधायक हैं और एआईएफएफ की राजनीति में बहुत सक्रिय हैं। राजस्थान के मानवेंद्र सिंह के रूप में कांग्रेस का एक अन्य सदस्य चुनौती पेश कर रहा है जो पहले भारतीय जनता पार्टी के साथ रह चुका है। वह लोकसभा सदस्य रहे हैं और पूर्व रक्षा मंत्री स्वर्गीय जसवंत सिंह के बेटे हैं। फीफा में काम करने वाले फुटबॉल दिल्ली के अध्यक्ष शाजी प्रभाकरन ने भी अध्यक्ष पद के लिए नामांकन पत्र दाखिल किया है लेकिन उन्हें भी पता है कि उनकी राह बिलकुल भी आसान नहीं होने वाली। अधिकतर देखा गया है कि प्रतिष्ठित नामों के मैदान पर उतरने की स्थिति में काफी उम्मीदवार अपना नाम वापस ले लेते हैं। भूटिया ने प्रतिष्ठित खिलाड़ी के रूप में नामांकन भरा है और उन्होंने पीटीआई से कहा, मैंने प्रतिष्ठित खिलाड़ियों के प्रतिनिधि के रूप में अपना नामांकन दाखिल किया है। खिलाड़ियों को अनुमति देने के उच्चतम न्यायालय के फैसले के मद्देनजर मुझे उम्मीद है कि खिलाड़ियों को भारतीय फुटबॉल की सेवा करने का मौका मिल सकता है। हम दिखाना चाहते हैं कि हम न केवल खिलाड़ियों के रूप में बल्कि प्रशासक के रूप में भी अच्छे हो सकते हैं। इस हफ्ते की शुरुआत में एआईएफएफ पर फीफा के प्रतिबंध से कुछ घंटे पहले भारत में फुटबॉल का संचालन कर रही प्रशासकों की समिति (सीओए) ने फीफा की इच्छा के अनुसार प्रतिष्ठित खिलाड़ियों को मतदान का अधिकार दिए बिना खेल निकाय के चुनाव कराने पर सहमति व्यक्त की थी। चौबे कार्यकाल से अधिक समय तक पद पर रहने के लिए प्रफुल्ल पटेल को हटाने के मामले में याचिकाकर्ता रहे थे। राष्ट्रीय टीम के रिजर्व गोलकीपर रहे चौबे ने कहा, मैंने गुजरात और अरुणाचल से अपने नामांकन के लिए समर्थन हासिल किया है और मैं खुद एक पूर्व खिलाड़ी रहा हूं।






## एआईएफएफ प्रतिबंध: फीफा, एएफसी से भारतीय क्लबों को खेलने की अनुमति देने का आग्रह




**नई दिल्ली।** खेल मंत्रालय ने विश्व फुटबॉल की संचालन संस्था फीफा और एशियाई फुटबॉल परिसंघ (एएफसी) से अनुरोध किया है कि वह अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) पर प्रतिबंध के बावजूद भारतीय क्लबों श्री गोकुलम केरल एफसी और एटीके मोहन बागान को निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रतियोगिताओं मे भाग लेने की अनुमति दें। फीफा द्वारा सोमवार की देर रात एआईएफएफ को निलंबित करने से अजीब स्थिति पैदा हो गई क्योंकि गोकुलम केरल की महिला टीम अपनी दूसरी एएफसी महिला क्लब चैम्पियनशिप मे भाग लेने के लिए उज्बेकिस्तान पहुंच चुकी थी। महिला टीम को कारशी मे 23 अगस्त को ईरान की एक टीम और 26 अगस्त को मेजबान देश की एक टीम के खिलाफ खेलना है जबकि एटीके मोहन बागान सात सितंबर को बहरीन मे एएफसी कप 2022 (अंतर क्षेत्र सेमीफाइनल) मे खेलने की तैयारी कर रहा है। मंत्रालय ने फीफा और एएफसी को ईमेल लिखकर उन्हें इस तथ्य से अवगत कराया गया कि फीफा के एआईएफएफ के निलंबन की घोषणा करने से पहले ही गोकुलम केरल की टीम उज्बेकिस्तान पहुंच गई थी। मंत्रालय ने एक विज्ञप्ति मे कहा, फीफा और एएफसी से अनुरोध किया गया है कि युवा खिलाड़ियो के हित मे टीम को एएफसी महिला क्लब चैम्पियनशिप (पश्चिम क्षेत्र) में खेलने की अनुमति देने पर विचार करें। वह टीम को हर संभव तरीके से सहायता देने के लिए हम उज्बेकिस्तान मे भारतीय दूतावास के संपर्क मे है। मंत्रालय गोकुलम टीम के प्रबंधन के साथ भी लगातार संपर्क मे है। प्रतिबंध की खबर के बाद गोकुलम केरल महिला टीम के अध्यक्ष वीसी प्रवीण ने खेल मंत्रालय को फोन किया था और खिलाड़ी उनके साथ खड़े थे। मंत्रालय ने तब इस मामले को एएफसी के साथ उठाया था जिसने टीम के ताशकंद मे अतिरिक्त 48 घंटे रुकने की पेशकश की थी। फीफा ने सोमवार को भारत को तीसरे पक्ष से अनुचित प्रभाव के कारण निलंबित कर दिया था।

# कीस ने दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी स्वियातेक को हराया

**भाषा।** मेसन

**अमेरिका** की मेडिसन कीस ने वेस्टर्न एंड सदर्न ओपन क्वार्टर फाइनल में दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी इगा स्वियातेक को 6-3, 6 -4 से हरा दिया। दो बार की ग्रैंडस्लैम चैम्पियन स्वियातेक ने जून में फ्रेंच ओपन जीतने के बाद से चार टूर्नामेंटों में अंतिम 16 से आगे प्रवेश नहीं किया है। विश्व रैंकिंग में 24वें स्थान पर काबिज कीस ने शीर्ष रैंकिंग वाली खिलाड़ी के खिलाफ छह मैचों में पहली जीत दर्ज की है। अब उनका सामना विम्बलडन चैम्पियन एलेना रिबाकिना से होगा जिसने एलिसन रिस्के अमृतराज को 6-2, 6 -4 से हराया। पिछली अमेरिकी ओपन चैम्पियन और दसवीं वरीयता प्राप्त एम्मा राडुकानू को जेसिका पेगुला ने 7-5, 6-4 से मात दी। दो बार की चैम्पियन पेत्रा क्वितोवा ने पांचवीं वरीयता प्राप्त ओंस जबाउर को 6- ।, 4 -6, 6 -0 से हराया। पुरूष वर्ग में शीर्ष वरीयता प्राप्त दानिल मेदवेदेव ने डेनिस शापोवालोव को 7 -5, 7-5 से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई।अब उनका सामना 11वीं वरीयता प्राप्त टेलर फ्रिट्स से होगा जिन्होंने छठी वरीयता प्राप्त आंद्रेइ रूबलेव को 6 -7, 6-2, 7-5 से हराया।

# दक्षिण अफ्रीका ने इंग्लैंड को पारी से हराया

**भाषा।** लंदन

**एनरिच नोर्किया** की अगुआई में दक्षिण अफ्रीका के गेंदबाजों ने इंग्लैंड की बल्लेबाजी को तहस-नहस करके अपनी टीम को पहले टेस्ट क्रिकेट मैच में शुक्रवार को यहां तीसरे दिन पारी और 12 रन से बड़ी जीत दिलाई। दक्षिण अफ्रीका ने तीसरे दिन सुबह सात विकेट पर 289 रन से अपनी पहली पारी आगे बढ़ाई और अपनी पहली पारी में 326 रन बनाकर 161 रन की मजबूत बढ़त हासिल की। इंग्लैंड ने अपनी पहली पारी में 165 रन बनाए थे। इंग्लैंड की बल्लेबाजी दूसरी पारी में भी ताश के पत्तों की तरह बिखर गई और पारी की हार टालने में भी नाकाम रही। उसकी पूरी टीम दूसरी पारी में 149 रन पर आउट हो गई। दक्षिण अफ्रीका ने इस तरह से तीन मैचों की श्रृंखला में शुरुआती बढ़त हासिल की। इंग्लैंड का कोई भी बल्लेबाज दक्षिण अफ्रीका के तेज और स्पिन आक्रमण के सामने पूरे विश्वास के साथ नहीं खेल पाया। उसके केवल पांच बल्लेबाज दोहरे अंक में पहुंचे जिनमें सलामी बल्लेबाज एलेक्स लीज और आठवें नंबर के बल्लेबाज स्टुअर्ट ब्रॉड ने समान 35 रन बनाए। दक्षिण अफ्रीका की तरफ से नोर्किया ने तीन जबकि कैगिसो रबाडा, मार्को यानसेन और केशव महाराज ने दो-दो विकेट लिए। लॉर्ड्स में यह केवल चौथा अवसर है जबकि इंग्लैंड को पारी की हार का सामना करना पड़ा। इससे पहले आखिरी बार वह 2003 में दक्षिण अफ्रीका से ही पारी से हार गया था।



# पुरुष यूथ हैंडबॉल टीम बहरीन के लिए रवाना



**लखनऊ।** बहरीन में होने वाली नौंवी एशियन पुरुष यूथ हैंडबॉल चैंपियनशिप के लिए चयनित भारतीय पुरुष यूथ हैंडबॉल टीम शुक्रवार को नई दिल्ली से बहरीन के लिए रवाना हो गयी। इस चैंपियनशिप के लिए भारत की 18 सदस्यीय टीम चयनित की गयी है। हैंडबॉल एसोसिएशन इंडिया के अध्यक्ष ए.जगनमोहन राव व महासचिव डा.तेजराज सिंह ने बताया कि बहरीन में नौवीं एशियन पुरुष यूथ हैंडबॉल चैंपियनशिप का आयोजन आगामी 20 से 31 अगस्त 2022 तक किया जा रहा है। इसमें हिस्सा लेने के लिए भारतीय टीम के कुछ सदस्य 18 अगस्त को रवाना हुए थे जबकि कुछ सदस्य 19 अगस्त को देर रात रवाना होंगे। इस चैंपिनशिप के लिए भारतीय टीम के दल प्रमुख डा.आनन्देश्वर पाण्डेय बनाए गए है। उन्होंने भारतीय टीम को चैंपियनशिप के लिए सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन की शुभकामनाएं दी। भारतीय यूथ पुरुष हैंडबॉल टीम: दीक्षांत वशिष्ठ, आर्यन पटियाल, सौरभ कुमार शर्मा ,नयन शेखावत, दिनेश कुमार गुर्जर ,दीपक कुमार, सुबीर रॉय,आर्यन ब्राहमण,विशाल बलदेव साहू, स्वपनिल अनिल गावली ,विपुल, यश, हिमांशु , अमनिंदर सिंह, मनीष राज, रवि कार्तिकेयन, अश्वथ मारुथासलामूर्ति, अनबुशिम अरमुगम।

## जूडो में जसलीन व यामनी चमके




**लखनऊ।** के.डी. सिंह बाबू स्टेडियम, लखनऊ में चल रही सीनियर राष्ट्रीय जूडो प्रतियोगिता के दूसरे दिन मुकेष कुमार मेश्राम, प्रमुख सचिव, पर्यटन उत्तर प्रदेश, ने पदक विजेता खिलाड़ियों को पदक पहनाकर पुरस्कृत किया। प्रतियोगिता के दूसरे दिन खिलाड़ियों ने अपना दमखम और जूडो के कौशल दिखायें। बालक वर्ग : 66 किलो- स्वर्ण.-जसलीन , रजत-के विशाल, कांस्य-अक्षय , ईशान ,बालिका वर्ग : 57 किग्रा स्वर्ण- यामिनी ,रजत-एल बेमबेम , कांस्य- नवरूप, पूनम। यह जानकारी यू.पी. जूडो एसोसिएशन की महासचिव,आयषा मुनव्वर ने अपनी एक दीं।

## राष्ट्रीय पैरा एथलेटिक्स सुमित अंतिल, योगेश कथूनिया ने विश्व रिकॉर्ड बनाया



**बेंगलुरू।** तोक्यो पैरालंपिक चैम्पियन भाला फेंक खिलाड़ी सुमित अंतिल और रजत पदक विजेता चक्का फेंक खिलाड़ी योगेश कथूनिया ने शुक्रवार को यहां श्री कांतीर्वा स्टेडियम मे चल रही चौथी इंडियन ओपन राष्ट्रीय पैरा एथलेटिक्स चैपियनशिप मे नया विश्व रिकॉर्ड बनाया। सुमित ने अपनी स्पर्धा मे भाले को 68.62 मीटर की रिकॉर्ड दूरी तक फेंककर नया विश्व रिकॉर्ड बनाया। इस 24 वर्षीय पैरा खिलाड़ी का एफ64 वर्ग मे 68.55 मीटर का पिछला विश्व रिकॉर्ड पिछले साल तोक्यो खेलो मे बना था। उन्होने अपने छह प्रयासो के दौरान तीन बार विश्व रिकॉर्ड भी तोड़ा। दूसरी ओर योगेश ने चक्का फेंक स्पर्धा मे 48.34 मीटर के प्रयास के साथ नया विश्व रिकॉर्ड बनाया।

## कूल्हे की सर्जरी के कारण भारत के खिलाफ श्रृंखला नहीं खेल पाएंगी नाइट

**लंदन।** इंग्लैड की कप्तान हीथर नाइट कूल्हे की सर्जरी के कारण अगले महीने भारत के खिलाफ घरेलू श्रृंखला मे नही खेल पाएंगी। उनके साल के अंत तक क्रिकेट से दूर रहने की संभावना है। द हंड्रेड टूर्नामेंट के मौजूदा सत्र से बाहर नाइट के अक्टूबर मे होने वाली महिला बिग बैश लीग से भी बाहर होने की संभावना है। नाइट ने शुक्रवार को अस्पताल मे अपनी तस्वीर के साथ ट्वीट किया, मेरे कूल्हे की सर्जरी हुई है। दुर्भाग्य से इसके कारण मै भारत के खिलाफ श्रृंखला और महिला बिग बैश लीग से बाहर हो जाऊंगी लेकिन मेरा लक्ष्य साल के अंत तक वापसी करने का है। क्रिकेट से दूर रहने के समय का पूरा फायदा उठाना होगा और रिहैबिलिटेशन शुरू करना होगा। यह 31 वर्षीय क्रिकेटर जुलाई मे दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय के दौरान चोटिल हो गई थी। उन्हे श्रृंखला के दौरान दर्द कम करने के लिए कूल्हे के जोड़ो मे इंजेक्शन लेने पड़े।

## डूरंड कप फुटबाल : एफसी गोवा ने वायुसेना को हराकर वापसी की



**कोलकाता।** मौजूदा चैंपियन एफसी गोवा ने शुक्रवार को यहां भारतीय वायुसेना को।-0 से हराकर डूरंड कप फुटबाल टूर्नामेंट मे शानदार वापसी की। अपने पहले मैच मे हार का सामना करने वाली एफसी गोवा की तरफ से मोहम्मद नेमिल ने मैच का एकमात्र गोल किया। इस जीत से एफसी गोवा ग्रुप ए मे मोहम्मडन स्पोर्टिंग और बेंगलुरू एफसी की बराबरी पर पहुंच गया है। इन तीनो टीम के तीन-तीन अंक है। ग्रुप की अन्य टीम जमशेदपुर एफसी है। प्रत्एक ग्रुप से शीर्ष पर रहने वाली दो टीमे क्वार्टर फाइनल के लिए क्वालीफाई करेगी। नेमिल ने एफसी गोवा को शुरू मे ही बढ़त दिला दी थी जिसको टीम ने आखिर तक बरकरार रखा। नेमिल का यह टूर्नामेंट मे दूसरा गोल है।